निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



झारखंड विधानसभा में दिवंगत पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक के पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित करते सीएम हेमंत सोरेन

• बोकारो, बुधवार 15 जुलाई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 59 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देने के लिए सहकारिता नीति का ड्राफ्ट तैयार

# सहकारिता से जुड़ेंगे एक करोड़ ग्रामीण, मिलेगा रोजगार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देने और जमीनी स्तर पर रोजगार सृजन के लिए झारखंड राज्य सहकारिता नीति-2025 का मसौदा (ड्राफ्ट) तैयार कर लिया है। केंद्र सरकार की राष्ट्रीय सहकारिता नीति के अनुरूप तैयार की गई इस नीति का मुख्य विजन सहकार से समृद्धि की परिकल्पना को धरातल पर साकार करना है। फरवरी 2026 में अंतिम रूप दिए गए इस 39 पृष्ठों के ड्राफ्ट को अब जल्द ही कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जा सकता है। इस नई नीति का मुख्य लक्ष्य राज्य के शत-प्रतिशत शहरी और ग्रामीण परिवारों को सहकारिता नेटवर्क से जोड़ना है। नीति निर्माताओं का लक्ष्य आगामी 10 वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था में सहकारी क्षेत्र के योगदान को तीन गुना करना और कम से कम एक करोड़ लोगों को



इसके दायरे में लाना है। जानकारी के अनुसार झारखंड में सहकारिता का एक विशाल नेटवर्क मौजूद है लेकिन इसकी पूरी क्षमता का उपयोग होना अभी बाकी है। राज्य में वर्तमान में कुल 11,988 सहकारी समितियां निबंधित हैं। इन पंजीकृत समितियों में से केवल 7,903 समितियां ही वर्तमान में सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। वर्तमान में लगभग 27.55 लाख सदस्य सहकारिता से जुड़े हैं, जो राज्य के कुल परिवारों का मात्र 35.89 प्रतिशत आच्छादन है। झारखंड राज्य सहकारिता बैंक लिमिटेड का मुख्यालय रांची में है जिसके तीन क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ कुल 105 शाखाएं संचालित हैं। सहकारिता को एक जन आंदोलन बनाने और इसे आधुनिक रूप देने के लिए छह रणनीतिक मिशन स्तंभ निर्धारित किए गए हैं। नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में एक राज्य सहकारी नीति संचालन समिति और सहकारिता सचिव की अध्यक्षता में राज्य सहकारिता नीति कार्यान्वयन और निगरानी समिति का गठन किया जाएगा। जमीनी स्तर पर तकनीकी सहायता के लिए एक समर्पित प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) भी काम करेगी। इस नीति को तैयार करने के लिए निबंधक (सहयोग समितियां) के निर्देशन में एक नौ सदस्यीय विशेष समिति का गठन किया गया था। विशेषज्ञों का मानना है कि इस नीति के लागू होने से न केवल बिचौलियों का शोषण खत्म होगा बल्कि स्थानीय उत्पादों जैसे-लाह, महुआ, सोहराय खोवार पेंटिंग और हस्तशिल्प को झास्काप (झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव प्रोडक्ट) ब्रांड के तहत वैश्विक बाजार मिल सकेगा।

## रिश्वत लेते शिक्षा विभाग के दो कर्मी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गुमला।** भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जारी रखते हुए एसीबी ने मंगलवार को गुमला जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में छापेमारी कर दो कर्मियों को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई के बाद शिक्षा विभाग सहित अन्य सरकारी कार्यालयों में भी हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार एसीबी को शिकायत मिली थी कि शिक्षा विभाग के दो कर्मी एक सरकारी कार्य के एवज में रिश्वत की मांग कर रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले का सत्यापन कराया जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। निर्धारित योजना के तहत शिकायतकर्ता जैसे ही रिश्वत की राशि लेकर कार्यालय पहुंचा और दोनों कर्मियों ने पैसे स्वीकार किए, पहले से मौजूद एसीबी की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों को रंगेहाथ दबोच लिया। गिरफ्तार कर्मियों से पूछताछ की जा रही है। एसीबी की टीम आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रही है। कार्रवाई के बाद जिला शिक्षा विभाग में अफरा-तफरी का माहौल है।

## लापता व्यक्तियों के लिए हर जिले में बनेगी मॉनिटरिंग टीम

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने राज्य में गुम एवं बरामद व्यक्तियों से संबंधित मामलों की प्रभावी निगरानी और अनुसंधान के लिए सभी जिलों में स्थायी मॉनिटरिंग टीम गठित करने का निर्देश जारी किया है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय से आदेश जारी कर सभी वरीय पुलिस अधीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है। जारी आदेश के अनुसार प्रत्येक जिले में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) के नेतृत्व में चार सदस्यीय मॉनिटरिंग टीम बनाई जाएगी। टीम में एक पुलिस निरीक्षक, जिला में प्रतिनियुक्त सीआईडी का एक पदाधिकारी और दो एएसआई (एक पुरुष और एक महिला) शामिल होंगे।

### संक्षिप्त समाचार

## कोची नाला में युवक का शव मिलने से सनसनी

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** रजरप्पा थाना क्षेत्र के होन्हे स्थित कोची नाला से एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी है। मृतक की पहचान चितरपुर के रहमत नगर निवासी गुड्डू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गुड्डू सोमवार की शाम करीब पांच बजे घर से निकला था लेकिन रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों ने होन्हे स्थित कोची नाला में एक युवक का शव देखा और इसकी सूचना रजरप्पा थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया है।

## युवक ने की आत्महत्या

**पाकुड़(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के बड़ी अलीगंज में मंगलवार को एक शादीशुदा युवक ने घरेलू विवाद के चलते आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सोनाजोड़ी सदर अस्पताल भेज दिया। युवक की पहचान 30 वर्षीय राहुल राय के रूप में हुई है। नगर परिषद क्षेत्र के बड़ी अलीगंज वार्ड नंबर 2 स्थित राहुल राय के घर के एक कमरे में मंगलवार को उनका शव बेडशीट के सहारे लटका हुआ पाया गया।

## फुटपाथी दुकानदारों ने किया प्रदर्शन

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** नगर निगम द्वारा शहर में चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के खिलाफ मंगलवार को फुटपाथ दुकानदारों ने नगर निगम कार्यालय के समक्ष जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में पहुंचे रेहड़ी, ठेला, गुमटी और फुटपाथ पर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों ने निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों ने आरोप लगाया कि उन्हें बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था और बिना पूर्व सूचना के उनके व्यवसाय स्थल से हटाया जा रहा है।

## धोखाधड़ी मामले में रांची निवासी यूनियन बैंक का मैनेजर गिरफ्तार

**शिवहर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में धोखाधड़ी मामले में बड़ा एक्शन हुआ है। अदालती आदेश पर फतेहपुर थाना पुलिस ने यूनियन बैंक के मैनेजर को धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया है। मैनेजर की गिरफ्तारी के बाद बैंक का कामकाज ठप है। फतेहपुर थानाध्यक्ष राधेश्याम ने बताया है कि न्यायालय के आदेश पर यूनियन बैंक के मैनेजर झारखंड के रांची निवासी संतोष कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

## बकाया पैसों को लेकर हुए विवाद में वृद्ध की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** जिले के तिसरी प्रखंड के कुंडी गांव में डीजे के बकाया पैसों को लेकर हुए विवाद में 65 वर्षीय जागेश्वर भुला की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। यह घटना सोमवार शाम को हुई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रामा खेरवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, कुछ माह पहले जागेश्वर भुला के घर में एक शादी समारोह था। इस दौरान उनके कहने पर गांव के रामा खेरवार ने 13 हजार रुपये में डीजे की व्यवस्था की थी। आरोप है कि समारोह के बाद भी जागेश्वर भुला ने डीजे का किराया नहीं चुकाया। इसके बाद रामा खेरवार को स्वयं डीजे संचालक का बकाया भुगतान करना पड़ा। तब से वह लगातार जागेश्वर भुला से अपनी राशि वापस मांग रहा था। सोमवार को रामा खेरवार एक बार फिर बकाया रकम मांगने जागेश्वर भुला के घर पहुंचा। इसी दौरान दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। आरोप है कि गुस्से में रामा खेरवार ने लाठी से जागेश्वर भुला के सिर पर वार कर दिया जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मनसाडीह ओपी प्रभारी अरविंद ठाकुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मनसाडीह ओपी लाया और मंगलवार को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी रामा खेरवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। खोरीमहुआ के एसडीपीओ अमरेंद्र कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि कुंडी गांव में आपसी विवाद के दौरान एक व्यक्ति की मौत हुई है।

# पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक का निधन, दी गयी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**रांची/धनबाद।** झारखंड की राजनीति और कोयलांचल के श्रमिक आंदोलन से एक बड़ी खबर सामने आई है। राज्य के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मन्नान मल्लिक का मंगलवार सुबह रांची के पल्स अस्पताल में निधन हो गया। उन्होंने 83 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही धनबाद सहित पूरे झारखंड में शोक की लहर दौड़ गई। कांग्रेस नेताओं, श्रमिक संगठनों और उनके समर्थकों ने इसे सार्वजनिक जीवन की बड़ी क्षति बताया है। मन्नान मल्लिक का राजनीतिक सफर संगठन से शुरू होकर विधानसभा और मंत्री पद तक पहुंचा। वर्ष 2009 में उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर धनबाद विधानसभा सीट से जीत दर्ज की। इसके बाद हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार में उन्हें मंत्री बनने का अवसर मिला। मंत्री रहते हुए उन्होंने जनहित और विकास से जुड़े कई विषयों पर काम किया। इससे पहले वे लंबे समय तक धनबाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में संगठन को मजबूत करने में जुटे रहे। राजनीति में सक्रिय होने से पहले उन्होंने तत्कालीन बिहार के मुख्यमंत्री अब्दुल गफूर के निजी सचिव के रूप में भी जिम्मेदारी निभाई थी। झारखंड के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मन्नान मल्लिक को मंगलवार को पूरे सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी गई। उनका पार्थिव शरीर पहले झारखंड विधानसभा लाया गया जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई जनप्रतिनिधियों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव शरीर को रांची स्थित कांग्रेस भवन लाया गया जहां कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। विधानसभा के बाद पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रांची स्थित कांग्रेस भवन लाया गया। यहां बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नेताओं ने मन्नान मल्लिक के राजनीतिक और सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका निधन केवल कांग्रेस ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड और भारतीय राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है।

# राहुल दुबे गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चतरा।** चतरा पुलिस ने कुख्यात राहुल दुबे गिरोह के तीन गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कोयलांचल में लेवी (रंगदारी) के लिए दहशत फैलाने की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से खदान क्षेत्रों में एक बड़े संभावित हादसे को टाल दिया गया है। पकड़े गए अपराधियों में बोकारो के रहने वाले संजय मूर्ति और आलोक कुमार सिंह के अलावा हजारीबाग का अजय करमाली शामिल है। पुलिस ने इनके पास से एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, 6 जिंदा गोलियां, 3 मोबाइल फोन और एक बाइक बरामद की है। टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने बताया कि ये अपराधी आम्रपाली और राजधर साइडिंग



में फायरिंग करने के लिए ही पिपरवार में इकट्ठा हुए थे। पूछताछ में इन्होंने यह भी कबूल किया है कि वे पहले भी राहुल दुबे के इशारे पर लेवी की मांग और कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। इन अपराधियों ने चतरा के आम्रपाली, अशोका माइंस और राजधर साइडिंग के साथ-साथ रामगढ़ के बरकाकाना, हजारीबाग के केरेडारी और रांची के खेलारी जैसे कई महत्वपूर्ण कोयला क्षेत्रों की रेकी भी कर ली थी।

## ससुराल वालों ने विवाहिता की हत्या कर फंदे से लटकाया

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के रजवाडीह गांव में 25 साल की महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। मृतका की पहचान मिथिलेश साव की पत्नी मनीषा देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मनीषा की शादी महज 14 महीने पहले हुई थी। उसका दो माह का एक छोटा बच्चा भी है। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की छानबीन शुरू कर दी। घटना के समय मृतका का पति रोजगार के सिलसिले में घर से बाहर बताया जा रहा है। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मनीषा देवी की शादी पिछले साल अप्रैल में हुई थी।

## खेत जोतने के दौरान विवाद, बुजुर्ग को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर थाना अंतर्गत हुटुकदाग में खेत जोतने के दौरान मेड़ के विवाद में फायरिंग की घटना हुई है। इस फायरिंग में विश्वंभर लोहरा नामक 60 वर्षीय बुजुर्ग को पेट में गोली लगी है। विश्वंभर लोहरा को इलाज के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद छतरपुर थाना प्रभारी सौरव चौबे के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंची है और पूरे मामले में छानबीन शुरू कर दी है। छतरपुर थाना प्रभारी सौरव चौबे ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर अनुसंधान कर रही है और पूरे मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस को प्रारंभिक तौर पर जानकारी मिली है कि जमीन के विवाद में घटना हुई है। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में हॉस्पीटल टीओपी की टीम ने जख्मी विश्वंभर लोहरा का फर्ज बयान लिया है और उनसे पूछताछ की है। विश्वंभर ने पुलिस को बताया है कि वह खेत की जुताई करवाने के दौरान मेड़ (स्थानीय भाषा में आरी) को लेकर विवाद हुआ था। उनका यह विवाद अपने गोतिया के साथ हुआ था। इसी विवाद में उन्हें गोली मारी गई है। परिजन एवं स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में परिजन अस्पताल पहुंचे हैं।


# खाद की कीमतों पर रखें निगरानी : वित्त मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू के डीआरडीए सभागार में मंगलवार को जिला परिषद बोर्ड की उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर मौजूद हुए। इस दौरान क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और विकास योजनाओं पर गहन चर्चा की गयी। बैठक में वित्त मंत्री ने ऊंचे दामों पर खाद की बिक्री की लगातार मिल रही शिकायतों पर नाराजगी जताई। उन्होंने जिला प्रशासन और कृषि अधिकारियों को खाद की कीमतों की निगरानी रखने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही किसानों का शोषण करने वाले दुकानदारों और बिचौलियों पर त्वरित कानूनी कार्रवाई करने को कहा, ताकि किसानों को उचित मूल्य पर खाद मिल सके। बैठक में पडवा प्रखंड के सिक्का गांव में एक ही



परिवार के छह लोगों की मौत का गंभीर मामला प्रमुखता से उठा। बैठक में इस त्रासदी पर गहरी चिंता व्यक्त की गयी। परिवार के दो बीमार सदस्यों अनुज मेहता और सुनील मेहता के इलाज की स्थिति के बारे में मंत्री ने अधिकारियों से सीधे सवाल किये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर कड़ा रुख अपनाते हुए पूछा कि आखिर इलाज में इस तरह की लापरवाही क्यों हो रही है। उन्होंने बीमारों को तत्काल बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। राधाकृष्ण किशोर ने बीमारों के इलाज में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। वित्त मंत्री ने कृषि विभाग के कामकाज की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि खरीफ फसल को लेकर विभाग के पास वर्तमान में क्या ठोस योजना है। मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मॉनसून के इस सीजन में किसानों को खेती के लिए खाद की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। यूरिया खाद की कमी और कलाबाजारी को लेकर राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने खाद-बीज दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान में तालिका बोरड नहीं लगाये जाने पर मंत्री ने नाराजगी जतायी। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को दो खुदरा दुकान का लाइसेंस रद्द करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष अनीता कुमारी, उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह सहित सभी जिप सदस्य, प्रखंड प्रमुख व विधायकों के प्रतिनिधि मुख्य रूप से शामिल हुए।




C M Y K

# शादी से तीन दिन पहले मंगेतर और साढ़ू ने की नीरज की हत्या, जंगल में फेंका शव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** जमुआ थाना क्षेत्र के बहुचर्चित नीरज हाजरा अपहरण एवं हत्याकांड का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। इस मामले में मृतक की होने वाली पत्नी और उसके साढ़ू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग था और इसी कारण शादी से पहले नीरज को रास्ते से हटाने की साजिश रची गई। हत्या के बाद शव को बिहार के जमुई जिले स्थित बेला जंगल में फेंक दिया गया था।




खोरीमहुआ के एसडीपीओ अमरेंद्र कुमार ने सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि जमुआ थाना क्षेत्र के भिखोडीह निवासी 20 वर्षीय नीरज हाजरा राजस्थान में मजदूरी करता था। उसकी शादी 7 जुलाई को तय थी। शादी में शामिल होने के लिए वह 4 जुलाई को अपने गांव लौटा, लेकिन उसी दिन संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया 5 जुलाई को नीरज के पिता सुभाष हाजरा ने जमुआ थाना में पुत्र की गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसके आधार पर कांड संख्या 201/2026 दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। इसी दौरान जमुई जिले के बेला जंगल से एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान बाद में नीरज हाजरा के रूप में हुई। घटना से परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया था गिरिडीह पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार के निर्देश पर गठित विशेष छापेमारी दल ने तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सबूतों के आधार पर कार्रवाई करते हुए उर्मिला कुमारी और सुभाष पासवान को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि उनके बीच प्रेम संबंध था, जबकि उर्मिला की शादी नीरज हाजरा से तय कर दी गई थी। इसी कारण दोनों ने मिलकर नीरज की हत्या की योजना बनाई और वारदात को अंजाम देने के बाद शव को जंगल में फेंक दिया।पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त होंडा स्कूटी और दो चाकू भी बरामद कर लिए हैं।

इस पूरे मामले के खुलासे में एसडीपीओ अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में इंस्पेक्टर प्रदीप दास, जमुआ थाना प्रभारी विभूति देव, पुलिस अवर निरीक्षक रोहित कुमार सिंह, छाया किस्कू, रोशन कुमार, मणिलाल सिंह, संजय यादव, सहायक अवर निरीक्षक सुमित कुमार सिंह, वेद प्रकाश पांडे एवं अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही पुलिस का कहना है कि मामले में सभी आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की जा रही है और आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# नीति तारा प्लेटफॉर्म से विकास योजनाओं की निगरानी होगी और प्रभावी, अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिला प्रशासन ने नीति आयोग के प्रभावी उपयोग से आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी ) और आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम



सहयोग से जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के लिए नीति तारा टूलकित फोर एनालिसिस , रिव्यु एक्शन प्लेटफॉर्म पर क्षमता निर्माण एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों को डिजिटल गवर्नेंस, डेटा आधारित योजना निर्माण तथा विकास योजनाओं की प्रभावी निगरानी के लिए प्रशिक्षित करना था उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि सुशासन और विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तकनीक एवं साक्ष्य आधारित निर्णय प्रक्रिया समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि नीति तारा प्लेटफॉर्म वास्तविक समय के आंकड़ों के आधार पर योजनाओं की समीक्षा, प्रगति की निगरानी और त्वरित निर्णय लेने में प्रशासन की मदद करेगा।उपायुक्त ने कहा कि इस प्लेटफॉर्म के (एबीपी) के तहत विकास कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता सुनिश्चित होगी। उन्होंने अधिकारियों को प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी का व्यवहारिक उपयोग करते हुए योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन और जनसेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने का निर्देश दिया प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को नीति तारा प्लेटफॉर्म का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसमें रियल-टाइम डैशबोर्ड, भू-स्थानिक (जियोस्पैयल ) योजना उपकरण, अक्-सक्षम मीटिंग मिनट्स तैयार करने की सुविधा तथा ज्ञान संसाधनों के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, आईएएस प्रशिक्षु, जिला योजना पदाधिकारी सहित जिला एवं प्रखंड स्तर के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रोपनी के लिए जा रहा मजदूरों से भरा ट्रैक्टर पलटा, तीन महिलाओं की मौत

**अररिया ( नवबिहार टाइम्स ब्यूरो )।** दो वक्त की रोटी के लिए धान की रोपनी करने निकली तीन महिलाओं को शायद यह अंदाजा भी नहीं था कि मंगलवार की सुबह उनकी जिंदगी की आखिरी सुबह साबित होगी। खेतों में हरियाली उगाने निकले मजदूरों का सफर कुछ हीं पलों में मौत की दर्दनाक दास्तान बन गया। भरगामा थाना क्षेत्र में मजदूरों से भरा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर किनारे गहरे गड्ढे में पलट गया। हादसे में तीन महिला मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। इस घटना ने घटनास्थल से लेकर मृतकों के गांव तक शोक की लहर दौड़ा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सिरसियाकला पंचायत के करीब 25 से 27 महिला-पुरुष मजदूर महिंद्रा ट्रैक्टर पर सवार होकर धान की रोपनी के लिए खेत जा रहे थे। ट्रैक्टर सिरसिया हनुमानगंज पंचायत के वार्ड संख्या-14 एवं रघुनाथपुर उत्तर पंचायत के वार्ड संख्या-13 की सीमा पर स्थित परिहारी-वैतरणी नहर के समीप पहुंचा हीं था कि नाबालिग ट्रैक्टर चालक का संतुलन बिगड़ गया। देखते हीं देखते ट्रैक्टर नहर किनारे गहरे गड्ढे में पलट गया और उस पर सवार मजदूर उसके नीचे दब गए। हादसा इतना भीषण था कि नैया देवी पति कारी मंडल और मीरा देवी पति बबलू मंडल ने घटनास्थल पर हीं दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल रंजू देवी पति किशोर मंडल ने भरगामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। तीनों मृतक महिलाएं सिरसियाकला पंचायत के वार्ड संख्या-4 की



निवासी थीं। दुर्घटना में लालो देवी, सुनीता देवी,सरिता देवी,शांति देवी,रिंकू देवी,रीता देवी,मंजू देवी तथा पूजा कुमारी समेत कई अन्य मजदूर घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को तत्काल भरगामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। इस बीच नरपतगंज विधायक देवयंती यादव भी मौके पर पहुंची और अपनी गाड़ी से कई घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे की सूचना मिलते हीं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर के नीचे दबे मजदूरों को बाहर निकाला और राहत कार्य में जुट गए। उधर, जैसे हीं हादसे की खबर सिरसियाकला गांव पहुंची, तीनों परिवारों में कोहराम मच गया। जिन घरों से सुबह महिलाएं मजदूरी के लिए निकली थी, वहीं दोपहर तक उनके शव पहुंचने की खबर ने पूरे गांव को गम में डुबो दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। सूचना मिलते हीं भरगामा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की तथा पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, अररिया भेज दिया। भरगामा थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर हादसे में तीन महिलाओं की मौत की सूचना की पुष्टि हुई है। घायलों की संख्या के संबंध में अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

### भूमि विवाद में हसुआ के वार से युवक घायल

**अमदाबाद/कटिहार ( नवबिहार टाइम्स ब्यूरो )।** नगर पंचायत क्षेत्र के पासवान टोला गांव में विगत रात करीब नौ बजे भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। मारपीट के दौरान एक पक्ष की ओर से निर्मल राम के सिर पर हसुआ से वार कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमदाबाद लाया गया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. साकेश कुमार ने बताया कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। उन्होंने बताया कि निर्मल राम के सिर में गहरा जख्म है।घटना के संबंध में दोनों पक्षों ने अमदाबाद थाना में आवेदन देकर एक-दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी सह अपर थानाध्यक्ष विजय कुमार राम ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए विष्णु राम एवं किशन राम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### पाकिस्तान आधारित गैंगस्टर से सोशल मीडिया पर संपर्क के आरोप में युवक गिरफ्तार

**कोढा/कटिहार ( नवबिहार टाइम्स ब्यूरो )।** कोढ़ा पुलिस ने पाकिस्तान आधारित गैंगस्टर के नेटवर्क से कथित रूप से जुड़े होने और सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार संपर्क बनाए रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में कोढ़ा थाना कांड संख्या 229/26 दिनांक 13 जुलाई 2026 दर्ज किया गया है। मामले में भारतीय न्याय संहिता बीएनएस 2023 की धारा 152, 113(3), 353, 353(1)(बी) तथा आईटी एक्ट की धारा 66(एफ) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार गोपनीय सूचना के आधार पर पता चला कि मूसापुर निवासी मोहम्मद अहद पिता



मोहम्मद आलम विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से पाकिस्तान आधारित गैंगस्टर राना हुनैन उर्फ राना हुसैन के नेटवर्क से कथित रूप से जुड़ा हुआ था। आरोप है कि वह गैंगस्टर के विभिन्न सोशल मीडिया आईडी के संपर्क में रहकर संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त था तथा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहा था।सूचना की गंभीरता को देखते हुए कोढ़ा थाना पुलिस ने त्वरित एवं विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान उसकी तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस ने मोबाइल को विधिवत जब्त कर लिया है और उसे तकनीकी जांच के लिए भेजे जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।पुलिस का कहना है कि बरामद मोबाइल और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच के आधार पर मामले की विस्तृत पड़ताल की जाएगी, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि अभियुक्त किन-किन लोगों के संपर्क में था और उसकी गतिविधियों का दायरा क्या था। फिलहाल अभियुक्त से पूछताछ जारी है तथा उसके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# समाहरणालय में मतदाता सहायता केंद्र बना लोगों का सहारा

## वोटर सूची की समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला समाहरणालय में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान के तहत स्थापित मतदाता सहायता केंद्र आम नागरिकों के लिए राहत का केंद्र बन गया है। यहां मतदाता सूची से संबंधित शिकायतों और तकनीकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है, जिससे योग्य मतदाता बिना किसी परेशानी के अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें सहायता केंद्र पर वोटर आईडी में नाम सुधार, नया नाम जोड़ने, पता परिवर्तन, नाम विलोपन सहित अन्य आवश्यक कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है। केंद्र में आने वाले प्रत्येक




आवेदक की समस्या सुनकर उसका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है तथा आवेदन प्रक्रिया में भी सहयोग दिया जा रहा है केंद्र के सुचारू संचालन के लिए हेल्प डेस्क मैनेजर विराट तिवारी और मनमोहन रवानी लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। दोनों कर्मी मतदाताओं को आवश्यक जानकारी देने के साथ-साथ उनके आवेदनों की डिजिटल एवं दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी कराने में भी सहायता कर रहे हैं जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि यदि मतदाता सूची या वोटर आईडी से संबंधित किसी प्रकार की समस्या हो तो वे समाहरणालय स्थित मतदाता सहायता केंद्र पहुंचकर इसका लाभ उठाएं। केंद्र पर सुबह से शाम तक मतदाताओं को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पथरगामा (गोड्डा)।** बारकोप मोड़ स्थित मंडप विवाह भवन के सामने मंगलवार को रॉन्ग साइड से आ रही एक अज्ञात कार ने गोड्डा की ओर जा रही एक मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक बरमसिया निवासी महावीर रमानी गंभीर रूप से घायल हो गए घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से पथरगामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मोहन पासवान ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें गोड्डा सदर अस्पताल रेफर कर दिया डॉ. पासवान ने बताया कि घायल के बाएं पैर में फ्रैक्चर है और सिर में भी गंभीर चोट लगी है, जिसके कारण उसे उच्च चिकित्सा केंद्र भेजा गया घटना के बाद एक बार फिर रॉन्ग साइड वाहन चलाने की समस्या चर्चा में आ गई है। लगातार वाहन जांच और अभियान चलाए जाने के बावजूद कई वाहन चालक नियमों की अनदेखी करते हुए रॉन्ग साइड से वाहन चला रहे हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने ऐसे लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# 25 साल बाद भी विकास से कोसों दूर बेलडीह-परसन सड़क

## बरसात में कीचड़ से बढ़ती मुश्किलें, ग्रामीणों ने सड़क के कालीकरण की उठाई मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड गठन के 25 वर्ष बीत जाने के बावजूद जमुआ प्रखंड की तेलोनारी पंचायत के बेलडीह, परसन समेत दर्जनों गांवों के ग्रामीण आज भी पक्की सड़क की सुविधा से वंचित हैं। सरकारें बदलीं, विकास के दावे हुए, लेकिन बेलडीह-परसन की करीब पांच किलोमीटर लंबी सड़क आज भी कच्ची है। बरसात के दिनों में यह सड़क कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाती है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन बेहद कठिन हो जाता है।पंचायत के कई गांवों के लोग बनहती से छोटकी खरगडीहा जाने वाली मुख्य पक्की सड़क तक पहुंचने के लिए इसी जर्जर सड़क पर निर्भर हैं। यह सड़क आरईओ विभाग के अधीन है, लेकिन अब



तक इसका कालीकरण नहीं हो सका है ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की बदहाली से सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, बीमारों और गर्भवती महिलाओं को उठानी पड़ती है। बारिश के दौरान सड़क पर जलजमाव और फिसलन के कारण मरीजों को अस्पताल पहुंचाना भी बड़ी चुनौती बन जाता है।जानकारी के अनुसार, मनरेगा के तहत सड़क पर मिट्टी-मोरम बिछाने और कुछ पुलियों का निर्माण कराया गया था, लेकिन पक्की सड़क का सपना आज भी अधूरा है। सड़क की जर्जर स्थिति से इलाके के दर्जनों गांवों की बड़ी आबादी प्रभावित हो रही है ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से अविलंब सड़क का कालीकरण कराने की मांग की है, ताकि वर्षों से चली आ रही समस्या का समाधान हो सके इस संबंध में आरईओ विभाग के कनीय अभियंता (जेई) फैयाज आलम ने बताया कि बेलडीह-परसन सड़क का रोडमैप विभाग के पास उपलब्ध नहीं है और अब तक किसी जनप्रतिनिधि की अनुशंसा भी प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि विधायक की अनुशंसा मिलने के बाद सड़क के कालीकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। अब ग्रामीणों की निगाहें जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की पहल पर टिकी हैं।

# बेंगाबाद के सोनबाद में रहस्यमय पत्थरबाजी से दहशत, पुलिस के सामने भी बरसते रहे ईंट-पत्थर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के सोनबाद गांव में पिछले एक सप्ताह से हो रही रहस्यमयी पत्थरबाजी ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना दिया है। हैरानी की बात यह है कि लगातार छह दिनों से घटनास्थल पर कैंप कर रही पुलिस टीम की मौजूदगी में भी मकान पर ईंट-पत्थर गिरते रहे, लेकिन अब तक पत्थर फेंकने वाले का कोई सुराग नहीं मिल सका है जानकारी के अनुसार सोनबाद निवासी रेनू देवी के घर पर दिन-रात अचानक ईंट और पत्थर गिर रहे हैं। शाम होते ही पत्थरबाजी की घटनाएं तेज हो जाती हैं। लगातार हो रही पत्थरबाजी से मकान की एस्बेस्टस छत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जबकि भयभीत परिवार रातभर जागकर समय बिताने को मजबूर है घटना की सूचना मिलते ही बेंगाबाद थाना प्रभारी अमन कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पिछले पांच छह दिनों से लगातार निगरानी कर रही है। पुलिस ने घर के आसपास की झाड़ियों की सफाई कराई, पूरे इलाके की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया। संदिग्धों को बाहर निकालने के उद्देश्य से रात में पटाखे भी फोड़े गए, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली थाना प्रभारी अमन कुमार सिंह ने बताया कि वे स्वयं पुलिस टीम के साथ मौके पर मौजूद थे। उनके सामने भी मकान की छत पर ईंट-पत्थर गिरे, लेकिन पत्थर किस दिशा से आए और किसने फेंके, इसका कोई पता नहीं चल सका।घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। कुछ ग्रामीण इसे अलौकिक घटना या देवी-देवताओं की नाराजगी से जोड़कर देख रहे हैं। हालांकि पुलिस ने ऐसी अटकलों को खारिज करते हुए कहा है कि मामले की वैज्ञानिक और तकनीकी तरीके से जांच की जा रही है फिलहाल पुलिस की निगरानी जारी है, लेकिन छह दिन बीत जाने के बावजूद यह रहस्यमयी पत्थरबाजी पुलिस और ग्रामीणों दोनों के लिए पहेली बनी हुई है।

# पुनर्वसु नक्षत्र भी रहा सूखा, बारिश नहीं होने से किसान चिंतित

## धान की रोपाई ठप, सूखने लगे खेत, अच्छी वर्षा नहीं हुई तो खरीफ फसलों पर पड़ेगा प्रतिकूल असर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** आद्रा नक्षत्र के बाद किसानों को पुनर्वसु नक्षत्र में अच्छी बारिश की उम्मीद थी, लेकिन पर्याप्त वर्षा नहीं होने से क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ गई है। बारिश के अभाव में धान की खेती प्रभावित होने लगी है। खेतों में नमी की कमी से कई जगह दरारें पड़ गई हैं और धान के पौधे मुरझाने लगे हैं खोरीमहुआ अनुमंडल क्षेत्र के झारखंड धाम, परसन, जमुआ तथा आसपास के गांवों के किसानों ने धान की नर्सरी तो तैयार कर ली है, लेकिन खेतों में पर्याप्त पानी नहीं होने के कारण रोपाई का कार्य ठप पड़ा है। जिन किसानों ने शुरूआती बारिश के भरोसे धान की रोपाई कर दी थी, उनके खेत भी अब सूखने लगे हैं।किसानों का कहना है कि खेती पूरी तरह मानसून पर निर्भर है। यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो धान उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ेगा और उनकी मेहनत के साथ-साथ खेती में लगी पूंजी भी संकट में पड़ जाएगी कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है कि अगले कुछ दिनों तक पर्याप्त वर्षा नहीं होने पर धान की रोपाई और खरीफ फसलों की बुआई और अधिक प्रभावित हो सकती है। ऐसे में किसान अच्छी बारिश की उम्मीद में आसमान की ओर टकटकी लगाए हुए हैं।क्षेत्र के किसान रविंद्र पांडा, निरंजन सिंह, मदन वर्मा, लखन महतो, अनिल सिंह, बनारस राय, सरोज सिंह समेत कई अन्य किसानों ने बताया कि समय पर बारिश नहीं होने से खेती का पूरा चक्र प्रभावित हो रहा है। उनका कहना है कि यदि जल्द मानसून मेहरबान नहीं हुआ तो इस वर्ष धान की पैदावार पर गंभीर असर पड़ सकता है।

### पांच टीबी मरीजों के बीच पोषण आहार का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के साहेबनगर पंचायत के पंचायत भवन साहेबनगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही की ओर से साहेबनगर पंचायत में टीबी मुक्त कार्यक्रम के तहत संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। इस संध्या चौपाल में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रेम राज, मुखिया प्रतिनिधि मो. तज्जमुल हक ने संयुक्त रूप से कुल पांच टीबी मरीजों को पोषण आहार का वितरण किए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी ने कहा कि जो भी लोग इस बीमारी से ग्रसित हैं। वह जल्द से जल्द अस्पताल से संपर्क कर अपना इलाज करवा सकते हैं जिन्हें सभी तरह की दवाइयां निःशुल्क दी जाएगी तथा निश्चय मित्र के द्वारा पोषण आहार भी दिया जाएगा।

# मिजार्गंज के अहरडीह में अवैध आरा मिल पर वन विभाग का छापा

## गोलु साव के संचालित आरा मिल की हुई जांच, वन अधिनियम उल्लंघन के पहलुओं की पड़ताल, ग्रामीणों की जुटी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जमुआ वन विभाग की टीम ने मंगलवार को प्रखंड के मिजार्गंज पंचायत स्थित अहरडीह गांव में संचालित एक कथित अवैध आरा मिल पर छापेमारी की। यह कार्रवाई गोलु साव पिता- स्वर्गीय प्रदीप साव द्वारा संचालित आरा मिल में की गई छापेमारी के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। अभियान का नेतृत्व फॉरेस्टर कुमार मंगलम एवं संत कुमार देव ने किया।

वन विभाग की टीम ने आरा मिल का निरीक्षण कर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की तथा वन अधिनियम के



संभावित उल्लंघन से जुड़े बिंदुओं की पड़ताल की वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी विभाग ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति संचालित आरा मिलों तथा अवैध लकड़ी कटाई और कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही लोगों से वन संपदा की सुरक्षा में सहयोग करने और किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल वन विभाग को देने की अपील की गई।

# पीएम आवास योजना का फ्लैट किराये पर देने वालों पर नगर निगम सख्त, 232 लाभुकों को नोटिस



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत आवंटित फ्लैटों को अवैध रूप से किराये पर देने वालों के खिलाफ रांची नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। निगम ने धुर्वा स्थित लाइट हाउस प्रोजेक्ट में आवंटित आवासों के दुरुपयोग की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए 232 लाभुकों को नोटिस जारी किया है। नगर निगम की प्रारंभिक जांच में पाया गया कि कई लाभुक स्वयं अपने आवंटित फ्लैट में नहीं रह रहे हैं, बल्कि उन्हें किराये पर देकर प्रधानमंत्री आवास योजना के उद्देश्य को विफल कर रहे हैं। निगम के अनुसार यह प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की एसओपी की कंडिका-16 का स्पष्ट उल्लंघन है, जिसके तहत आवंटित आवास को किराये पर देना पूरी तरह प्रतिबंधित है।रांची नगर निगम द्वारा जारी नोटिस में संबंधित लाभुकों को निर्देश दिया गया है कि वे 24 घंटे के भीतर अपने आवंटित आवास में निवास करने का प्रमाण प्रस्तुत करें और निगम को इसकी जानकारी दें। यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर संतोषजनक जवाब या आवश्यक साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराए गए तो संबंधित आवास का आवंटन रद्द करने की प्रक्रिया तत्काल शुरू कर दी जाएगी।

नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य जरूरतमंद और पात्र परिवारों को स्थायी आवास उपलब्ध कराना है। यदि कोई लाभुक आवंटित फ्लैट को किराये पर देकर योजना का दुरुपयोग करता है, तो यह नियमों का गंभीर उल्लंघन है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी लाभुक निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना पक्ष और आवश्यक साक्ष्य प्रस्तुत करें, अन्यथा नियमानुसार आवंटन रद्द करने सहित कठोर कार्रवाई की जाएगी।

रांची नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना आर्थिक रूप से कमजोर और पात्र परिवारों को स्थायी आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। ऐसे में योजना का किसी भी प्रकार का दुरुपयोग, फ्लैटों की अवैध किरायेदारी या नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। निगम ने संकेत दिया है कि भविष्य में भी इस तरह के मामलों की जांच जारी रहेगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल : बाबू लाल मरांडी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चाईबासा।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोला है। बाबूलाल मरांडी पश्चिमी सिंहभूम के मेघाहातुबुरू स्थित सेल गेस्ट हाउस में मीडिया से बातचीत के क्रम में कहा कि झारखंड में कानून-व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है और हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है।



**कानून व्यवस्था संभालने में राज्य सरकार विफल: बाबूलाल**

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में अपराध लगातार बढ़ रहा है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस अपराध नियंत्रण के बजाय अवैध कोयला और बालू कारोबार पर ध्यान दे रही है। आम लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, जबकि सरकार व्यवस्था संभालने में नाकाम साबित हो रही है।

**अवैध खनन का भी उठाया मुद्दा**

बाबूलाल मरांडी ने अवैध बालू खनन का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पूरे राज्य में यह कारोबार खुलेआम चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे होने वाली अवैध कमाई का लाभ सत्ता के शीर्ष नेताओं तक पहुंच रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षित युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं, जबकि शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था भी बदहाल है।

पश्चिमी सिंहभूम जिले में डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट के फंड में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए बाबूलाल मरांडी ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, पूर्व मंत्री बड़कुंवर गागराई, जेबी तुबिद, मंगल गिलुवा सहित भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**हो समाज ने सौंपा स्मरण पत्र**

कार्यक्रम के दौरान आदिवासी हो समाज युवा महासभा की केंद्रीय समिति ने राष्ट्रीय संगठन सचिव गोपी लागुरी के नेतृत्व में बाबूलाल मरांडी को एक स्मरण पत्र सौंपा। स्मरण पत्र में केंद्र सरकार से हो भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने और सरना धर्म कोड लागू करने की मांग की। इस मौके पर गोपी लागुरी ने कहा कि हो समाज लंबे समय से अपनी भाषा और धार्मिक पहचान को संवैधानिक मान्यता दिलाने के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेगी। इस मौके पर कमल किशोर सिरका, माधव चंद्र कोड़ा, उम्लन हेस्सा, धनुर्जय लागुरी, संतोष पांडा समेत समाज के कई प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# 650 छात्रों पर सिर्फ 4 शिक्षक, 6.80 करोड़ की स्कूल बिल्डिंग हैंडओवर से पहले दरकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो।** जिले के चंद्रपुरा प्रखंड स्थित तेलो के उत्क्रमित नेहरू प्लस टू उच्च विद्यालय की स्थिति बदहाल है। 1957 में बने इस स्कूल में 650 छात्र, सिर्फ 4 शिक्षकों के भरोसे पढ़ रहे हैं। जबकि 6.80 करोड़ की लागत से बनाई गई नई बिल्डिंग हैंडओवर से पहले ही दरक गई है।

बोकारो के चंद्रपुरा में शिक्षा व्यवस्था की पोल खोलती एक तस्वीर सामने आई है। तेलो का नेहरू प्लस टू स्कूल, जहां 650 छात्र नामांकित हैं, लेकिन पढ़ाने के लिए सिर्फ 4 शिक्षक हैं। वहीं 6.80 करोड़ रुपये से बनी नई बिल्डिंग हैंडओवर से पहले ही दरारों से भर गई है।

**स्कूल में विज्ञान, गणित और अंग्रेजी के शिक्षक नहीं**

1957 में स्थापित यह स्कूल कभी पूरे क्षेत्र की शान था, लेकिन आज यहां विज्ञान, गणित और अंग्रेजी पढ़ाने वाला कोई शिक्षक नहीं है। स्कूल में एक फिजिकल, एक हिंदी, एक इतिहास और हेडमास्टर अजय चक्रवर्ती ही पदस्थापित हैं। हेडमास्टर कागजी काम में उलझे रहते हैं, यानी 650 बच्चों की पढ़ाई सिर्फ 2 शिक्षकों के सहारे चल रही है। सबसे बड़ी दिक्कत इंटरमीडिएट में है। कला, विज्ञान और वाणिज्य तीनों संकाय में पद ही सृजित नहीं हुए हैं। ऐसे में बच्चे बिना शिक्षक के भटक रहे हैं।

**भाजपा नेता सुरेश कुशवाहा ने उठाए सवाल**

भाजपा तेलो मंडल के अध्यक्ष सुरेश कुशवाहा ने स्कूल पहुंचकर प्रधानाचार्य से जानकारी ली और व्यवस्था पर सवाल उठाए। सुरेश कुशवाहा ने आरोप लगाया कि संवेदक ने बिल्डिंग की दरारों को



प्लास्टर और पुट्टी से छिपाने की कोशिश की, लेकिन छूते ही प्लास्टर झड़ने लगा। उन्होंने कहा कि ये बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ और सरकारी पैसे की बर्बादी है। उन्होंने मामले को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है।भाजपा नेता ने कहा कि डीईओ से मिलकर शिक्षकों की बहाली और भवन की जांच कराने की मांग करेंगे।

**इंटर की कक्षा के लिए शिक्षकों का पद सृजन नहीं**

वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय चक्रवर्ती ने माना कि स्कूल में शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि इंटर के लिए पद सृजन नहीं होने से बहाली भी नहीं हो पा रही है।

# राकांपा में अध्यक्ष पद को लेकर घमासान, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह ने भेजा कानूनी नोटिस



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची/मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद को लेकर विवाद गहरा गया है। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनेत्रा पवार की नियुक्ति को चुनौती देते हुए कानूनी नोटिस भेजा है। उनका आरोप है कि 26 फरवरी 2026 को संपन्न राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव पार्टी के संविधान और निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप नहीं हुआ। 9 जुलाई 2026 को जारी नोटिस में सच्चिदानंद सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से दोबारा चुनाव कराने की मांग की है। उनका कहना है कि पार्टी संगठन में लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान का पालन सर्वोपरि है तथा किसी भी पद पर नियुक्ति निर्धारित नियमों के तहत ही की जानी चाहिए। नोटिस में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनेत्रा पवार, कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल तथा राष्ट्रीय सचिव ब्रजमोहन श्रीवास्तव को पक्षकार बनाया गया है। साथ ही मांग की गई है कि नए चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संबंधित पदाधिकारियों की नियुक्ति को अमान्य माना जाए। सच्चिदानंद सिंह ने यह भी आग्रह किया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का चुनाव किसी स्वतंत्र एवं बाहरी चुनाव अधिकारी की निगरानी में कराया जाए, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और विवादों से मुक्त रहे। उल्लेखनीय है कि अजित पवार के निधन के बाद सुनेत्रा पवार ने पार्टी की कमान संभाली थी। बाद में उन्हें महाराष्ट्र का उपमुख्यमंत्री बनाया गया और सर्वसम्मति से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। अब सच्चिदानंद सिंह द्वारा उनकी नियुक्ति को कानूनी चुनौती दिए जाने के बाद पार्टी के भीतर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। फिलहाल सभी की निगाहें पार्टी नेतृत्व की अगली कार्रवाई और इस नोटिस पर लिए जाने वाले निर्णय पर टिकी हैं।


## पूर्व रेलवे

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा आसनसोल मंडल के तहत दुर्गापुर, जसीडीह और चित्तरंजन स्टेशनों पर प्रीमियम ब्राण्ड कैटरिंग आउटलेट के प्रावधान के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार हैः **नीलामी कैटलॉग सं. एएसएन-पीबीसीओ-26-8, क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैंः **एए/1,** एमएसएस-एएसएन-सीआरजे-पीएस-172-26-1, चित्तरंजन (सीआरजे) रेलवे स्टेशन (कैटेगरी-बी) पर 05 वर्ष के लिए नए एफओबी के पास उत्तरी भाग के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित 900 वर्गफीट के निर्दिष्ट क्षेत्र (संलग्न स्केच प्लान में दर्शित अनुसार) में प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट का प्रावधान। **एए/2,** एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-पीएस-168-26-1, दुर्गापुर (कैटेगरी-ए) रेलवे स्टेशन पर मेन स्टेशन बिल्डिंग के पास मौजूदा पीआरएस बिल्डिंग में स्थित 1050 वर्गफीट के निर्दिष्ट क्षेत्र (संलग्न स्केच प्लान में दर्शित अनुसार) में एक प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट का 05 वर्ष के लिए परिचालन और रखरखाव। **एए/3,** एमएसएस-एएसएन-जेएसएमई-पीएस-154-26-1, जसीडीह (कैटेगरी-ए) रेलवे स्टेशन पर 05 वर्ष के लिए एमएफसी बिल्डिंग के सामने पुराने सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित 600 वर्गफीट के निर्दिष्ट क्षेत्र (संलग्न स्केच प्लान में दर्शित अनुसार) में प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट का प्रावधान। **और ई-नीलामी की तिथि/समयः** दिनांक 23.07.2026 को 12.00 बजे (प्रत्येक हेतु)।

ASN-178/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# श्रावणी मेला में इस बार टोटो एंबुलेंस से मिलेगी प्राथमिक चिकित्सा, स्वास्थ्य विभाग सक्रिय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर।** राजकीय श्रावणी मेला को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। अधिकांश व्यवस्थाओं से संबंधित आदेश जारी किए जा चुके हैं और उन्हें धरातल पर उतारने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग ने भीड़भाड़ वाले मेला क्षेत्र में मरीजों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस वर्ष टोटो एंबुलेंस सेवा शुरू की है। यह व्यवस्था पूर्व में संचालित बाइक एंबुलेंस के स्थान पर लागू की गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, बाइक एंबुलेंस के संचालन में आ रही तकनीकी समस्याओं और बार-बार खराब होने की वजह से यह बदलाव किया गया है। हालांकि, टोटो एंबुलेंस की शुरुआत के साथ ही इसकी उपयोगिता को लेकर सवाल भी उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि तीन पहिया वाहन गंभीर मरीजों को सुरक्षित



और प्रभावी ढंग से अस्पताल पहुंचाने में कितना सक्षम होगा, यह देखना बाकी है। वर्षों से एंबुलेंस संचालन से जुड़े रमेश झा का कहना है कि टोटो में जगह काफी सीमित होती है। ऐसे में ऑक्सीजन सिलेंडर, आवश्यक दवाइयां, एक स्वास्थ्यकर्मी, मरीज और उसके एक परिजन के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं हो पाता। उनका मानना है कि गंभीर मरीजों को ले जाने में यह व्यवस्था चुनौतीपूर्ण साबित हो सकती है। उनका सुझाव है कि प्रशासन टोटो के बजाय बड़े ऑटो या छोटे चारपहिया वाहन को एंबुलेंस के रूप में उपयोग में ला सकता था। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. रमेश कुमार ने स्पष्ट किया कि टोटो एंबुलेंस के प्रारूप में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वाहन में आवश्यक दवाइयां, ऑक्सीजन सिलेंडर और एक प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी की तैनाती रहेगी, ताकि जरूरत पड़ने पर मरीज को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराते हुए अस्पताल पहुंचाया जा सके। हालांकि, वाहन में सीमित स्थान को लेकर आशंकाएं अब भी बरकरार हैं। सवाल यह है कि जीवनरक्षक उपकरणों और दवाइयों के साथ गंभीर मरीज को कितनी सहजता और सुरक्षा के साथ अस्पताल तक पहुंचाया जा सकेगा। श्रावणी मेला शुरू होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि टोटो एंबुलेंस की यह नई व्यवस्था व्यवहारिक रूप से कितनी प्रभावी साबित होती है।

# गढ़वा-रंका एनएच पर दर्दनाक हादसा, जेएमएम नेता जवाहर पासवान के भतीजे की मौत

**गढ़वा।** गढ़वा-रंका राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-343) पर नारायणपुर गांव के समीप सोमवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के केंद्रीय सदस्य जवाहर पासवान के भतीजे विवेक पासवान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही गढ़वा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। मंगलवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद परिजनों और समर्थकों में शोक की लहर है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी है।

# रोजगार की तलाश में गया युवक काल के गाल में समाया, 30 मीटर ऊंचाई से गिरकर मौत

**गढ़वा।** जिले के बैतरी गांव निवासी 20 वर्षीय रूपक यादव की छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में कार्य के दौरान 30 मीटर ऊंचाई से गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। वह रोजगार की तलाश में रायगढ़ स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत था। जानकारी के अनुसार, रविवार को ऊंचाई पर काम करने के दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह करीब 30 मीटर नीचे गिर पड़ा। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।


## पूर्व रेलवे

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं.: सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/26/24, दिनांक 06.07.2026**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है।

**कैटलॉग सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-26-24**

**क्रम सं., लॉट सं. और विवरण** निम्नानुसार हैंः **एए/1, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-आरपीएच-ओएच-153-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम),** रामपुरहाट रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे के साथ रेलवे सूचना के प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अधिकार प्रदान करना। **एए/2, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एनडीएई-ओएच-157-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम),** हावड़ा मंडल के नबद्वीप धाम रेलवे स्टेशन के अस्थायी बुकिंग कार्यालय के पास सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे के साथ रेलवे सूचना के प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अधिकार प्रदान करना। **एए/3, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एएमबीजी-ओएच-164-26-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम),** आरामबाग रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के पास सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे के साथ रेलवे सूचना के प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अधिकार प्रदान करना। **एए/4, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीएलवाई-ओएच-167-26-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम),** बाली रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के परिचालन एवं रखरखाव के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे के साथ रेलवे सूचना के प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। **एए/5, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एजेड-ओएच-163-26-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम),** आजिमगंज रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे के साथ रेलवे सूचना के प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अधिकार प्रदान करना। **एए/6, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-केडब्ल्यूएई-ओएच-156-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम),** कटवा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे के साथ रेलवे सूचना के प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अधिकार प्रदान करना। **एए/7, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-डीकेएई-ओएच-160-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम),** डानकुनी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से रेलवे सूचना और वाणिज्यिक विज्ञापन के परिचालन, रखरखाव और प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अधिकार प्रदान करना। **एबी/1, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एलएलएच-ओएसडी-119-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर-डिजिटल),** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित क्लस्टर-1 (अनेक्सर-। में विस्तृत अनुसार लिलुआ, बेलुड़, बाली, डानकुनी, उत्तरपाड़ा, कोन्नगर, रिसड़ा और श्रीरामपुर) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों और अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एबी/2, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-ओएसडी-86-26-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर-डिजिटल),** बर्द्धमान स्टेशन के अंदर विभिन्न स्थानों पर तीन वर्षों की अवधि के लिए 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 06 (छह) वीडियो वॉल के माध्यम से रेलवे सूचना और विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एबी/3, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-पीडीए-ओएसडी-122-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर-डिजिटल),** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित क्लस्टर-4 (अनेक्सर-। में विस्तृत अनुसार पाण्डुया, मेमारी, बर्द्धमान, बोलपुर और रामपुरहाट) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों और अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एसी/1, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएसएन-165-26-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर-नॉन डिजिटल),** हावड़ा स्टेशन-ओल्ड कॉम्प्लेक्स के पिलरों पर विनाइल चिपकाने के माध्यम से तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एडी/1, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूरेक32-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर),** हावड़ा मंडल में चलने वाली 12 कोच की ईएमयू रेक के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर और संपूर्ण साइड वॉल (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार का अधिकार प्रदान करना। **एडी/2, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर8-25-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर),** हावड़ा मंडल में चलने वाली 12 कोच की ईएमयू रेक के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर और संपूर्ण साइड वॉल (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार का अधिकार प्रदान करना। **एडी/3, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर2-25-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर),** हावड़ा मंडल में चलने वाली 12 कोच की ईएमयू रेक के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर और संपूर्ण साइड वॉल (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार का अधिकार प्रदान करना। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय :** दिनांक 21.07.2026 को 12.00 बजे प्रत्येक हेतु।

HWH-208/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter


# मेटिक्स उर्वरक की पाठशाला : किसानों को मिले तकनीकी जानकारी और टिकाऊ खेती के गुर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** कृषि विज्ञान केंद्र सिरीस में मेटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड द्वारा आयोजित उर्वरक की पाठशाला कार्यक्रम के तहत किसानों ने उर्वरकों के संतुलित उपयोग की जानकारी प्राप्त की। किसान पाठशाला से जुड़े लोगों का मानना है कि ऐसे कार्यक्रमों से न सिर्फ फसलों की पैदावार बेहतर होगी, बल्कि तकनीक पर आधारित खेती से मिट्टी व पर्यावरण भी संरक्षित रहेंगे। कार्यक्रम में कुल 109 किसानों ने भाग लिया जिसमें 80 महिला किसान तथा 29 पुरुष किसान शामिल थे। प्रशिक्षण सत्र में डॉ. पंकज कुमार सिन्हा, कृषि वैज्ञानिक (एग्रोनॉमी) एवं डॉ. प्रतिभा कुमारी, मृदा वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र सिरीस ने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन तथा टिकाऊ खेती की तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का समन्वयन जयदीप राजपूत,




मार्केटिंग ऑफिसर, मेटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड द्वारा किया गया। उन्होंने किसानों को संतुलित पोषण प्रबंधन के महत्व तथा मेटिक्स के कृषि उत्पादों के प्रभावी उपयोग के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विशेषज्ञों से अपनी फसलों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा कर उपयोगी सुझाव प्राप्त किए। अंत में किसानों ने ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को कृषि विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। मेटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड किसानों को तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराने तथा टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# हथियार के बल पर जमीन पर कब्जे का आरोप, सीओ से लगाई न्याय की गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के नवडीहा गांव में एक महादलित परिवार की पुश्तैनी जमीन पर दबंगों द्वारा हथियार के बल पर अवैध कब्जा करने, जातिसूचक गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित रामवृक्ष पासवान ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर जमीन वापस दिलाने और सुरक्षा की मांग की है। आवेदन के अनुसार, मौजा नवडीहा के विभिन्न प्लॉटों पर वर्ष 1976-77 से उनके परिवार के नाम पर्चा निर्गत है और वे लंबे समय से उक्त भूमि पर काबिज हैं। आरोप है कि 13 जुलाई को गांव के सात नामजद लोग हथियारों से लैस होकर पहुंचे और ट्रैक्टर से उनकी जमीन जोतकर कब्जा करने का प्रयास किया। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपितों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की तथा गोली मारने की धमकी दी। रामवृक्ष पासवान ने प्रशासन से अवैध कब्जा हटवाकर जमीन पर पुनः शांतिपूर्ण कब्जा दिलाने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। मामले में अंचल प्रशासन और पुलिस जांच में जुटी है।


## पूर्व रेलवे

**एनआईटी सं.: 170_2026-27, दिनांक 09.07.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 (**वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा** के क्षेत्रधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का विवरण :** एईएन/लिलुआ के कार्यक्षेत्र में तारकेश्वर स्टेशन में रिटायरिंग रूम के निर्माण के साथ अन्य सहायक कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,30,22,294.65, **बयाना राशि:** रु. 4,60,500/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 06 (छह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 31.07.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

HWH-207/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# भालू ने किया कार का पीछा वीडियो वायरल, दहशत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वाल्मीकिनगर (पश्चिम चंपारण)।** आम की मिठास ने एक बार फिर जंगल के मेहमान को रिहायशी इलाके तक पहुंचा दिया है। वाल्मीकिनगर में इन दिनों भालू की बेखौफ चहलकदमी लोगों के लिए चिंता का कारण बन गई है।

कभी कॉलोनियों में टहलता तो कभी मुख्य सड़क पर दौड़ता नजर आ रहा भालू सोमवार रात एक कार के पीछे भी दौड़ पड़ा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे लोगों में दहशत और बढ़ गई है।

वाल्मीकिनगर टाइगर रिजर्व (वीटीआर) के वाल्मीकिनगर रेंज से सटे वनवर्ती गांवों के साथ-साथ जल संसाधन विभाग की कॉलोनियों में भालू लगातार दिखाई दे रहा है। सिंचाई विभाग की ई-टाइप कॉलोनी, हॉस्पिटल कॉलोनी, मनोरंजन स्थल, डाकघर, हाई स्कूल और जटाशंकर चेक नाका समेत कई स्थानों पर दिन और रात दोनों समय उसकी मौजूदगी दर्ज की गई है।

सोमवार की रात वाल्मीकिनगर-बगहा मुख्य मार्ग पर कोतराहा वन क्षेत्र के समीप एक भालू सड़क पर घूमता दिखाई दिया। इसी दौरान वहां से गुजर रही एक चारपहिया वाहन के पीछे वह कुछ दूर तक दौड़ता रहा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में भालू वाहन का पीछा करता साफ दिखाई दे रहा है।

उसी रात जल संसाधन विभाग के कर्मी औरंगजेब के ई-टाइप कॉलोनी स्थित आवास के पास भी भालू घूमता देखा गया। इसके बाद कॉलोनी में रहने वाले लोगों में भय का माहौल बन गया है। लोग शाम होने के बाद बाहर निकलने से बच रहे हैं और बच्चों को भी अकेले बाहर नहीं भेज रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि आम के मौसम में हर साल भालू फलों की तलाश में जंगल से निकलकर रिहायशी इलाकों तक पहुंच जाते हैं। इस बार भी आम के पेड़ों पर फलों की भरमार होने के कारण उनकी आवाजाही बढ़ गई है।

वाल्मीकिनगर रेंज के रेंजर सत्यम कुमार ने बताया कि बारिश और गर्मी के कारण वन्य जीव कभी-कभी भोजन और पानी की तलाश में जंगल से बाहर निकल आते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि भालू दिखाई देने पर उसके पास न जाएं, उसे छेड़ने या भगाने की कोशिश न करें। सुरक्षित दूरी बनाए रखें और तुरंत वन विभाग को सूचना दें। वन विभाग पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

## नदी में उपलाती दिखी लाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

शिवाजीनगर। थाना क्षेत्र के बरियाही कर नदी पुल के नीचे मंगलवार को एक अज्ञात युवक का शव नदी में बहता हुआ दिखाई देने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों के अनुसार शव नग्न अवस्था में था और पश्चिम दिशा से तेज बहाव के साथ पूर्व दिशा की ओर बह रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने तत्काल शिवाजीनगर थाना को सूचना दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नदी से शव को बाहर निकालने का प्रयास किया। हालांकि नदी में जलस्तर अधिक होने तथा तेज बहाव के कारण पुलिस को सफलता नहीं मिल सकी। देखते ही देखते शव तेज धारा के साथ आगे बह गया। थानाध्यक्ष रविंद्र ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हरसंभव प्रयास किया, लेकिन अधिक पानी और तेज बहाव के कारण शव को नदी से बाहर निकालना संभव नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि मामले की सूचना आगे के संबंधित क्षेत्रों को भी दी जा रही है।

# विभिन्न मांगों को लेकर अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार कर्मचारी चयन आयोग कार्यालय के बाहर मंगलवार को बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने आरोप लगाया कि आयोग पिछले तीन वर्षों से बिहार इंटरमीडिएट, बीएसएससी सीजीएल-4 और बीएसओ समेत विभिन्न भर्तियों के लिए केवल आवेदन भरवा रहा है, लेकिन अब तक परीक्षाएं आयोजित नहीं की गई हैं। इससे लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। आयोग को छात्रों के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। सीएम सम्राट चौधरी सरकार से अपील है कि वह इस मामले को गंभीरता से लें और हमारी समस्या का समाधान करें।

प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थियों ने बीएसएससी दफ्तर के

## आयोग के गेट में जड़ा ताला

मुख्य प्रवेश द्वार पर ताला जड़ दिया और सरकार व आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अभ्यर्थियों का कहना था कि लंबे समय से परीक्षा नहीं होने के कारण अभ्यर्थियों की उम्र और तैयारी दोनों प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने सरकार से जल्द परीक्षा कैलेंडर जारी कर सभी लंबित परीक्षाएं कराने तथा उनकी मांगों पर तत्काल निर्णय लेने की अपील की। प्रदर्शन के कारण कुछ देर तक आयोग कार्यालय के बाहर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

छात्र नेता सौरव कुमार ने कहा कि बिहार कर्मचारी चयन आयोग की ओर से जारी भर्तियों का अभ्यर्थी लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई वैकेंसी निकाली गईं, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी उनकी परीक्षाएं आयोजित नहीं कराई गईं। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी बिहार इंटरमीडिएट और लंबित परीक्षाएं जल्द कराने के साथ-साथ संविदा कर्मियों को नियुक्ति में वेटेज देने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। सौरव कुमार ने कहा, ￼सरकार पिछले तीन वर्षों से सिर्फ आवेदन भरवा रही है, लेकिन परीक्षाएं नहीं करा रही है। इसी के विरोध में सभी अभ्यर्थी बिहार कर्मचारी चयन आयोग के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं।

# तैयारी पूरी, मॉक ड्रिल आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** बुधवार को जिले में आयोजित होने वाली सिविल डिफेंस एक्सरसाइज - एयर रेड, ब्लैकआउट अभ्यास की तैयारियों की समीक्षा उपायुक्त अजय नाथ झा ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में की। बैठक में सिविल डिफेंस, पुलिस, स्वास्थ्य, विद्युत, आपदा प्रबंधन तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सहित सभी संबंधित विभागों ने अपनी-अपनी मानक संचालन प्रक्रिया प्रस्तुत की। उपायुक्त ने कहा कि 15 जुलाई की संध्या 7:03 बजे से अगले 3 मिनट तक पूरे बोकारो जिले में ब्लैकआउट रहेगा। यह केवल मॉक ड्रिल का हिस्सा है। आमजन किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, घबराएँ नहीं तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए संयम बनाए रखें।

उपायुक्त ने बताया कि मॉक ड्रिल का आयोजन एक ही समय पर उषा पेट्रोल पंप एवं मेडिकेंट अस्पताल, सेक्टर-12 में किया जाएगा। अभ्यास के दौरान एयर रेड, बम विस्फोट तथा राहत एवं बचाव अभियान का वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप प्रदर्शन किया जाएगा। आपदा की सूचना मिलने पर दो मिनट तक रुक-रुककर सायरन बजाया जाएगा, जो संभावित आपदा का संकेत होगा। वहीं, मॉक ड्रिल समाप्त होने पर एक लंबा सायरन बजाया जाएगा, जो खतरे के समाप्त होने का संकेत देगा। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मॉक ड्रिल के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए, जहाँ सबसे पहले उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक पहुँचकर पूरी गतिविधि की निगरानी करेंगे। उन्होंने इमरजेंसी मास कॉलिंग सिस्टम स्थापित करने के लिए सेवा प्रदाता से समन्वय करने का निर्देश दिया।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि संभावित घायलों को किन-किन अस्पतालों में भेजा जाएगा, इसकी विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया पहले से तैयार रखी जाए, ताकि आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराइ जा सके।बैठक में मॉक ड्रिल के दौरान यातायात एवं भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सड़क की एक लेन हर परिस्थिति में चालू रखी जाए। भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन तथा राहत एवं बचाव कार्यों के दौरान लोगों के सुरक्षित प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था पुलिस विभाग सुनिश्चित करेगा।

# 10 सूत्री मांगों को लेकर राजस्व कर्मचारी संघ ने दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** जिले के राजपत्रित कर्मचारी महासंघ के भवन परिसर में मंगलवार को बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ के आह्वान पर अपने लंबित मांगों के समर्थन में जिला कर्मचारी संघ के सदस्यों द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया ।

धरना प्रदर्शन के उपरांत जिला कर्मचारी संघ के सदस्यों द्वारा दर्जनों हस्ताक्षर युक्त एक ज्ञापन बिहार के मुख्यमंत्री, मंत्री और राजस्व भूमि सुधार विभाग के सचिव के नाम से जिला पदाधिकारी को सौंपा । बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ के आह्वान पर राजस्व कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मो सलीम उद्दीन की अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित हुआ। राजस्व कर्मचारी संघ के सदस्यों ने अपनी अपनी मांगों के समर्थन में बुलंद आवाज से नारेबाजी भी की।

राजस्व कर्मचारी संघ के सदस्यों ने बताया कि उनकी पहली मांग है कि राजस्व कर्मचारी का ग्रेड पे (1900 लेवल 2) के स्थान पर ग्रेड पे 2800 (लेबल 5) किया जाए, सभी नवनियुक्त राजस्व कर्मचारियों को गृह जिला के बगल के जिला में पदस्थापन किया जाए, 10 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके राजस्व कर्मचारी को यथाशीघ्र वरीयता के आधार पर राजस्व अधिकारी में पदोन्नति दिया जाए। उन्होंने कहा कि एसीपी और एमएसीपी का लाभ समय पूरा हो जाने के 5 साल बाद तक भी कर्मी को नहीं मिल पाया है, वहीं सेवा संपुष्टि करने में भी टाल मटोल की जाती है, 3.5 वर्ष हो गए अभी भी सेवा संपुष्टि नहीं हो सकी है ,जल्द सभी राजस्व



कर्मचारी का सेवा संपुष्टि कराया जाए, विभाग द्वारा राजस्व कर्मचारी को कार्य निष्पादन हेतु लैपटॉप के अलावा मोबाइल, इंटरनेट, कागज ,कलम, प्रिंटर टेबल, कुर्सी क्षेत्र भ्रमण हेतु कोई सुविधा नहीं दी गई है, अतः सरकारी कार्य के लिए सरकारी व्यवस्था प्रदान की जाए, सभी राजस्व कर्मचारी का हड़ताल अवधि का उपार्जित अग्रिम उपार्जित अवकाश स्वीकृत कर जल्द से जल्द वेतन भुगतान किया जाए , रविवार या अन्य राजपत्रित अवकाश में राज्यपाल के आदेश के विरुद्ध कार्य लेने की नई परिपाटी विभाग के द्वारा शुरू की गई है इसे बंद किया जाए। साथ ही कार्य अवधि 10:00 बजे से 5 बजे के अलावा भी कई घंटे तक कार्य लिया जा रहा है, इसे बंद किया जाए। एक राजस्व कर्मचारी को कई हल्का / पंचायत का प्रभार आवंटित कर बोझिल कर दिया गया है और मानसिक रूप से बीमार बना दिया गया है , जिसकी वजह से स्वास्थ्य संबंधी समस्या उत्पन्न होना शुरू हो गया है और पारिवारिक दायित्व का निर्वहन भी नहीं हो रहा है, एक कर्मचारी को एक हल्का का ही प्रभार दिया जाए, तथा राजस्व कर्मचारी का पद नाम परिवर्तित करते हुए सहायक राजस्व पदाधिकारी करने का भी निर्णय अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह तथा वर्तमान सचिव महोदय द्वारा लिया गया था, जो अभी भी लागू नहीं किया गया है, इसे भी जल्द लागू किया जाए, आदि मांगे शामिल हैं।

राज्य संघ के द्वारा आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि विभाग द्वारा विगत दो बार लिखित आश्वासन के उपरांत भी हमारी मांगों के प्रति कोई गंभीरता नहीं ले रहा है, फलता सभी राजस्व कर्मचारी संघ के बैनर तले अब मजबूर होकर चरणबद्ध आंदोलन करेंगे, जिसमें 15 से 17 जुलाई तक असहयोग आंदोलन जारी रहेगा । वहीं राजस्व कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष मो सलीम उद्दीन वो सचिव सुमित कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि अगर हमारी मांगे नहीं मानी गई तो आगामी 18 जुलाई को पटना में अनिश्चितकालीन धरना कार्यक्रम तय है, जहां हम सभी राजस्व कर्मचारी पूरी एकजुटता के साथ अनिश्चितकालीन धरना कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस मौके पर मोहम्मद मुनव्वर मो नौशाद आलम, पुनीत कुमार, गणेश कुमार, सचिन कुमार, राकेश कुमार ,रोशन कुमार, अभिषेक कुमार, अखिलेश कुमार ,सोनू कुमार, वीरेंद्र कुमार आदि कार्यक्रम में शामिल थे।

# एसआईआर के नाम पर वोट के अधिकार से वंचित करने की साज़िश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा।** आज असहमति को क्रुरता पूर्वक कुचला जा रहा है जबकि असहमति लोकतंत्र का अनिवार्य हिस्सा है। इतना ही नहीं बल्कि एसआईआर के नाम पर वोट का संवैधानिक अधिकार से वंचित करने की साज़िश चुनाव आयोग और सरकार मिलकर कर रही है । उक्त बातें लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने जिला के विशुनपुर स्थित इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित बदलो माहौल चिन्तन शिविर ' को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हर राज्य में एसआईआर का अलग - अलग प्रक्रिया अपनाई जा रही है। पश्चिम बंगाल में जो प्रक्रिया अपनाई गई वो किसी दूसरे राज्यों में नहीं अपनाई गई। हरियाणा में अलग प्रक्रिया अपनाई जा रही है । उन्होंने कहा कि देश में करीब छः करोड़ मतदाताओं को वोट के अधिकार से वंचित कर दिया गया।

श्री आजाद ने कहा कि राम के नाम पर दान में आए धन की चोरी धर्म के आड़ में बहुत बड़ा अपराध है। उन्होंने कहा राम मंदिर आस्था का केंद्र है लेकिन इसे लूट और चोरी का केंद्र बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि नौकरशाही, भ्रष्टाचार चरम पर है । उन्होंने कहा कि इन हालातों को बदलने के लिए जन - आंदोलन ही एक मात्र उपाय है। चिन्तन शिविर के आयोजक लोक समिति के प्रमंडलीय संयोजक रामायण सिंह ने एक प्रस्ताव पेश किया जिसमें कृषि को मनरेगा से जोड़ने, जनप्रतिनिधियों की सुविधाओं में कटौती करने , किसानों को कर्ज मुक्त करने, सस्ते दामों पर खाद, वीज, किटनाशक दवायें, बिजली उपलब्ध कराने , बेरोजगारी दूर करने आदि की मांग की गई । शिविर को छपरा, सीवान एवं गोपालगंज के प्रतिष्ठित लोगों, विद्वान, शिक्षक,जेपी सेनानियों, लोक समिति एवं अन्य संगठनों के लोगों को बुलाया गया था। जिसमें मुख्य रूप से छपरा जिला के जेपी सेनानी अध्यक्ष सवालिया गिरि, जेपी सेनानी भारत सिंह, जेपी सेनानी, रामायण सिंह जीवनदानी, मोहन सिंह जिला लोक समिति के अध्यक्ष सदन सिंह, शशिभूषण सिंह प्रोफेसर डॉ बीरेन्द्र यादव, बीरेन्द्र सिंह व अन्य ने अपने-अपने विचार रखे। उपरोक्त विषयों पर संघर्ष करने का निर्णय लिया गया।

# ट्रेन रोक कर उतारी जाती है शराब की खेप, यात्री साधे चुप्पी

## रेल थाना प्रभारी करा रहे वायरल वीडियो की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फतुहा।** बिहार में शराबबंदी कानून के बीच पटना जिले से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने कानून-व्यवस्था और रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फतुहा-बंकाघाट रेलखंड पर पुनपुन रेलवे पुल के पास कथित तौर पर एक पैसेंजर ट्रेन से शराब की बड़ी खेप उतारे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि, इस वीडियो की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन मामले ने रेल पुलिस को सतर्क कर दिया है। जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम पुनपुन रेलवे पुल के पास कुछ लोग पहले से मौजूद थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही पैसेंजर ट्रेन वहां धीमी हुई या रुकी, करीब आधा दर्जन संदिग्ध बोगियों के पास पहुंच गए और कथित तौर पर शराब से भरी बोरियां उतारने लगे।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कुछ लोग ट्रेन की बोगी के अंदर और नीचे बने हिस्से (अंडरकैरेज) से बोरियां निकालते दिखाई दे रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि इन बोरियों में शराब रखी गई थी। वीडियो में यह भी नजर आता है कि पूरी कार्रवाई के दौरान वहां किसी ने उन्हें रोकने



की कोशिश नहीं की। सामान उतारने के बाद सभी लोग मौके से निकल गए।

बताया जा रहा है कि ट्रेन में मौजूद किसी यात्री या प्रत्यक्षदर्शी ने अपने मोबाइल फोन से पूरी घटना रिकॉर्ड कर ली। इसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे मामला चर्चा में आ गया।

वीडियो सामने आने के बाद रेल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। फतुहा रेल थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो उनके संज्ञान में आया है और उसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि वीडियो में दिख रहे लोगों के चेहरे स्पष्ट नहीं हैं। इसलिए वीडियो को तकनीकी जांच के लिए भेजा गया है, ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके। उन्होंने कहा कि पहचान होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जाएगी।

# 20 हजार रिश्वत लेते सीओ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** बिहार में सीतामढ़ी जिले के बाजपट्टी प्रखंड के अंचलाधिकारी प्रभात कुमार को निगरानी विभाग की टीम ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उन्हें स्थानीय थाना पर लाया गया। कागजी प्रक्रिया के बाद सीओ को मुजफ्फरपुर के निगरानी कोर्ट में पेश करने के लिए ले जाया गया। कोर्ट के आदेशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

निगरानी विभाग के डीएसपी नरेंद्र कुमार ने बताया कि बाजपट्टी थाना क्षेत्र पिपराढ़ी गांव के रहने वाले नरेश राम ने दिसंबर 2025 में सीओ प्रभात कुमार के खिलाफ 20 हजार रुपये रिश्वत मांगने को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी।

इसके बाद निगरानी विभाग के अधिकारियों द्वारा मामले की जांच की गई। जांच में मामला सही पाया गया। इसके बाद निगरानी विभाग ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कर दिसंबर 2025 में ही सीओ को ट्रैप करने के लिए बाजपट्टी पहुंची, लेकिन उस दिन सीओ विभागीय मीटिंग में थे और शाम तक नहीं लौटे इसके बाद निगरानी विभाग की टीम वापस चली गई ।

इसके बाद कोर्ट से तीन नोटिस भेजी गई, लेकिन वह हाजिर नहीं हुए। इसके बाद निगरानी की कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया। इस आलोक में डीएसपी नरेंद्र कुमार निगरानी टीम बाजपट्टी पहुंची और उन्होंने सीओ के आवास पर धावा बोला।

घर का कमरा अंदर से बंद था। उन्होंने उनके परिवार को मामले से अवगत कराया, लेकिन परिवार की ओर गेट नहीं खोला गया। इसके बाद इस मामले की जानकारी पुपरी एसडीएम और एसडीपीओ को दिया गया । इसके बाद मजिस्ट्रेट के तौर पर पुपरी कृषि पदाधिकारी आशुतोष कुमार और बाजपट्टी थाने के एसआई निशांत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# उत्कृष्ट सेवा को ले नगरनौसा थानाध्यक्ष हुए सम्मानित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)।** नालंदा के पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बिहारशरीफ में नगरनौसा थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्हें राजगीर में आयोजित विश्वप्रसिद्ध पुरुषोत्तम मास (मलमास) मेला-2026 को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में उत्कृष्ट योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया।

ज्ञात हो कि 17 मई से 15 जून तक चलने वाले इस ऐतिहासिक मेले में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचे थे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम दर्शन और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी। मेले के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, भीड़ नियंत्रण, अपराधियों पर कार्रवाई तथा संवेदनशील स्थानों पर लगातार जांच अभियान चलाया गया। पुलिस ने कई असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया, वहीं खोए बच्चों को परिजनों से मिलाने, बुजुर्गों की सहायता करने और बीमार श्रद्धालुओं को त्वरित मदद पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाई।

एसपी भारत सोनी ने कहा कि थानाध्यक्ष श्री मिश्रा ने मेला ड्यूटी के दौरान दिए गए सभी निदेशों का पूरी निष्ठा से पालन करते हुए सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण को प्रभावी ढंग से संभाला। उन्होंने उनकी कर्तव्यनिष्ठा, नेतृत्व क्षमता और समर्पण की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।सम्मान प्राप्त करने के बाद थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने कहा कि यह सम्मान पूरी पुलिस टीम की मेहनत और आम जनता के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने भविष्य में भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनता की सुरक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प दोहराया।

# विद्यालय का प्लास्टर गिरने से छात्राएं जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** आमगोला स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में छत का प्लास्टर गिरने की घटना के बाद बच्चों और अभिभावकों में डर का माहौल है। सोमवार को मिड डे मील के दौरान हुए हादसे में दो छात्राएं घायल हो गई थीं। इसके बाद मंगलवार को स्कूल में बच्चों की उपस्थिति करीब 25 फीसदी तक कम हो गई। हालात ऐसे हैं कि अब बच्चों की पढ़ाई कमरे के बजाय बरामदे में कराई जा रही है। यह स्कूल पिछले एक दशक से सामुदायिक भवन में संचालित हो रहा है। भवन की हालत काफी खराब है। तीन कमरों वाले इस भवन में दो कमरों में कक्षाएं चलती थीं, जबकि एक छोटे कमरे में स्कूल का कार्यालय और मिड डे मील दोनों का संचालन होता है। सीमित जगह और जर्जर भवन की वजह से बच्चों और शिक्षकों को रोज परेशानी का सामना करना पड़ता है।

हादसे के बाद एक कमरे का इस्तेमाल बंद कर दिया गया है। अब एक कमरे और बरामदे में बच्चों की पढ़ाई कराई जा रही है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि मौजूदा स्थिति में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों की सुरक्षा भी बड़ी चुनौती बन गई है।हादसे में एक छात्रा के सिर में गंभीर चोट लगी थी। इसके बाद कई अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से बच रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले भी कई बार छत और रेलिंग का प्लास्टर गिर चुका है, लेकिन भवन की मरम्मत या वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई।

स्कूल की प्रधानाचार्य ने बताया कि भवन की जर्जर स्थिति की जानकारी कई बार शिक्षा विभाग को दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि शिक्षक भी डर के माहौल में काम कर रहे हैं और हर समय किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। डीइओ ने कहा कि जिले के सभी जर्जर स्कूलों को जल्द दूसरे सुरक्षित भवनों में शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई स्कूल असुरक्षित भवन में चल रहा है तो संबंधित प्रधानाध्यापक तुरंत इसकी सूचना विभाग को दें। बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर स्कूल को दूसरे भवन में स्थानांतरित किया जाएगा।

# मगध विश्वविद्यालय मुख्यालय पर फैक्टनेब का विशाल धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

गयाजी। मंगलवार को बिहार प्रदेश संबद्ध डिग्री कॉलेज शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ के बैनर तले सैकड़ों शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारियों ने मगध विश्वविद्यालय मुख्यालय पर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन आयोजित कर वर्षों से लंबित मांगों को अविलंब पूरा कराने हेतु आवाज बुलंद किया। धरना- प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता फैक्टनेब के मगध विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष प्रोफेसर विजय कुमार मिट्ठू ने किया तथा संचालन प्रदेश प्रवक्ता प्रो अरुण कुमार गौतम ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फैक्ट्नेब के संरक्षक प्रोफेसर नवल किशोर शर्मा, जिला अध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार, प्राचार्य डॉ अशोक कुमार सिंह, डाक्टर शत्रुध्न प्रसाद सिंह, बीरेन्द्र प्रसाद सिंह, संजय कुमार प्राचार्य,अंजनी कुमार विकास



कुमार, प्रो शशि भूषण कुमार, प्रो अजित कुमार, प्रो उमेश सिंह, प्रो रबीन्द्र कुमार, प्रो राकेश रंजन, अनिल कुमार सिन्हा, प्रो रंजीत भारद्वाज, प्रो सुनील कुमार, प्रो बृजेश कुमार शर्मा, प्रो विश्वनाथ कुमार, डॉ मनोज कुमार सिंह, प्रो संजय कुमार यादव, प्रो मुरारी प्रसाद, दामोदर गोस्वामी, टिंकू गिरी, अशोक शर्मा, रामानुज शर्मा, आर रमन, डॉ संजय सुधाकर, सरोज कुमार, डॉ चंद्र भूषण कुमार, नागेन्द्र कुमार, प्रो मदन कुमार, निशांत मुन्ना, रौशन कुमार, श्रवण कुमार, भूषण शर्मा आदि ने कहा कि बिहार राज्य के लगभग 65 प्रतिशत से ज्यादा छात्रों को डिग्री की पढ़ाई सुनिश्चित कराने वाले सैकड़ों संबद्ध, अनुदानित डिग्री कॉलेज के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी विगत 40 वर्षो से नियमित वेतनमान एवं पेंशन देने की मांग करते आ रहे हैं परंतु अभी तक बिहार सरकार इस मामले को ठंढे बस्ते में डाले हुए हैं।

उन्होंने कहा कि 2025 विधानसभा चुनाव के वक्त तत्कालीन नीतीश सरकार ने सूबे के संबद्ध डिग्री कॉलेज के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारियों को अंगीभूत कॉलेज के तर्ज पर नियमित वेतनमान एवं पेंशन देने अखबारी घोषणा कर मुख्यसचिव बिहार के नेतृत्व में एक कमिटी गठित कर रिपोर्ट करने की बातें कही थी, परन्तु इस कमिटी के गठन के कई माह बीत जाने के बाद भी अभी तक गठित कमिटी की बैठक नहीं हुई, उल्टे पहले से लगभग आठ सत्रों का डिग्री, इंटर का अनुदान भी बकाया है, जिसके भुगतान नहीं होने से सूबे के संबद्ध डिग्री कॉलेज के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी भुखमरी के शिकार हो रहे हैं।

नेताओं ने कहा कि सरकार एवं विश्वविद्यालय स्तर पर सम्बध्द डिग्री कॉलेज के वेतनमान, पेंशन, अनुदान नहीं मिलने के साथ-साथ विगत छह माह से कई सत्रों के परीक्षाओं की कॉपी मूल्यांकन का कार्य जो 80 प्रतिशत संबद्ध डिग्री कॉलेज के ही शिक्षक कार्य कर रहे हैं, उनका भी पारिश्रमिक में 25 से 35 प्रतिशत तक टी ए, होलतेज काट कर लेटलतीफ भुगतान की जा रही है, जिसे दुरुस्त करने की नितांत आवश्यक है।

नेताओं ने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर मगध विश्विद्यालय में सीनेट, सिंडिकेट के लंबित चुनाव सहित संबद्ध कॉलेज के जी बी के सचिव, अध्यक्ष, यु आर, टी आर आदि पद पर नियुक्त में विलंब आदि की प्रथा को समाप्त कर आपडेटेड करने की नितांत आवश्यक है।

नेताओं ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा घोषित राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं छात्राओं के फीस माफ का विभिन्न संबद्ध कॉलेज के पूर्व की बकाया राशि देने तथा आगे से माफ फीस छात्रों के बैंक खाते में भेजना सुनिश्चित करने की मांग राज्य सरकार से किया है।

नेताओं ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के उपरांत फैक्टनेब सात सूत्री मांगों का ज्ञापन महामहिम राज्यपाल बिहार के नाम मगध विश्वविद्यालय के कुलपति को दिया गया तथा चरणबद्ध आंदोलन को जारी रखते हुए 22 जुलाई को पटना स्थित गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद जीवन कुमार के आवास का घेराव कर उन्हें 20 से 24 जुलाई तक चलने वाले विधानमंडल के सत्र में संबद्ध डिग्री कॉलेज के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी के मांगों के लिए विधान मंडल में धरना पर बैठने के लिए दबाब बनाया जाएगा।

# जनसेवा और संवैधानिक मूल्यों को सर्वोपरि रखें अधिकारी : डॉ. प्रेम कुमार

## 70वीं बीपीएससी के 225 सफल अभ्यर्थियों का सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा के विस्तारित भवन में मंगलवार को सशक्त भारत मंच की ओर से आयोजित समारोह में 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफल 225 अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। डॉ. प्रेम कुमार ने चयनित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा केवल प्रतियोगी परीक्षा नहीं, बल्कि समाज और राज्य की सेवा का माध्यम है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और धैर्य के बल पर मिली यह सफलता लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी के रूप में लिए गए प्रत्येक निर्णय का प्रभाव समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचता है, इसलिए चरित्र, ईमानदारी, संवेदनशीलता और कार्यकुशलता ही सबसे बड़ी पहचान होनी चाहिए। उन्होंने अभ्यर्थियों से संविधान के न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों को व्यवहार में उतारने तथा विधि के शासन और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। 2047 तक विकसित भारत और विकसित बिहार के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य विकास, सुशासन, आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है और युवा अधिकारियों की भूमिका इसमें महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसी अधिकारी की सबसे बड़ी शक्ति उसका पद नहीं, बल्कि उसकी निष्पक्षता, ईमानदारी और जनसेवा का भाव होता है। बिहार विधान परिषद के उपसभापति रामवचन राय ने चयनित अभ्यर्थियों को उच्च नैतिक मूल्यों के साथ सेवा करने की सलाह दी। पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कहा कि कर्तव्य का समुचित निर्वहन ही लोकसेवक का धर्म है और देश की आजादी की शताब्दी तक विकसित भारत के निर्माण में उनका योगदान महत्वपूर्ण होगा। बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव ने कर्म को पूजा मानते हुए सेवक की भावना से कार्य करने तथा ईमानदारी के साथ दायित्व निभाने का आह्वान किया। समारोह में गंगा प्रसाद, रामवचन राय, नरेंद्र नारायण यादव, सशक्त भारत मंच के राष्ट्रीय संयोजक निपुण आलमबायन तथा मंच के अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# सहयोग कार्यक्रम से जनसेवा को नई रफ्तार, खुद मुख्यमंत्री करेंगे लंबित मामलों की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आम जनता की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान की दिशा में बिहार सरकार ने राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम की शुरुआत कर दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को पटना स्थित संवाद, मुख्यमंत्री सचिवालय से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और विजेंद्र प्रसाद यादव भी उपस्थित रहे। सरकार का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य जिला स्तर पर लंबित मामलों का राज्य स्तर पर समाधान सुनिश्चित कर लोगों को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने से राहत दिलाना है।

**हर महीने दूसरे मंगलवार को होगी राज्य स्तरीय सुनवाई**

सरकार के अनुसार राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम प्रत्येक महीने के दूसरे मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। इसमें केवल वही आवेदक आवेदन कर सकेंगे, जिनकी शिकायत पहले जिला स्तर पर दर्ज हो चुकी है, लेकिन उसका अब तक निस्तारण नहीं हुआ है। ऐसे मामलों की मुख्यमंत्री की उपस्थिति में राज्य स्तर पर सुनवाई कर समाधान कराया जाएगा।

**'सबका सम्मान, जीवन आसान' की सोच को मिलेगा बल**

सरकार का कहना है कि 'सबका सम्मान, जीवन आसान' की अवधारणा के तहत पंचायत स्तर पर पहले से सहयोग शिविर लगाए जा रहे हैं जहां लोगों की शिकायतों का निवारण, सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम इसी व्यवस्था का विस्तारित स्वरूप है जिससे जटिल और लंबित मामलों का शीघ्र समाधान हो सके।

**वैशाली के रंजीत कुमार की समस्या का हुआ समाधान**

कार्यक्रम के दौरान वैशाली जिले के लालगंज निवासी रंजीत कुमार का मामला भी सामने आया। उनकी जमीन की दो स्थानों से रसीद कट रही थी और अनुमंडल स्तर पर लंबे समय से समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम में उनकी शिकायत का निस्तारण कर दिया गया।

**ऐसे करें आवेदन**

राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम में आवेदन के लिए आवेदक को सहयोग पोर्टल पर जाकर राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम का विकल्प चुनना होगा। इसके बाद पहले से प्राप्त संदर्भ संख्या और मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करना होगा। सत्यापन के बाद पूर्व में दिए गए आवेदन का पूरा विवरण स्वतः उपलब्ध हो जाएगा। चयनित आवेदकों को कार्यक्रम की तिथि, समय और अन्य आवश्यक जानकारी संदेश के माध्यम से भेजी जाएगी। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए सरकार ने चौबीसों घंटे संचालित हेल्पलाइन 1100 भी उपलब्ध कराई है। आवेदन और अन्य जानकारी सहयोग पोर्टल के माध्यम से भी प्राप्त की जा सकती है।

# नितिन नवीन के नेतृत्व में बांकीपुर फतह का शंखनाद, एनडीए ने दिखाई ताकत

## बांकीपुर उपचुनाव में विकास, विश्वास और सुशासन की जीत होगी : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए एनडीए के चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। किदवईपुरी स्थित ठाकुर प्रसाद कम्युनिटी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा सहित एनडीए के सभी घटक दलों के पटना जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने बांकीपुर में एनडीए की एकजुटता और चुनावी मजबूती का स्पष्ट संदेश दिया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि चुनाव कार्यालय का उद्घाटन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक विजय का शंखनाद है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व और मार्गदर्शन में भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरे उत्साह और समर्पण के साथ चुनाव मैदान में उतर चुका है। संजय सरावगी ने कहा कि बांकीपुर की जनता विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने विश्वास जताया कि एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा भारी मतों से विजयी होंगे और बांकीपुर एक बार फिर कमल खिलाकर विकास की राजनीति पर अपनी मुहर लगाएगा। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन ने विधायक के रूप में बांकीपुर में विकास कार्यों की मजबूत नींव रखी। सड़क, नाली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में हुए कार्य आज भी जनता के बीच उनकी कार्यशैली की पहचान हैं।

# आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में प्रबंधन अध्ययन केंद्र का उद्घाटन

## प्रथम एमबीए बैच की इंडक्शन मीट का शुभारंभ कुलपति प्रो. (डॉ.) शरद कुमार यादव ने किया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना ने अपनी शैक्षणिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए एमबीए कार्यक्रम (2026-28) के प्रथम बैच के इंडक्शन मीट का आयोजन नवस्थापित प्रबंधन अध्ययन केंद्र में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) शरद कुमार यादव द्वारा प्रबंधन अध्ययन केंद्र के नवनिर्मित कक्षाओं एवं पुस्तकालय का उद्घाटन कर किया गया। यह अवसर गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन शिक्षा तथा आधुनिक शैक्षणिक अधोसंरचना उपलब्ध कराने के विश्वविद्यालय के संकल्प का प्रतीक रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. निरंजन प्रसाद यादव, वरिष्ठ प्राध्यापकगण, विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं नवप्रवेशित एमबीए छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। औपचारिक कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ हुआ जिसने पूरे वातावरण को ज्ञान, संस्कृति एवं शैक्षणिक गरिमा से आलोकित कर दिया। अपने उद्घाटन संबोधन में कुलपति प्रो. (डॉ.) शरद कुमार यादव ने प्रथम एमबीए बैच के विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय के इतिहास का अभिन्न अंग बताया। उन्होंने कहा कि आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय का एमबीए कार्यक्रम केवल प्रबंधन शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य ऐसे दक्ष, नैतिक, सामाजिक रूप से उत्तरदायी तथा वैश्विक दृष्टिकोण वाले प्रबंधकों का निर्माण करना है जो नवाचार, अनुसंधान, उद्यमिता एवं उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप नेतृत्व प्रदान कर सके। उन्होंने विद्यार्थियों से सतत सीखने, व्यावसायिक नैतिकता तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। प्रबंधन अध्ययन केंद्र के प्रभारी डॉ. रूपेश कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा विश्वविद्यालय की उस दूरदर्शी सोच को रेखांकित किया जिसके माध्यम से भविष्य के सक्षम एवं उद्योगोन्मुख प्रबंधन पेशेवर तैयार किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विशेष संवाद सत्र में एमबीए विद्यार्थियों को कुलपति एवं प्राध्यापकों के साथ खुलकर विचार-विमर्श करने का अवसर प्राप्त हुआ।

# खरीफ लक्ष्य को पूरा करने के लिए किसानों को हर संभव सहयोग : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शारदीय (खरीफ) मौसम-2026 के अंतर्गत धान रोपनी, धान नर्सरी एवं अन्य फसलों की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य समय पर प्राप्त करने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान मंत्री ने कहा कि राज्य में मानसून की अनुकूल स्थिति का लाभ उठाते हुए किसानों को कृषि कार्यों में हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बताया कि राज्य में धान नर्सरी का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है तथा अब धान रोपनी का कार्य भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। साथ ही शारदीय (खरीफ) मक्का की बुआई में भी संतोषजनक प्रगति दर्ज की गई है। मंत्री ने कहा कि कृषि विभाग का उद्देश्य केवल लक्ष्य प्राप्त करना नहीं, बल्कि प्रत्येक किसान तक समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक एवं अन्य कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी जिला कृषि पदाधिकारियों को निदेश दिया कि वे नियमित रूप से क्षेत्रीय भ्रमण कर बुआई एवं रोपनी कार्यों की निगरानी करें तथा किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान संभावित बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति पर भी विशेष चर्चा की गई।

# जगन्नाथ महाकथा के प्रथम दिन भक्तों को सुनाई गयी भगवान की प्रकट लीला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से आयोजित होनेवाले भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा महोत्सव के पहले दिन भगवान जगन्नाथ महाकथा के पहले दिन परम भक्ति प्रमोद भागवत स्वामी महाराज ने मंगलवार की कथा में भगवान जगन्नाथ की प्रकट लीला सुनाई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन ने किया। इस मौके पर प्रो नंदन ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की कथा सुनने से मनुष्य को जन्म मृत्यु के पाप से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि हिन्दु धर्म में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा व उनकी महाकथा का बहुत ही महत्व है। और कहा जाता है कि रथयात्रा में रथ पर भगवान को देखने और रथ का रस्सी स्पर्श करने से मनोकामना की पूर्ति होती है। जगन्नाथ महाकथा के प्रथम दिन भक्ति प्रमोद भागवत स्वामी महाराज ने बताया कि राजा इंद्रद्युम्न और भगवान जगन्नाथ के प्राकट्य की लीला अत्यंत मधुर और प्रसिद्ध है। उन्होंने बताया कि राजा इंद्रद्युम्न, जो एक महान वैष्णव राजा थे, ने एक दिन नीलमाधव नाम से भगवान विष्णु की अद्भुत मूर्ति के बारे में सुना। कहा जाता था कि भगवान नीलमाधव घने वन में शबर (सवरा) जाति के प्रमुख विश्वावसु द्वारा गुप्त रूप से पूजे जाते थे।

# कम उम्र के युवाओं में बढ़ रही फर्टिलिटी से जुड़ी समस्याएं : डॉ. अनुपम कुमारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पहले फर्टिलिटी से जुड़ी समस्याओं को बढ़ती उम्र से जोड़कर देखा जाता था, लेकिन अब 20 से 30 वर्ष की आयु के युवाओं में भी ऐसी समस्याएं तेजी से सामने आ रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि बदलती जीवनशैली, हार्मोनल असंतुलन, तनाव और पर्यावरणीय कारण इसके प्रमुख कारण बन रहे हैं। बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, पटना की फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. अनुपम कुमारी ने कहा अब फर्टिलिटी को केवल उम्र से जोड़कर देखना पर्याप्त नहीं है। बदलती जीवनशैली, तनाव, नींद की कमी, असंतुलित खानपान और शारीरिक गतिविधियों में कमी का असर महिलाओं और पुरुषों, दोनों की प्रजनन क्षमता पर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं में अनियमित मासिक चक्र, पीएमओएस, वजन बढ़ना और ओव्यूलेशन से जुड़ी समस्याएं जबकि पुरुषों में शुक्राणुओं की संख्या, गतिशीलता और गुणवत्ता में कमी जैसी समस्याएं देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच, संतुलित जीवनशैली, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और जरूरत पड़ने पर फर्टिलिटी विशेषज्ञ से सलाह लेने से कई मामलों में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। यदि 35 वर्ष से कम उम्र में 12 महीने और 35 वर्ष या उससे अधिक उम्र में 6 महीने तक नियमित प्रयास के बावजूद गर्भधारण न हो तो फर्टिलिटी विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में 'कौशल युवा कार्यक्रम' का शुभारंभ आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा (वैशाली)।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर 15 जुलाई 2026 को कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा में 'कौशल युवा कार्यक्रम' का भव्य लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को आधुनिक, रोजगारोन्मुख एवं गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। एकेडमी के निदेशक एवं संस्थापक डॉ. आनंद रंजन झा ने बताया कि तेजी से बदलते तकनीकी दौर में युवाओं को व्यावहारिक एवं डिजिटल कौशल से सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से कौशल युवा कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को कम्प्यूटर शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, व्यक्तित्व विकास, रोजगार की तैयारी तथा विभिन्न जॉब-ओरिएंटेड एवं हाई-टेक कोर्सों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्व युवा कौशल दिवस युवाओं को कौशल विकास के प्रति जागरूक करने और उन्हें बेहतर रोजगार के अवसरों से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर है। कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी पिछले 20 वर्षों से शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रही है और यह नया कार्यक्रम युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। डॉ. झा ने क्षेत्र के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षाविदों एवं गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की।

# एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने कौशल विकास से 9.6 लाख लोगों को किया सशक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर एचडीएफसी बैंक की सीएसआर पहल एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने बताया कि उसकी कौशल विकास और आजीविका संवर्धन पहलों से अब तक 9.6 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। इनमें 1.96 लाख से अधिक युवाओं को औपचारिक कौशल प्रशिक्षण तथा 7.6 लाख महिलाओं और किसानों को आजीविका एवं उद्यमिता से जुड़ा सहयोग प्रदान किया गया है। एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के तहत स्वास्थ्य सेवा, खुदरा, लॉजिस्टिक्स, बैंकिंग, आईटी और डिजिटल प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही प्रतिभागियों को डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, सॉफ्ट स्किल्स और रोजगार सहायता भी उपलब्ध कराई जाती है। एचडीएफसी बैंक की सीएसआर प्रमुख नुसरत पठान ने कहा, कौशल विकास आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक प्रगति का प्रभावी माध्यम है। हमारा लक्ष्य उद्योग की जरूरतों के अनुरूप कौशल विकास, उद्यमिता सहायता और रोजगार के अवसरों के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। कंपनी के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रशिक्षण पूर्णता दर लगभग 85 प्रतिशत रही, जबकि रोजगार प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की औसत मासिक आय करीब 15,000 रुपये रही। वर्तमान में एचडीएफसी बैंक परिवर्तन देश के सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में 150 से अधिक परियोजनाओं के माध्यम से कौशल विकास, आजीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में कार्य कर रहा है।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पिस्का व मुरी स्टेशनों का कायाकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**







**कोलकाता।** भारतीय रेल की महत्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल स्थित पिस्का एवं मुरी रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास पूरा कर लिया गया है। दोनों स्टेशनों को आधुनिक यात्री सुविधाओं और उन्नत आधारभूत संरचना से सुसज्जित किया गया है जिससे यात्रियों को अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और आरामदायक यात्रा अनुभव मिलेगा। दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अमृत भारत स्टेशन योजना का उद्देश्य देशभर के रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण कर उन्हें स्वच्छ, आकर्षक, यात्री-अनुकूल और विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस बनाना है। इसी क्रम में पिस्का और मुरी स्टेशनों का व्यापक विकास कार्य किया गया है। रांची जिले में स्थित पिस्का रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से रांची एवं आसपास के क्षेत्रों के हजारों दैनिक यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। बेहतर यात्री सुविधाओं और रेल संपर्क से क्षेत्र के आर्थिक विकास, निवेश तथा पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वहीं मुरी रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण क्षेत्रीय परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह स्टेशन औद्योगिक क्षेत्रों, सांस्कृतिक धरोहरों और धार्मिक स्थलों तक बेहतर संपर्क उपलब्ध कराते हुए झारखंड के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाएगा। पुनर्विकास के तहत दोनों स्टेशनों पर आधुनिक स्टेशन भवन, नया सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग क्षेत्र, लिफ्ट, फुट ओवर ब्रिज, दिव्यांगजन-अनुकूल सुविधाएं, नए प्लेटफॉर्म शेल्टर, उन्नत प्लेटफॉर्म, पेयजल बूथ, नया बुकिंग काउंटर, प्रतीक्षालय, स्थानीय कला एवं संस्कृति पर आधारित आकर्षक सज्जा, बैठने की बेहतर व्यवस्था तथा ट्रेन एवं कोच इंडिकेटर बोर्ड जैसी सुविधाएं विकसित की गई है। दक्षिण पूर्व रेलवे ने कहा कि इन परियोजनाओं से यात्रियों की सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा और रेलवे स्टेशनों को आधुनिक, सुरक्षित एवं अधिक उपयोगी परिवहन केंद्र के रूप में विकसित करने के लक्ष्य को बल मिलेगा।

# महायोगी गुरुगोरक्षनाथ स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत आयोजित महायोगिगुरुगोरक्षनाथ स्मृति दस दिवसीय अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का भव्य उद्घाटन समारोह संस्कृतमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह संस्था द्वारा आयोजित लगातार 46 वां संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर है जिसमें देश-विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के प्राचार्य, आचार्य, सह आचार्य, शिक्षकों एवं संस्कृत अनुरागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभियान के प्रधान संरक्षक एवं पूर्वगृह सचिव डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि महायोगी गोरक्षनाथ जी नाथ सम्प्रदाय के संस्थापक, हठयोगी, सनातन संस्कृति के संरक्षक एवं मानवीय संवेदना के महत्व प्रदान करने वाले महान संत थे। अपने अध्यक्षीय भाषण में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि महायोगी गोरक्षनाथ ने योग से ही नीरोग रहा जा सकता है। इस बात पर विस्तार अपने रचित पुस्तकों में चर्चा की। उन्होंने कहा कि महायोगी गोरक्षनाथ की पुस्तकों का अध्ययन अति आवश्यक है।

# टिकट चेकिंग अभियान में आरा स्टेशन पर 678 बिना टिकट/अनियमित टिकट यात्री पकड़े गए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जा रहा है। इसी क्रम में 14.07.2026 (मंगलवार) को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक दानापुर के निर्देशनुसार दानापुर मंडल के पटना-पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड के आरा स्टेशन पर वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की एक विशेष टिकट चेकिंग टीम बनाकर एक विशेष टिकट चेकिंग स्पेशल ट्रेन (लाल गाड़ी) के साथ एक सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान इस स्टेशन से गुजरने वाली लगभग सभी ट्रेनों को अतिरिक्त ठहराव लेकर प्रमुखता से चेक किया गया। इस विशेष लाल गाड़ी टिकट चेकिंग अभियान में 678 बिना टिकट/अनियमित टिकट वाले यात्रियों से जुर्माने के रूप में 389035/- रुपए रेल राजस्व अर्जित किया गया ।

# रक्तांचल सीजन-3 के प्रमोशन के लिए पटना पहुंचे अभिनेता क्रांति प्रकाश और निकितिन धीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्वांचल की राजनीति, अपराध और माफिया की दुनिया पर आधारित चर्चित क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज 'रक्तांचल सीजन-3' के प्रमोशन के सिलसिले में अभिनेता क्रांति प्रकाश झा, निकितिन धीर और निर्देशक रितम श्रीवास्तव पटना पहुंचे। होटल चाणक्या में आयोजित प्रेस वार्ता में कलाकारों ने सीरीज के नए सीजन, अपने किरदारों और बिहार से मिले प्यार को लेकर खुलकर बातचीत की। मीडिया से बातचीत करते हुए कलाकारों ने कहा कि रक्तांचल सिर्फ एक गैंगवार की कहानी नहीं, बल्कि सत्ता, राजनीति, विश्वासघात और बदले की उस मानसिकता की कहानी है जो समय के साथ और भी खतरनाक होती चली जाती है। तीसरे सीजन में दर्शकों को पहले से कहीं अधिक रोमांच, बड़े ट्विस्ट और दमदार एक्शन देखने को मिलेगा। अभिनेता क्रांति प्रकाश झा ने कहा कि बिहार हमेशा मेरे लिए बेहद खास रहा है। यहां के दर्शकों ने 'रक्तांचल' के दोनों सीजन को भरपूर प्यार दिया।

# भारत टेक्स 2026 में बिहार ने उभरते टेक्सटाइल हब के रूप में दर्ज कराई सशक्त उपस्थिति

## गिरिराज सिंह एवं श्रेयसी सिंह ने किया बिहार पवेलियन का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** देश के सबसे बड़े वैश्विक टेक्सटाइल आयोजन भारत टेक्स 2026 का शुभारंभ आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में हुआ। 17 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाले इस चार दिवसीय आयोजन का उद्घाटन केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने किया। इस अवसर पर वस्त्र राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा, वस्त्र सचिव नीलम शामी राव, उद्योग विभाग, बिहार सरकार के सचिव कुंदन कुमार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। पहले दिन ही कई निवेशकों ने बिहार सरकार के साथ 1400 करोड़+ के एमओयू पर हस्ताक्षर किए। पार्टनर स्टेट के रूप में भाग ले रहे बिहार ने टेक्सटाइल एवं परिधान क्षेत्र में अपनी बढ़ती क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। भारत मंडपम के हॉल संख्या 11ए में स्थापित बिहार पवेलियन का उद्घाटन केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह एवं बिहार की उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उद्योग विभाग, बिहार सरकार के सचिव कुंदन कुमार, बिहार भवन के स्थानिक आयुक्त मनोज कुमार सिंह, हथकरघा एवं रेशम निदेशालय के डॉ. विद्या नंद सिंह तथा उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

नवबिहार टाइम्स
बोकारो, बुधवार 15 जुलाई 2026

# संपादकीय

## लॉरेंस बिश्नोई के नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई जरूरी..

लॉरेंस बिश्नोई अगर जेल में बंद रहते हुए भी अपनी आपराधिक योजनाओं को अंजाम दे पाता था, तो उसमें यही पहलू सबसे अहम है कि उसे तकनीकी संसाधन कैसे हासिल हुए और उसे मुहैया कराने तथा आसानी से उसका इस्तेमाल करने की सुविधा उसे किसके संरक्षण में मिलती थी।यह चिंता की बात है कि देश की जेल में बंद होने के बावजूद किसी कैदी पर अपनी आपराधिक गतिविधियां संचालित करने के आरोप लगते हैं और मामला अन्य देशों के दायरे में भी पहुंच जाता है। सरकार को जहां समय रहते इस मसले पर सख्त कदम उठाना चाहिए था, वहां उसने लगातार इस सवाल की अनदेखी की कि जेल में होने के बावजूद कोई कैदी कैसे अपनी मनमानी कर पा रहा है और उसे किसका संरक्षण मिला हुआ है।ऐसे आरोप आम रहे हैं कि कुख्यात अपराधी लारेंस बिश्नोई जेल में बंद होने के बावजूद देश और विदेश में काम कर रहे अपने गिरोह के जरिए हत्या, रंगदारी और फिरौती जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम देता रहा है।अब अमेरिका के न्याय विभाग के आरोपपत्र में लारेंस बिश्नोई गिरोह को अभिनेता सलमान खान के घर पर गोलीबारी, पंजाबी अभिनेता और गायक गिप्पी ग्रेवाल को धमकी तथा पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या को अंजाम दिलाने जैसी कई घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। आरोपपत्र में यह भी कहा गया है कि इस संगठित गिरोह के सदस्यों ने अक्सर भारत और विदेश में बसे भारतीय समुदाय की सांस्कृतिक और राजनीतिक हस्तियों तथा बड़े व्यावसायियों को हिंसा का निशाना बनाया। जाहिर है, लारेंस बिश्नोई की हरकतों के बारे में जितनी भी जानकारी सामने आ सकी है, उस आलोक में अमेरिका के न्याय विभाग के आरोपपत्र में आए तथ्य हैरान नहीं करते हैं। मगर यह समझना मुश्किल है कि वह अपनी आपराधिक योजनाएं बनाने से लेकर उन्हें अंजाम देने तक की सुविधाएं कैसे और किसके जरिए हासिल करता रहा। अब एक अभियान के तहत अमेरिका, कनाडा और स्पेन की कानून प्रवर्तन एजंसियों ने मिल कर जो कार्रवाई की है, उसमें तीन देशों में चौबीस लोगों की गिरफ्तारी की गई और सैंतीस के खिलाफ आरोप तय किए गए। के लिए किसी अन्य देश में आरोपपत्र तय किए जाते हैं, लेकिन भारत में ऐसी ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई, जिससे जेल में बंद एक कुख्यात कैदी को अपना अपराध-तंत्र संचालित करने से रोका जा सके। बिश्नोई के गिरोह के सदस्य सोशल मीडिया पर अपना प्रभाव बढ़ाने और भय पैदा करने के लिए खुलेआम धमकी जारी करते थे, तो उनके खिलाफ समय पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई?गौरतलब है कि कनाडा में एक खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लारेंस बिश्नोई गिरोह पर लगा था और उसी संदर्भ में भारत और कनाडा के बीच गंभीर कूटनीतिक विवाद पैदा हो गया था।

**पृथ्वी आज जिस सबसे बड़े पर्यावरणीय संकट से जूझ रही है, उसमें जलवायु परिवर्तन, जैव-विविधता का क्षरण और प्रदूषण के साथ-साथ प्लास्टिक प्रदूषण भी एक गंभीर वैश्विक चुनौती बन चुका है। कभी आधुनिक जीवन की सुविधा और विकास का प्रतीक मानी जाने वाली प्लास्टिक आज मानव सभ्यता के लिए अभिशाप सिद्ध हो रही है। विशेष रूप से सिंगल-यूज प्लास्टिक बैग ने हमारी जीवन-शैली को इतना जकड़ लिया है कि उससे मुक्ति के बिना न स्वच्छ पर्यावरण की कल्पना की जा सकती है और न ही स्वस्थ भविष्य की। इसी चिंता को लेकर प्रतिवर्ष 3 जुलाई को 'अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस' मनाया जाता है। यह केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चेतावनी का दिन है कि यदि अब भी हमने अपनी आदतें नहीं बदलीं तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें कभी क्षमा नहीं करेंगी।**

## प्लास्टिक बैग से जकड़ी जीवन-शैली से पर्यावरण तबाह

(ललित गर्ग )

आज विश्व में हर वर्ष लगभग 40 करोड़ टन प्लास्टिक का उत्पादन हो रहा है। संयुक्त राष्ट पर्यावरण कार्यक्रम के अनुसार इसका एक बड़ा हिस्सा केवल एक बार उपयोग के बाद कचरे में बदल जाता है। अनुमान है कि प्रतिवर्ष लगभग 1.1 से 1.4 करोड़ टन प्लास्टिक समुद्रों में पहुँच जाता है।

पृथ्वी आज जिस सबसे बड़े पर्यावरणीय संकट से जूझ रही है, उसमें जलवायु परिवर्तन, जैव-विविधता का क्षरण और प्रदूषण के साथ-साथ प्लास्टिक प्रदूषण भी एक गंभीर वैश्विक चुनौती बन चुका है। कभी आधुनिक जीवन की सुविधा और विकास का प्रतीक मानी जाने वाली प्लास्टिक आज मानव सभ्यता के लिए अभिशाप सिद्ध हो रही है। विशेष रूप से सिंगल-यूज प्लास्टिक बैग ने हमारी जीवन-शैली को इतना जकड़ लिया है कि उससे मुक्ति के बिना न स्वच्छ पर्यावरण की कल्पना की जा सकती है और न ही स्वस्थ भविष्य की। इसी चिंता को लेकर प्रतिवर्ष 3 जुलाई को 'अंतर्राष्टीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस' मनाया जाता है। यह केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चेतावनी का दिन है कि यदि अब भी हमने अपनी आदतें नहीं बदलीं तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें कभी क्षमा नहीं करेंगी।

आज विश्व में हर वर्ष लगभग 40 करोड़ टन प्लास्टिक का उत्पादन हो रहा है। संयुक्त राष्ट पर्यावरण कार्यक्रम के अनुसार इसका एक बड़ा हिस्सा केवल एक बार उपयोग के बाद कचरे में बदल जाता है। अनुमान है कि प्रतिवर्ष लगभग 1.1 से 1.4 करोड़ टन प्लास्टिक समुद्रों में पहुँच जाता है। यदि यही स्थिति बनी रही तो वर्ष 2050 तक समुद्रों में मछलियों से अधिक प्लास्टिक होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। यह केवल एक आँकड़ा नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के लिए भयावह भविष्य का संकेत है। सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि प्लास्टिक अब केवल धरती पर बिखरा कचरा नहीं रहा, बल्कि हमारे शरीर का भी हिस्सा बन चुका है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि हवा, पानी, भोजन, नमक, दूध, शहद और यहाँ तक कि मानव रक्त, फेफड़ों तथा गर्भनाल में भी माइक्रोप्लास्टिक के कण पाए जा चुके हैं। एक सामान्य व्यक्ति प्रतिवर्ष हजारों सूक्ष्म प्लास्टिक कण भोजन, पेयजल और साँस के माध्यम से अपने शरीर में पहुँचा रहा है। यह स्थिति कैंसर, हार्मोनल असंतुलन, हृदय रोग, प्रजनन संबंधी समस्याओं और प्रतिरक्षा तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव जैसी अनेक स्वास्थ्य चुनौतियों को जन्म दे रही है। आधुनिक जीवनशैली में प्लास्टिक बैग हमारी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं। सब्ज़ी और किराने की खरीदारी से लेकर कपड़े, दवाइयाँ, भोजन, ऑनलाइन डिलीवरी, उपहार पैकिंग और घरेलू सामान तक लगभग हर कार्य में प्लास्टिक बैग का उपयोग हो रहा है। सुविधा और सस्तेपन के कारण इनका प्रयोग लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे हमारा जीवन मानो प्लास्टिक की गिरफ्त में आ गया है। एक बार उपयोग के बाद फेंके जाने वाले ये बैग पर्यावरण, जल स्रोतों, वन्यजीवों और मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। इसलिए समय की मांग है कि हम कपड़े, जूट या कागज़ के थैलों को अपनाकर प्लास्टिक बैग से मुक्ति का संकल्प लें।



प्लास्टिक केवल मनुष्य के स्वास्थ्य का ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण पर्यावरण का भी शत्रु है। यह मिट्टी की उर्वरता को कम करता है, जल स्रोतों को प्रदूषित करता है, नालियों को जाम कर शहरी बाढ़ का कारण बनता है तथा पशु-पक्षियों और समुद्री जीवों की असमय मृत्यु का कारण बनता है। गायों के पेट से कई-कई किलो प्लास्टिक निकलने की घटनाएँ अब सामान्य हो गई हैं। समुद्री कछुए, डॉल्फिन, व्हेल और पक्षी प्लास्टिक को भोजन समझकर निगल लेते हैं और धीरे-धीरे मृत्यु का शिकार बन जाते हैं। इस प्रकार प्लास्टिक केवल पर्यावरण नहीं, बल्कि जीवन के पूरे जैविक तंत्र को नष्ट कर रहा है। विडम्बना यह है कि प्लास्टिक का सबसे बड़ा आकर्षण उसकी सुविधा है और यही सुविधा सबसे बड़ा संकट बन गई है। कुछ मिनटों के उपयोग के लिए बना प्लास्टिक बैग सैकड़ों वर्षों तक नष्ट नहीं होता। जिस वस्तु का उपयोग हम कुछ मिनट करते हैं, उसका दुष्प्रभाव कई पीढ़ियाँ भुगतती हैं। सुविधा की यह संस्कृति वास्तव में विनाश की संस्कृति बनती जा रही है।

भारत में भी प्लास्टिक प्रदूषण एक गंभीर चुनौती है। देश में प्रतिदिन हजारों टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, जिसका बड़ा भाग खुले में पड़ा रहता है या नदियों एवं समुद्र तक पहुँच जाता है। विभिन्न राज्यों ने सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया है, किन्तु प्रतिबंध का प्रभाव तभी दिखाई देगा जब समाज स्वयं इसके प्रति जागरूक होगा। केवल कानून से आदतें नहीं बदलतीं, उसके लिए सामाजिक चेतना आवश्यक होती है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने इस दिशा में अनेक सकारात्मक पहल की हैं। स्वच्छ भारत अभियान, सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व जैसी नीतियाँ महत्त्वपूर्ण कदम हैं। किंतु इनकी सफलता तभी संभव है जब उद्योग, व्यापार, स्थानीय निकाय और आम नागरिक समान रूप से अपनी जिम्मेदारी निभाएं। आज आवश्यकता केवल प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की नहीं, बल्कि जीवनशैली बदलने की है। जब तक हमारी खरीदारी की आदतें नहीं बदलेंगी, तब तक प्लास्टिक का उपयोग कम नहीं होगा। कपड़े या जूट का थैला साथ रखना, पुनः उपयोग योग्य बोतलों और डिब्बों का प्रयोग करना, अनावश्यक पैकेजिंग से बचना तथा स्थानीय स्तर पर पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों को बढ़ावा देना-ये छोटे-छोटे कदम बड़े परिवर्तन का आधार बन सकते हैं। उद्योगों की भी बड़ी जिम्मेदारी है। उत्पादों की पैकेजिंग को पर्यावरण-अनुकूल बनाना, पुनर्चक्रण योग्य सामग्री का उपयोग करना और प्लास्टिक कचरे के संग्रह एवं पुनर्चक्रण की व्यवस्था सुनिश्चित करना समय की माँग है। केवल लाभ कमाने की मानसिकता से प्रकृति का संरक्षण संभव नहीं है। उद्योगों को 'ग्रीन बिजनेस' की दिशा में आगे बढ़ना होगा। शिक्षा संस्थानों की भूमिका भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। यदि विद्यालयों और महाविद्यालयों में पर्यावरणीय जीवनशैली को व्यवहार का हिस्सा बनाया जाए, बच्चों को कपड़े के थैले उपयोग करने, प्लास्टिक-मुक्त परिसर बनाने और पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों से जोड़ा जाए, तो आने वाली पीढ़ियाँ अधिक संवेदनशील बनेंगी। पर्यावरण शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तक का विषय नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार बननी चाहिए।

आज पूरी दुनिया 'सर्कुलर इकोनॉमी' की ओर बढ़ रही है, जहाँ उत्पादों का पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण और संसाधनों का न्यूनतम दोहन प्रमुख लक्ष्य है। भारत के लिए भी यही भविष्य का मार्ग है। यदि हम पारंपरिक भारतीय जीवन-पद्धति को देखें तो वहाँ कपड़े के झोले, मिट्टी के बर्तन, धातु के पात्र और प्राकृतिक संसाधनों का पुनः उपयोग सामान्य जीवन का हिस्सा थे। आधुनिकता के नाम पर हमने इन्हें छोड़ दिया और प्लास्टिक को अपना लिया। अब समय आ गया है कि आधुनिक विज्ञान और भारतीय परंपरा का समन्वय करते हुए टिकाऊ जीवनशैली अपनाई जाए। यह भी समझना होगा कि प्लास्टिक प्रदूषण केवल सरकार का विषय नहीं है। यह प्रत्येक नागरिक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। जिस दिन प्रत्येक व्यक्ति यह संकल्प ले ले कि वह प्लास्टिक बैग स्वीकार नहीं करेगा, उसी दिन इस समस्या का बड़ा समाधान प्रारम्भ हो जाएगा। बाजार वही वस्तु देता है जिसकी माँग होती है। यदि माँग समाप्त होगी तो आपूर्ति भी स्वतः कम हो जाएगी।

अंतर्राष्टीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस हमें केवल प्लास्टिक छोड़ने का संदेश नहीं देता, बल्कि यह प्रकृति के साथ हमारे रिश्ते को पुनर्जीवित करने का अवसर भी है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि पृथ्वी हमारे पूर्वजों की विरासत नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की धरोहर है। यदि हम इसे सुरक्षित नहीं रख पाए तो विकास के सारे दावे अर्थहीन हो जाएँगे। महात्मा गांधी ने कहा था-''प्रकृति प्रत्येक मनुष्य की आवश्यकता पूरी कर सकती है, लेकिन किसी एक के लालच को नहीं।'' आज यह कथन पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। प्लास्टिक का अनियंत्रित उपयोग हमारी आवश्यकताओं का नहीं, बल्कि उपभोक्तावादी लालच का परिणाम है।

आइए इस 3 जुलाई को केवल एक दिवस न मानें, बल्कि एक जन-आंदोलन का प्रारंभ करें। अपने घर, परिवार, विद्यालय, कार्यालय और बाजार से प्लास्टिक बैग को विदा करने का संकल्प लें। कपड़े का थैला हमारी पहचान बने, पर्यावरण हमारी प्राथमिकता बने और स्वच्छ पृथ्वी हमारी विरासत बने। जब प्लास्टिक का उपयोग घटेगा, तभी प्रकृति मुस्कुराएगी, जब प्रकृति मुस्कुराएगी, तभी मानवता का भविष्य सुरक्षित होगा। यही अंतर्राष्टीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस का वास्तविक संदेश है और यही हमारे समय का सबसे बड़ा पर्यावरणीय धर्म भी।लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार है।

## एक मासूम, कई हैवान, हमारी सामूहिक खामोशी

(तवलीन सिंह)

यह सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि हमारे समय का सबसे शर्मनाक सच है, जहां राजनीति, प्रशासन और न्याय व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

राजस्थान की बच्ची से जुड़े जघन्य अपराध के बहाने यह लेख समाज, राजनीति और न्याय व्यवस्था की सामूहिक जवाबदेही पर गंभीर सवाल उठाता है। राजस्थान की एक बेटी की कहानी सुनकर पिछले सप्ताह मुझे दुख और गुस्से से ज्यादा शर्मिंदगी महसूस हुई। कैसा देश है हमारा कि एक बच्ची के साथ बत्तीस दरिंदों ने पांच दिनों तक बलात्कार किया और किसी को पता तक नहीं लगा। बच्ची को एक होटल से दूसरे होटल में ले जाया जाता था, फिर भी न शहर के शासकों को खबर हुई और न पुलिस को।

कैसे? क्यों? बच्ची को आटो चालक ने अगवा करके किसी होटल मालिक को बेचा। उसने आगे कई और होटल मालिकों के हवाले बच्ची को किया और इंटरनेट पर उसकी फोटो डाल कर दरिंदों को आमंत्रित किया।

किसी तरह जब वह इस नरक से जान बचा कर भागी, तो उसका इतना बुरा हाल हो चुका था कि उसकी जान अस्पताल में भी कोई नहीं बचा सका। दरिंदों को पकड़ कर रस्सियों से बांध कर शहर की सड़कों पर पिटवाने की घटना तो चर्चा का विषय बनी, लेकिन आगे क्या होगा वह भी सुन लीजिए। उनको जेल भेजा जाएगा जरूर और जिनकी थोड़ी बहुत पहुंच है, उनकी जमानत भी शायद हो जाएगी।

**जम्मू के ब्लात्कारियों का क्या हुआ किसी को नहीं पता–** उसके बाद कई साल उन पर मुकदमा चलेगा। इतने साल गुजर जाएंगे कि दुनिया भूल जाएगी कि उनका अपराध क्या था। क्या आप जानते हैं कि उस बच्ची के बलात्कारियों के साथ क्या हुआ था, जिन्होंने उस मासूम को जम्मू के एक मंदिर में बेहोश कर उससे बलात्कार किया था और जब मरने वाली थी, तो उसे मार डाला उसका सिर फोड़ कर? दंडित हुए भी हैं क्या? कोई नहीं जानता, क्योंकि उस बच्ची की कहानी हम बहुत पहले भूल चुके हैं।

राजस्थान की इस बच्ची की कहानी सुन कर कई नेता-अभिनेता दुख व्यक्त कर चुके हैं सोशल मीडिया पर, बिल्कुल वैसे जैसे जम्मू की उस छोटी-सी बच्ची की कहानी सुन कर हुआ था। दुख व्यक्त करने वाले हमारे देश में बहुत सारे लोग हैं, लेकिन इस किस्म के घिनौने अपराधों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने के लिए बहुत कम लोग सामने आते हैं।

क्यों नहीं दुख व्यक्त करने वाले ये लोग दबाव डालते हैं हमारे शासकों पर कि जब बच्चियों के साथ ऐसा होता है, तो खास अदालतों में मुकदमा चलना चाहिए, ताकि दशकों तक मुकदमा चलता न रहे? क्यों नहीं ऊंची आवाज में कहते हैं कि भारत का सिर शर्म से झुक जाना चाहिए कि रोज इस देश में बलात्कार के मामले दर्ज होते हैं। हर साल 31 हजार मामले दर्ज होते हैं, लेकिन जब अदालतों तक बात पहुंचती है, तो केवल 30 फीसद बलात्कारी दंडित होते हैं।

ऐसा क्यों है? यह सवाल हमको बार-बार पूछना चाहिए अपने राजनेताओं से, लेकिन हम इसलिए पूछते नहीं हैं, क्योंकि हम जानते हैं कि इन लोगों को ऐसी बातों की कोई परवाह नहीं है। उनका ध्यान रहता है बड़ी-बड़ी चीजों पर जैसे कि संसद में महिलाओं के लिए सीटों को आरक्षित करना। जैसे महिलाओं के वोट बटोरने के लिए उनको हर महीने पंद्रह सौ से दो हजार रुपए दिलवाना, जैसे शहर की बसों में उनके लिए मुफ्त यात्रा का इंतजाम करना, लेकिन जब हमारे देश में किसी शर्मनाक घटना के बारे में जानकारी मिलती है, तो हमारे नेता अपने बिलों में घुस जाते हैं, ताकि उनके पास कोई शिकायत लेकर न आए।

लोकसभा के अंदर कुछ महिला सांसद हैं जो आवाज उठाती हैं जब कोई बहुत ही शर्मनाक घटना घटती है, लेकिन उसके बाद कभी नहीं मालूम करने की कोशिश करती हैं कि न्याय हुआ है उस बच्ची के साथ या नहीं? बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ। नारा अच्छा है, बहुत अच्छा है।

**राजस्थान के सीएम ने कोई आवाज नहीं उठाई–** अपने प्रधानमंत्री ने एक अरसा पहले यह नारा देश की बेटियों को दिया था और कई कोशिशें अपनी तरफ से की थीं यह साबित करने के लिए कि उनके दिल में देश की बेटियों के लिए कितना प्यार है, लेकिन वास्तव में प्यार जताना होता, तो प्रधानमंत्री ऐसी घटनाओं के खिलाफ अपनी आवाज तो कम से कम उठाते। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। इसलिए इतना तो हो सकता है न कि मुख्यमंत्री अपनी आवाज उठाएं। सच यह है कि बलात्कार भी राजनीतिक लिबास पहने हुए है। जब कोई घटना घटती है किसी कांग्रेस शासित राज्य में, तो भाजपाई खूब हल्ला मचाते हैं और जब भाजपा शासित राज्यों में ऐसी घटनाएं होती हैं, तो हल्ला बोलते हैं कांग्रेस के लोग। इन नेताओं के आंसू घड़ियाली न होते, तो देश की बेटियों की किस्मत इतनी बुरी न होती। दरिंदों को रोकना है, तो सामाजिक स्तर पर काम होना जरूरी है और कानूनी स्तर पर भी। ये सारी चीजें तब होने लगेंगी, जब राजनेता नेतृत्व दिखाएंगे।

## सिद्धान्तविहीन राजनीति का बदलता चेहरा

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

**बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय और बिपिन चंद्र पाल यानी लाल-बाल-पाल जैसे नेताओं ने इसे ब्रिटिश नीतियों के खिलाफ सीधे संघर्ष का रूप दे दिया। सन् 1907 के सूरत अधिवेशन में पार्टी की नीतियों के कारण उसका विभाजन गरम दल और नरम दल के रूप में हो गया। एक घटक ने आजाद हिन्द फौज बनाई तो दूसरे ने कांग्रेस पर कब्जा कर लिया। सन् 1920 में नागपुर अधिवेशन आयोजित किया गया। मोहनदास कर्मचन्द गांधी के आगमन के साथ कांग्रेस का चरित्र पूरी तरह बदल गया। पार्टी के संविधान में परिवर्तन किये गये। परिवर्तनों का यह क्रम आज तक चल रहा है। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनसंघ की स्थापना 21 अक्टूबर 1951 को कलकत्ता में जन्मे डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने दिल्ली के राघोमल आर्य कन्या उच्च विद्यालय में एक राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान की थी।**

देश में राजनैतिक बिसात पर नित नये पैतरे देखने को मिल रहे हैं। स्वार्थवादी सिद्धान्तों ने संचयकारी सोच के साथ मिलकर आदर्शवादी मूल्यों को तिलांजलि देना शुरू कर दिया है। पार्टियों के मूल उद्देश्य किस्तों में कत्ल किया जा रहे है। दल-बदल से लेकर संगठनों के जोड-तोड तक की घटनायें सामने आ रहीं हैं। ऐसे में राजनैतिक दलों की स्थापनाओं और उनके उद्देश्यों के प्रकाश में वर्तमान की समीक्षा अतिआवश्यक हो जाती है। स्काटलैण्ड के मोंट्रोस शहर में जन्मे ब्रिटिश अफसर एलन ऑक्टेवियन ह्यूम ने 28 दिसंबर 1885 को भारतीय राष्टीय कांग्रेस की स्थापना की थी जिसका उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों के शिक्षित और बुद्धिजीवी भारतीयों को एक साझा राजनीतिक मंच प्रदान करना था ताकि भारतीयों की समस्याओं, शिकायतों और मांगों को ब्रिटिश सरकार के समक्ष संवैधानिक ढंग से रखा जा सके लेकिन सन् 1905 के बंगाल विभाजन के दौरान पार्टी एक जन-आंदोलन में बदलने लगी। बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय और बिपिन चंद्र पाल यानी लाल-बाल-पाल जैसे नेताओं ने इसे ब्रिटिश नीतियों के खिलाफ सीधे संघर्ष का रूप दे दिया। सन् 1907 के सूरत अधिवेशन में पार्टी की नीतियों के कारण उसका विभाजन गरम दल और नरम दल के रूप में हो गया। एक घटक ने आजाद हिन्द फौज बनाई तो दूसरे ने कांग्रेस पर कब्जा कर लिया। सन् 1920 में नागपुर अधिवेशन आयोजित किया गया। मोहनदास कर्मचन्द गांधी के आगमन के साथ कांग्रेस का चरित्र पूरी तरह बदल गया। पार्टी के संविधान में परिवर्तन किये गये। परिवर्तनों का यह क्रम आज तक चल रहा है। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनसंघ की स्थापना 21 अक्टूबर 1951 को कलकत्ता में जन्मे डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने दिल्ली के राघोमल आर्य कन्या उच्च विद्यालय में एक राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान की थी। इस दल को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वैचारिक समर्थन प्राप्त था। कांग्रेसी प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के द्वारा सन् 1975 से 1977 कर आपातकाल लगा कर कथित तौर पर मनमानी, तानाशाही और गुण्डागिरी की गई। इसके विरोध स्वरूप सत्ताधारी कांग्रेस के विरोध में सभी प्रमुख विपक्षी दलों ने एकजुट होकर बिहार के सारण जिले के सिताब दियारा गांव में जन्मे जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व में सन् 1977 में जनता पार्टी का गठन किया गया जिसमें जनसंघ का भी विलय हो गया, परन्तु सन् 1980 में जनता पार्टी के भीतर दोहरी सदस्यता के विवाद और वर्चस्व की लड़ाई के कारण एक बडे घटक ने अटल बिहारी वाजपेई तथा लाल कृष्ण आडवारी के नेतृत्व में 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का गठन कर लिया। पार्टी का उद्देश्य एकात्म मानववाद पर आधारित भारत को एक सशक्त, आत्मनिर्भर, और समृद्ध राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करना था। वहीं पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले में स्थित अरबालिया गांव में जन्मे नरेंद्र नाथ भट्टाचार्य जिन्हें मानवेन्द्र नाथ राय भी कहा जाता है, ने उत्पादन के साधनों पर निजी स्वामित्व को समाप्त करके वर्गहीन और शोषण-मुक्त साम्यवादी समाज की स्थापना के उद्देश्य से 17 अक्टूबर 1920 को तत्कालीन सोवियत संघ के ताशकंद में कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना की। उसके बाद 26 दिसंबर 1925 को उत्तर प्रदेश के कानपुर में मानवेंद्र नाथ रॉय ने अपनी पत्नी इवलिन ट्रेंट रॉय और अबानी मुखर्जी के साथ मिलकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का गठन किया। महाराष्ट के पूना नगर में जन्मे बाल केशव ठाकरे ने शिवसेना की स्थापना 19 जून 1966 को मुंबई में मराठी मानुष और स्थानीय लोगों के अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य की थी जो बाद में कट्टर हिंदुत्व की विचारधारा वाली एक प्रमुख राजनीतिक पार्टी के रूप में विकसित हुई। राम मंदिर आन्दोलन से लेकर सनातन के विभिन्न आन्दोलनों में शिवसेना ने अहम भूमिका का निर्वहन किया। इसी तरह उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के सैफई गाँव में जन्मे मुलायम सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी की स्थापना 4 अक्टूबर 1992 को डाक्टर राम मनोहर लोहिया की विचारधारा पर आधारित समानता की परिकल्पना को साकार करने हेतु की थी ताकि आर्थिक और सामाजिक समानता के सिद्धांतों की व्यवहारिक परिणति की जा सके। बहुजन समाज पार्टी की स्थापना पंजाब के रूपनगर यानी रोपण जिले के खवासपुर यानी पिरथीपुर बुंगा गांव में जन्मे कांशीराम ने 14 अप्रैल 1984 को अंबेडकर जयंती के दिन की थी जिसका उद्देश्य डाक्टर भीमराव अंबेडकर, ज्योतिराव फुले तथा पेरियार के सिद्धान्तों के आधार पर कथित मनुवादी व्यवस्था को उखाडना था। पार्टी के संस्थापक का मानना था कि राजनीतिक सत्ता सभी समस्याओं की चाबी होती है। इसी तरह अनेक पार्टियों ने स्थापना काल में अनेक सकारात्मक उद्देश्यों का शंखनाद किया था। कहीं जातिगत हितों को साधने का मुद्दे रेखांकित किये गये तो कहीं भाषागत विभेद की खाई बढाने की कोशिशें हुईं। इन प्रयासों ने राजनैतिक रंग लेकर सत्ता सुख की कल्पनाओं को पंख देना शुरू कर दिये। वर्तमान में लगभग सभी पार्टियां अपने मूल सिद्धान्तों, आदर्शों और नीतियों को तिलांजलि देकर केवल और केवल स्वार्थ सिद्धि के प्रयासों में लगी हैं। चुनावी जंग से लेकर सिंहासन तक पहुंचने के लिए साम, दाम, दण्ड, भेद आजमाये जा रहे हैं। वर्तमान उप चुनाव में मध्य प्रदेश का दतिया और बिहार का बांकीपुर का टिकिट वितरण इसी का एक जीता जागता उदाहरण है। पार्टियों के लिए समर्पण, त्याग और सेवा के मूल्य समाप्त हो चुके हैं। चाटुकारिता, निजी हित और वैभव संकलन की संभावनायें ही योग्यता के नये मापदण्ड बन गये हैं। सिद्धान्तविहीन राजनीति का बदलता चेहरा किसी भी दशा में राष्ट्रहित की कसौटी पर खरा नहीं उतरता है। ऐसे में आम आवाम की राय कायम करने में वर्तमान कार्य, राष्ट्रीय प्रगति और समस्याओं से निजात पाने वाले कारक ही उत्तरदायी होंगे। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।



# जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने किया विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का निरीक्षण

## बच्चों के कल्याण और सारा के दिशानिर्देशों के अनुपालन के लिए दिए सख्त निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया (कटिहार)** । बच्चों की देखभाल और सुरक्षा के उच्चतम स्तर को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी पूर्णिया अंशुल कुमार ने विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का विस्तृत निरीक्षण किया। इस अवसर पर सहायक निदेशक बाल संरक्षण अमरेश कुमार एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सुमित प्रकाश भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य संस्थान में रह रहे बच्चों के रहन-सहन, स्वास्थ्य सुविधाओं और प्रशासनिक पारदर्शिता की समीक्षा करना था।विस्तृत निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने संस्थान के सभी महत्वपूर्ण अभिलेखों की बारीकी से जांच की। जिसमें मुख्य संस्थागत लॉग और व्यक्तिगत बाल विकास रजिस्टर शामिल थे। डीएम ने बच्चों के विकास चार्ट , चिकित्सा इतिहास




और मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़े रिकॉर्ड का मूल्यांकन किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक बच्चे को व्यक्तिगत देखभाल और उचित पोषण मिल रहा है।संस्थागत उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए जिला पदाधिकारी ने विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के समन्वयक को मौके पर ही कड़े निर्देश दिए। उन्होंने सहायक निदेशक बाल संरक्षण और बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष की उपस्थिति में समन्वयक को निर्देशित किया कि वे आवासित बच्चों के सर्वांगीण सुधार के लिए तत्काल प्रभाव से व्यापक उपाय लागू करें, जिसमें बेहतर आहार योजना,कड़े स्वच्छता मानक और नियमित स्वास्थ्य जांच शामिल हैं।इसके अलावा, जिला पदाधिकारी ने बाल गोद लेने और संस्थागत देखभाल को नियंत्रित करने वाले वैधानिक ढांचे के पूर्ण अनुपालन पर जोर दिया। उन्होंने समन्वयक को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे समाज कल्याण विभाग के आदेशों का कड़ाई से पालन करें और केंद्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के दिशानिर्देशों के अनुरूप ही संस्थान का संचालन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने कहा, "निराश्रित और संवेदनशील बच्चों का कल्याण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनकी देखभाल, सुरक्षा या कानूनी प्रक्रियाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संस्थान को पूरी पारदर्शिता के साथ बच्चों के लिए एक सुरक्षित और सुदृढ़ माहौल तैयार करना होगा।निरीक्षण के अंत में सचेत किया गया कि भविष्य में भी ऐसे औचक निरीक्षण जारी रहेंगे और के दिशानिर्देशों या विभागीय आदेशों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित के खिलाफ तत्काल प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## फर्जी आईबी अधिकारी बन लोगों से ठगी करने वाला गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा (कटिहार)।** कोढ़ा थाना पुलिस ने स्वयं को इंटेलिजेंस ब्यूरो आईबी का अधिकारी बताकर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से फर्जी दस्तावेज, फर्जी विधिक कागजात, फर्जी आईबी ई-मेल आईडी तथा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से तैयार किए गए गोपनीय कॉन्फिडेंशियल दस्तावेज मिलने के बाद उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार 12 जुलाई 2026 की रात को कोढ़ा थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति स्वयं को आईबी का अधिकारी बताकर लोगों को भ्रमित कर रहा है और मुसापुर गांव की ओर घूम रहा है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ त्वरित छापेमारी की। जांच के दौरान संदिग्ध व्यक्ति की पहचान मोहम्मद अजहर अंसारी (29) पिता मोहम्मद अलाउद्दीन निवासी उतरौली थाना रेवतीपुर जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई।

# गंगा कटाव पर सांसद सख्त धुरियाही पहुंचकर लिया जायजा

## अधिकारियों को तेज गति और गुणवत्तापूर्ण निर्माण का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के मनिहारी प्रखंड के धुरियाही पंचायत के धुरियाही गांव में गंगा नदी से हो रहे भीषण कटाव का जायजा लेने सांसद तारिक अनवर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कटाव प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करने के साथ-साथ चल रहे कटाव निरोधी कार्यों की



भी समीक्षा की। सांसद ने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की जानकारी ली तथा कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर तेज गति एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान सांसद तारिक अनवर ने कहा कि कटिहार जिला बाढ़ की दृष्टि से पूरे बिहार के सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल है। हर वर्ष जिले के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ और गंगा कटाव से लोगों को भारी जान-माल का नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कई बार केंद्र एवं राज्य सरकार से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए स्थायी समाधान की मांग की गई, लेकिन आज तक इसका ठोस और दीर्घकालिक समाधान नहीं हो सका है। सांसद ने कहा कि हर वर्ष बाढ़ से पहले सरकार व्यापक तैयारियों का दावा करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर वास्तविक स्थिति दावों से अलग नजर आती है। इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि धुरियाही में चल रहे कटाव निरोधी कार्यों की गुणवत्ता भी पूरी तरह संतोषजनक नहीं दिख रही है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं ताकि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि बाढ़ और कटाव जैसी गंभीर समस्या का समाधान केवल अस्थायी उपायों से संभव नहीं है। इसके लिए वैज्ञानिक एवं स्थायी योजना बनाकर प्रभावी ढंग से कार्य करने की आवश्यकता है। ताकि हर वर्ष लोगों को होने वाली तबाही से बचाया जा सके। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव, दिलीप विश्वास, अवधेश मंडल, भोला प्रसाद यादव, संजय पांडेय, बलराम यादव, सुबोध यादव सहित विभागीय अधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर निगम कटिहार की सामान्य बोर्ड की बैठक

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर निगम कटिहार के सभा प्रशाल भवन में महापौर की अध्यक्षता में सामान्य बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम के जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित पदाधिकारियों ने भाग लिया।बैठक के दौरान नगर निगम के विकास एवं प्रशासन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। सर्वप्रथम पिछली सामान्य बोर्ड बैठक की संपुष्टि की गई। इसके पश्चात 12 मई 2026 को आयोजित सशक्त स्थायी समिति की बैठकों में लिए गए प्रस्तावों एवं निर्णयों के अनुमोदन पर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में एबीसी



एबीसी शेल्टर हेतु तैयार प्राक्कलन को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने, स्ट्रीट लाइट से संबंधित विद्युत विपत्रों के भुगतान की स्वीकृति सहित नगर निगम के अन्य आवश्यक प्रशासनिक एवं विकासात्मक विषयों पर भी चर्चा की गई। अंत में अध्यक्ष की अनुमति से अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार कर आवश्यक निर्णय लिए गए।बैठक में नगर निगम क्षेत्र में जनहित एवं नागरिक सुविधाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रस्तावों पर सहमति व्यक्त की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मौके पर सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद, उप महापौर मंजूर खान, नगर आयुक्त संतोष कुमार, सशक्त स्थाई समिति सदस्य नितेश कुमार सिंह, प्रमोद महतो, विपिन बिहारी चौबे, सलीम अंसारी, मंजू देवी, आलोक कुमार वर्मा, जिम्मी प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### महिला के साथ मारपीट

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मनसाही थाना क्षेत्र के विशनपुर में एक विधवा महिला के साथ गांव के शंकर यादव, सुजीत यादव, अजीत यादव आदि ने मारपीट एवं दुष्कर्म का असफल प्रयास किया। महिला को बचाने आए वृद्ध ससुर और सास की भी उनलोगों ने बुरी तरीके से पिटाई कर दी। पीड़ित ने बताया कि दबंगों ने उनके तीन छोटे छोटे बच्चों की भी पिटाई कर दुकान के गल्ले में रखे रुपए और गले से सोने का चैन भी छीन लिया। इस मामले में पीड़िता ने मनसाही थाने में आवेदन दे इंसाफ की गुहार लगाई । पीड़िता ने बताया कि शंकर यादव उसका बेटा हमेशा उनके साथ किसी न किसी बहाने झगड़ा करते रहते हैं ।

### कटिहार नगर में अटल कला भवन निर्माण का रास्ता साफ : तारकिशोर प्रसाद

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि कटिहार विधानसभा क्षेत्र में नगर स्थित महानंद कॉलोनी के परिसर में 01 एकड़ 51 डिसमिल खाली जमीन पर अटल कला भवन का निर्माण लगभग 19 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। इस प्रशाल में 620 दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी। इस भवन के निर्माण होने से कटिहार को एक अतिरिक्त प्रशाल उपलब्ध हो जाएगा ।जिसमें सांस्कृतिक, सामाजिक एवं अन्य प्रकार की गतिविधियां हो सकेंगी। तारकिशोर प्रसाद ने कहा की अटल कला भवन का निर्माण कला संस्कृति एवं युवा विभाग के द्वारा किया जाएगा। इस कलाभवन की लागत राशि की स्वीकृति वित्त विभाग द्वारा दे दी गई है ।निर्माण कार्य हेतु निविदा की प्रक्रिया विभाग द्वारा शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कटिहार मे प्रतिभावान कलाकारों की कमी नहीं है। कटिहार सांस्कृतिक गतिविधियों में भी पूर्वोत्तर बिहार में अग्रणी रहा है। इस प्रेक्षागृह में आधुनिक प्रेक्षागृह की सारी सुविधाएं उपलब्ध होगी। जिससे इस भवन के मंच से कलाकार अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

### नए राशन कार्ड निर्माण के लिए आवेदन शुरू

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के सभी पंचायत भवन में नए राशन कार्ड निर्माण के लिए आवेदन शुरू हो गया हैं। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि बिहार सरकार के निदेर्शानुसार जो भी लोग राशन कार्ड से वंचित हैं । वे लोग अपने निकटतम पंचायत भवन में आकर नया राशन कार्ड,राशन कार्ड में नाम जोड़ने एवं सुधार कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। ये सुविधा 14 जुलाई को शुरू हुआ जो 13 अगस्त को समाप्त होगा।

### भतीजी ने रड से हमला कर चाचा को किया घायल

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पारिवारिक कलह में एक युवक की बैरहमी से पिटाई कर दी गई। घटना चित्तौड़िया की बताई जाती हैं । पीड़ित मो. सद्दाम ने बताया कि उनका अपने भाई-बहन के साथ किसी बात को लेकर बहस हो रहा था कि तभी पीछे से भाई के पुत्री ने रड से हमला कर दिया जिससे उनका सर फट गया और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित का इलाज मनसाही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी हैं। घटना को लेकर पीड़ित ने मनसाही थाने में लिखित आवेदन देते हुए पुलिस से दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की मांग की हैं ।

### गंगा के रौद्र रूप से सहमा धुरियाही, घर तोड़कर पलायन को मजबूर ग्रामीण

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड की धुरियाही पंचायत में गंगा का कटाव लगातार भयावह होता जा रहा है। गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी के साथ कटाव ने रफ्तार पकड़ ली है। जिससे कई गांवों पर अस्तित्व का संकट गहरा गया है। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीण अपने घरों को स्वयं तोड़कर ट्रैक्टरों पर सामान लाद सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करने को मजबूर हैं। कटाव स्थल का दृश्य लोगों की बेबसी और प्रशासन के सामने खड़ी गंभीर चुनौती को बयां कर रहा है। धुरियाही पंचायत के मुखिया राजकुमार मंडल ने बताया कि पंचायत के चार से पांच



वार्ड कटाव से गंभीर रूप से प्रभावित हैं। अब तक सैकड़ों परिवार पलायन कर चुके हैं, जबकि हजारों एकड़ उपजाऊ कृषि भूमि गंगा में विलीन हो चुकी है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र स्थायी कटाव निरोधी कार्य नहीं कराया गया तो पूरी धुरियाही पंचायत का अस्तित्व संकट में पड़ सकता है।कटाव की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय विधायक मनोहर प्रसाद सिंह एवं सांसद तारिक अनवर भी प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर चुके हैं। पंचायत सरकार भवन के समीप लगभग 250 मीटर कटाव निरोधी कार्य कराया गया है।

# नगर निगम कटिहार में नमस्ते डे' का आयोजन

## सफाई कर्मियों के बीच पीपीई किट वितरित : नगर आयुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर विकास विभाग के निदेर्शों के आलोक में नगर निगम कटिहार के सभागार में नमस्ते डे का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस दौरान नगर आयुक्त संतोष कुमार ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सफाई कर्मियों के प्रति सम्मान प्रकट करना तथा उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर नगर निगम के सफाई कर्मियों के बीच पीपीई किट का वितरण किया गया। ताकि वे अपने दैनिक कार्यों के दौरान सुरक्षित रहकर बेहतर ढंग से अपनी सेवाएं दे सकें।




कार्यक्रम में महापौर उषा देवी अग्रवाल एवं नगर आयुक्त की गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों अधिकारियों ने सफाई कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी कर्मियों से सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर निगम के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं सफाई कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे आयोजन का वातावरण सम्मान, सहयोग और स्वच्छता के संकल्प से भरा रहा।

# डीएम के जनता दरबार में हुआ 10 मामलों का ऑन द् स्पॉट निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित सोमवासरीय जनता दरबार में आमजनों की समस्याओं को सुना।सुनवाई के दौरान उन्होंने 10 शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया तो वहीं अन्य मामलों को समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश देते हुए विभागीय पदाधिकारियों को सौंप दिया।जिला पदाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य जनसमस्याओं को सीधे सुनकर उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निवारण करना है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि आम जनता को अपने काम के



लिए कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। जनता दरबार इसी कड़ी का हिस्सा है।आमजनों की समस्याओं के निदान में पदाधिकारी या कर्मी द्वारा लापरवाही बरतने पर जवाबदेही तय होगी। डीएम ने आमजनों से अपील की है कि वे अपनी समस्या के साथ संबंधित कागजात भी लेकर आएं, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

# जिला विद्युत समिति की बैठक में विधायक ने रखी बात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने जिला विद्युत समिति की बैठक में जिला अंतर्गत कटिहार विधानसभा क्षेत्र के सिरनिया दलन एवं महानंदा कॉलोनी के निकट कटिहार में निमार्णाधीन पावर सब स्टेशन को नियत अवधि में पूरी करने को कहा। जिससे कि कटिहार विधानसभा क्षेत्र सहित अन्य विधानसभा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सामान्य हो सके।




उन्होंने कहा कि कटिहार जिला अंतर्गत ग्रिड स्टेशन के निर्माण में काफी विलंब हो रहा है। जिससे अपेक्षित लाभ कटिहार को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने जिला पदाधिकारी से ग्रिड स्टेशन के निर्माण हेतु भू-अर्जन का कार्य जल्द करने का आग्रह किया। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष वर्षा ऋतु के पूर्व जनवरी से मार्च के बीच वृक्षों के टहनियां की कटाई वन विभाग के सहयोग से पूर्ण कर लिया जाए, जिससे कि वर्षा एवं आंधी के समय वृक्ष के गिरने से विद्युत उपकरणों की क्षति के साथ-साथ विद्युत आपूर्ति भी बाधित नहीं हो। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर अधिष्ठापित करने वाली कार्य एजेंसी, विशेष कर ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं का दोहन कर रही है, ऐसे कार्य एजेंसी पर कार्रवाई कर उन्हें कर्ज मुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि हर हालत में खरीफ के मौसम में कृषि फीडर में विद्युत आपूर्ति जारी रखा जाए क्योंकि मौसम के बदलते मिजाज के कारण अनावृष्टि से किसान खेतों में धान की रोकने नहीं कर पा रहे हैं । उन्होंने बांस बल्ला के द्वारा की जा रहे विद्युत आपूर्ति को बंद कर विद्युत पोल एवं तार से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की बात कहने के साथ ही सभी क्षेत्रों में विद्युत अधिभार के अनुसार ट्रांसफार्मर का अधिष्ठापन जल्द करने कारवाई करने को कहा।

# दस सूत्री लंबित मांगों को लेकर राजस्व कर्मचारी संघ का एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** जिले के राजपत्रित कर्मचारी महासंघ के भवन परिसर में मंगलवार को बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ के आह्वान पर अपने लंबित मांगों के समर्थन में राजस्व कर्मचारी संघ के सदस्यों द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया । धरना प्रदर्शन के उपरांत राजस्व कर्मचारी संघ के सदस्यों द्वारा दर्जनों हस्ताक्षर युक्त एक ज्ञापन (मेमोरेंडम) बिहार के मुख्यमंत्री, मंत्री और राजस्व भूमि सुधार विभाग के सचिव के नाम से जिला पदाधिकारी को सौंपा । बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ के आह्वान पर राजस्व कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मो सलीम उद्दीन की अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित हुआ। राजस्व कर्मचारी संघ के सदस्यों ने अपनी अपनी मांगों के समर्थन में बुलंद



आवाज से नारेबाजी भी की। राजस्व कर्मचारी संघ के सदस्यों ने बताया कि उनकी पहली मांग है कि राजस्व कर्मचारी का ग्रेड पे (1900 लेवल 2) के स्थान पर ग्रेड पे 2800 (लेबल 5) किया जाए, सभी नवनियुक्त राजस्व कर्मचारियों को गृह जिला के बगल के जिला में पदस्थापन किया जाए, 10 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके राजस्व कर्मचारी को यथाशीघ्र वरीयता के आधार पर राजस्व अधिकारी में पदोन्नति दिया जाए, एसीपी और एमएसीपी का लाभ समय पूरा हो जाने के 5 साल बाद तक भी कर्मी को नहीं मिल पाया है, वहीं सेवा संपुष्टि करने में भी टाल मटोल की जाती है, 3.5 वर्ष हो गए अभी भी सेवा संपुष्टि नहीं हो सकी है ,जल्द सभी राजस्व कर्मचारी का सेवा संपुष्टि कराया जाए, विभाग द्वारा राजस्व कर्मचारी को कार्य निष्पादन हेतु लैपटॉप के अलावा मोबाइल, इंटरनेट, कागज ,कलम, प्रिंटर टेबल, कुर्सी क्षेत्र भ्रमण हेतु कोई सुविधा नहीं दी गई है, अतः सरकारी कार्य के लिए सरकारी व्यवस्था प्रदान की जाए, सभी राजस्व कर्मचारी का हड़ताल अवधि का उपार्जित / अग्रिम उपार्जित अवकाश स्वीकृत कर जल्द से जल्द वेतन भुगतान किया जाए , रविवार या अन्य राजपत्रित अवकाश में राज्यपाल के आदेश के विरुद्ध कार्य लेने की नई परिपाटी विभाग के द्वारा शुरू की गई है, इसे बंद किया जाए ,साथ ही कार्य अवधि 10:00 बजे से 5 बजे के अलावा भी कई घंटे तक कार्य लिया जा रहा है, इसे बंद किया जाए। एक राजस्व कर्मचारी को कई हल्का / पंचायत का प्रभार आवंटित कर बोझिल कर दिया गया है और मानसिक रूप से बीमार बना दिया गया है , जिसकी वजह से स्वास्थ्य संबंधी समस्या उत्पन्न होना शुरू हो गया है और पारिवारिक दायित्व का निर्वहन भी नहीं हो रहा है, एक कर्मचारी को एक हल्का का ही प्रभार दिया जाए।

# भाजपा की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज राय के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला बैठक में मुख्य रूप से आये खान एवं भूतत्व मंत्री व प्रभारी मंत्री प्रमोद कुमार का जिला अध्यक्ष मनोज राय सहित कार्यकताओं ने पुष्प एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। बैठक में जिला अध्यक्ष मनोज राय द्वारा संगठन मजबूती को लेकर एवं पार्टी द्वारा दिया गया आगामी कार्यक्रम को जिला स्तर पर मंडल पंचायत एवं बूथ स्तर पर बेहतर रूप से कार्यकताओं के साथ समन्वय स्थापित कर करने को कहा। जिला अध्यक्ष मनोज राय ने कहा कि प्रदेश द्वारा निर्धारित महीने में एक जिला बैठक मंडल स्तर पर मंडल स्तरीय बैठक पंचायत स्तर पर पंचायत स्तरीय बैठक एवं बूथ स्तर पर बैठक हर महीने करने को लेकर पुनः कार्यकताओं से अपनी पूरी टीम के साथ करने को लेकर कई विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। इस अवसर पर बैठक में जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, जिला मंत्री धर्मनाथ तिवारी महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रियंका सिंह, महेंद्र झा नगर के सभी मंडल अध्यक्ष महामंत्री युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता जिला बैठक में शामिल हुए।

# विभागीय पदाधिकारियों एवं उर्वरक विक्रेताओ के साथ डीएओ की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले में उर्वरकों की उपलब्धता, निर्धारित मूल्य पर बिक्री सुनिश्चित कराने तथा कालाबाजारी एवं अनियमितताओं पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जिला कृषि पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।जिसमें विभागीय पदाधिकारियों सहित थोक विक्रेता शामिल हुए। डीएओ ने सभी थोक एवं उर्वरक विक्रेताओं को खरीफ मौसम में किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।




उन्होंने स्पष्ट रुप से कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक दर पर किसी भी परिस्थिति में उर्वरक की बिक्री बर्दास्त नहीं की जाएगी। निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री, कालाबाजारी, कृत्रिम अभाव उत्पन्न करने अथवा अन्य किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 एवं प्रचलित नियमों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई करते हुए चिह्नित विक्रेता का अनुज्ञप्ति निलंबन अथवा रद्दीकरण की कार्रवाई की जाएगी।डीएओ ने कहा कि उर्वरकों में किसी भी प्रकार के सूक्ष्म पोषक तत्व, कीटनाशी, जैव उत्पाद अथवा अन्य कृषि सामग्री की अनिवार्य टैगिंग या किसानों को किसी भी अतिरिक्त उत्पाद की खरीद के लिए बाध्य करना पूर्णतः नियम विरुद्ध है। ऐसी शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित कंपनी एवं विक्रेता के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अनुमंडल कृषि पदाधिकारी एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र में उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण करने तथा स्टॉक एवं मूल्य सूची का अनिवार्य प्रदर्शन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। विक्रेताओं को भी निर्धारित मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री, अभिलेखों का समुचित संधारण एवं पारदर्शी वितरण व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया गया।जिला कृषि पदाधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत एवं लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही उर्वरकों की खरीद करें तथा खरीद का कैश मेमो भी अनिवार्य रूप से प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी विक्रेता द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक राशि की मांग, टैगिंग के लिए बाध्य अथवा कालाबाजारी की जाती है, तो इसकी सूचना संबंधित प्रखंड कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी अथवा जिला कृषि कार्यालय को दें।उन्होंने बताया है कि जिले में वर्तमान समय में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। किसानों को अनावश्यक रूप से उर्वरकों का भंडारण करने की आवश्यकता नहीं है।उन्होंने उर्वरकों के वर्तमान स्टॉक की जानकारी देते हुए कहा कि जिले में 9194.89 एमटी युरिया, 3719.40 एमटी डीएपी, 2644.605 एमटी एमओपी, 8370.33 एमटी एनपीके, 1948. 95 एमटी एसएसपी उपलब्ध है। आवश्यकता उर्वरकों की आपूर्ति भी लगातार की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता में कठिनाई नहीं होने दी जाएगी। जिला कृषि पदाधिकारी ने विभागीय पदाधिकारियों, कंपनियों एवं विक्रेताओं को किसान हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उर्वरकों का पारदर्शी, सुचारु एवं नियम सम्मत वितरण सुनिश्चित करने, प्रशासन के सभी निदेर्शों का शत-प्रतिशत पालन करने तथा रासायनिक खाद से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए किसानों को अधिक से अधिक जैव उर्वरकों के उपयोग हेतु जागरुक करने की भी बात कही।

## जून में डब्ल्यूपीआई महंगाई दर बढ़कर 9.87 प्रतिशत हुई, मिनरल्स और खाने-पीने की चीज़ों की कीमतों में उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जून में होलसेल प्राइस महंगाई दर बढ़कर 9.87% हो गई, जो मई में 9.68% थी। इसकी मुख्य वजह खाने-पीने और खाने-पीने से जुड़ी चीज़ों के अलावा अन्य चीज़ों की कीमतों में तेज़ उछाल थी। डब्ल्यूपीआई महंगाई दर में यह तेज़ बढ़ोतरी वेस्ट एशिया संकट, होर्मुज जलडमरूमध्य की प्रभावी नाकेबंदी – जिसके ज़रिए भारत में ज़्यादातर कच्चा तेल आयात किया जाता है – और खाने-पीने की चीज़ों की कीमतों पर इसके असर को दिखाती है। कॉमर्स और इंडस्ट्री मिनिस्ट्री ने होलसेल प्राइस इंडेक्स डेटा जारी करते हुए कहा, 'जून 2026 में मिनरल ऑयल (जिसमें पेट्रोलियम उत्पाद शामिल हैं), खाने-पीने की चीजें, बेसिक मेटल का निर्माण, और केमिकल व केमिकल उत्पादों का निर्माण महंगाई दर बढ़ने के मुख्य कारण रहे हैं।' जून में खाने-पीने की चीज़ों में महंगाई दर 5.49% थी, जो मई में 3.60% थी। जून में खाने-पीने की चीज़ों के अलावा अन्य चीज़ों में महंगाई दर 11.07% थी, जबकि मिनरल्स में यह 9.45% थी। मैन्युफैक्चर्ड उत्पादों में महंगाई दर मई की तरह ही 7.48% पर स्थिर रही। रिटेल या कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स पर आधारित महंगाई दर भी जून में बढ़कर 17 महीने के उच्चतम स्तर 4.38% पर पहुंच गई, जबकि पिछले महीने यह 3.93% थी। रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया, जो अपनी मॉनेटरी पॉलिसी तय करते समय मुख्य रूप से को ध्यान में रखता है, उसे सरकार ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि हेडलाइन महंगाई दर 4 प्रतिशत पर बनी रहे, जिसमें दोनों तरफ 2 प्रतिशत का मार्जिन हो। पिछले महीने, ने चालू वित्त वर्ष के लिए महंगाई का अनुमान 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया। इसका मुख्य कारण इनपुट लागत में बढ़ोतरी थी, जो ग्लोबल एनर्जी की ऊंची कीमतों का असर रिटेल पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर पड़ने की वजह से हुई थी।

### मई में खुदरा महंगाई बढ़कर 4.38% हुई

**नई दिल्ली :** सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मुख्य रूप से खाने-पीने की चीज़ों की कीमतें बढ़ने के कारण जून में खुदरा महंगाई मई के 3.93% से बढ़कर 4.38% हो गई। आंकड़ों के अनुसार, कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स पर आधारित खाद्य महंगाई जून में 5.32% थी, जो मई के 4.78% से ज़्यादा है। सरकार ने भारतीय रिज़र्व बैंक को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा है कि हेडलाइन महंगाई 4% पर बनी रहे, जिसमें दोनों तरफ 2% का मार्जिन हो।

## भारत के वित्तीय क्षेत्र में 29 लाख साइबर हमले, चार साल में दोगुना से अधिक वृद्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डिजिटल थ्रेट रिपोर्ट 2025-26 के अनुसार भारत के बैंकिंग, बीमा, भुगतान और अन्य वित्तीय संस्थानों पर साइबर हमलों की संख्या पिछले चार वर्षों में तेजी से बढ़ी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि देश का वित्तीय क्षेत्र वैश्विक औसत की तुलना में अधिक हमलों का सामना कर रहा है और किसी सेंधमारी का पता लगाने तथा उसे पूरी तरह नियंत्रित करने में कई महीने लग जाते हैं। भारत के बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं, बीमा और भुगतान क्षेत्र के सामने साइबर हमले के रूप में बड़ा संकट खड़ा हो गया है। चिंता की बात यह है कि भारत के वित्तीय क्षेत्र पर होने वाले साइबर हमले वैश्विक औसत की तुलना में 1.6 गुना अधिक हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, किसी वित्तीय संस्थान में डाटा लीक या सेंधमारी को पहचानने और उसे पूरी तरह रोकने में औसतन 263 दिन लग रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन), वित्त क्षेत्र की कंप्यूटर सुरक्षा घटना प्रतिक्रिया दल (सीएसआईआरटी-फिन) और साइबर सुरक्षा कंपनी एसआईएसए की संयुक्त रिपोर्ट डिजिटल थ्रेट रिपोर्ट 2025-26 के मुताबिक, भारत के वित्तीय क्षेत्र में 2025 में 29 लाख साइबर हमले हुए, जबकि 2021 में 14 लाख घटनाएं दर्ज की गईथीं।

# एआई की बढ़ती मांग के कारण चीन का जून का एक्सपोर्ट एक साल पहले के मुकाबले 27 प्रतिशत बढ़ा



**हांगकांग, एजेंसी।** कस्टम्स एजेंसी ने मंगलवार को बताया कि जून में चीन का एक्सपोर्ट तेज हुआ और एक साल पहले के मुकाबले इसमें 27% की बढ़ोतरी हुई। इसकी एक वजह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में आई तेजी है। जून में एक्सपोर्ट में हुई यह बढ़ोतरी अर्थशास्त्रियों के अनुमान से कहीं बेहतर थी। मई में एक्सपोर्ट सालाना आधार पर 19.4% बढ़ा था। जून में इंपोर्ट में 36% की बढ़ोतरी हुई, जो मई की 27.4% सालाना ग्रोथ से बेहतर है। एनालिस्ट्स का मानना है कि इस बढ़ोतरी की एक वजह ईरान युद्ध के कारण इंपोर्ट की लागत बढ़ना है।

चीन ने जून में 125.6 अरब डॉलर का ट्रेड सरप्लस दर्ज किया, जो पिछले महीने के 105.4 अरब डॉलर से अधिक है। बीजिंग में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में चीन के जनरल एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ कस्टम्स के वाइस मिनिस्टर वांग जून ने कहा, 'एआई के तेजी से विकास के साथ, इस क्षेत्र में हमारे उत्पादों का इंपोर्ट और एक्सपोर्ट मजबूत बना हुआ है। उन्होंने कहा कि साल की पहली छमाही में इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स, कंप्यूटर स्पेयर पार्ट्स और अन्य कंप्यूटिंग हार्डवेयर का व्यापार लगभग 57% बढ़कर 5.1 ट्रिलियन युआन (760 अरब डॉलर) हो गया। एआई ग्लास, एआई ट्रांसलेटिंग डिवाइस, पावर्ड एक्सोस्केलेटन और अन्य स्मार्ट उत्पादों जैसे अन्य उत्पाद भी विकसित हो रहे हैं।

### आयात में 26.6% की बढ़ोतरी हुई।

कस्टम्स डेटा के अनुसार, जनवरी-जून में चीन का निर्यात एक साल पहले की तुलना में 17.6% बढ़ा, जबकि आयात में 26.6% की बढ़ोतरी हुई। अमेरिका और यूरोप समेत कई जगहों पर नीति-निर्माताओं ने चीन के साथ बढ़ते व्यापार घाटे पर चिंता जताई है। ज़्यादा टैरिफ जैसी बाधाओं से बचने के लिए, चीनी कंपनियाँ अपनी फैक्ट्रियाँ यूरोप जैसे इलाकों में ले जा रही हैं।

### चीनी सामानों की विदेशी मांग मज़बूत बनी हुई है

कैपिटल इकोनॉमिक्स में चीन इकोनॉमिक्स के प्रमुख जूलियन इवांस-प्रिचर्ड ने मंगलवार को एक नोट में लिखा, 'जून में व्यापार के आंकड़ों में एक और बड़ी बढ़ोतरी देखी गई।' 'यह मुख्य रूप से एआई के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से सेमीकंडक्टर की कीमतों में हालिया उछाल को दिखाता है। लेकिन इसे एक तरफ भी रख दें, तो भी चीनी सामानों की विदेशी मांग मज़बूत बनी हुई है।' चीन से गाड़ियों और दूसरे टेक-संबंधित उत्पादों का निर्यात तेज़ी से बढ़ा है, क्योंकि एआई को तेज़ी से अपनाने से सेमीकंडक्टर और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की ज़रूरत बढ़ गई है। प्रॉपर्टी इंडस्ट्री में लंबे समय से चली आ रही मंदी के कारण घरेलू खर्च और निवेश में जो कमज़ोरी आई थी, उसे निर्यात मैन्युफैक्चरिंग में आई तेज़ी ने कुछ हद तक संतुलित करने में मदद की है। कस्टम्स अधिकारी वांग ने बढ़ते व्यापार अवरोधों से जुड़े खतरे को माना। उन्होंने कहा, 'साल की दूसरी छमाही में भी हमारे सामने गंभीर जोखिम और चुनौतियाँ हैं।' बीएएन परिबास सिक्योरिटीज (चीन) में मल्टी-एसेट इन्वेस्टमेंट के प्रमुख वेई ली ने कहा कि हालाँकि चीन के निर्यात में बढ़ोतरी जारी रहने की संभावना है, लेकिन यह स्थिति तेज़ी से कमज़ोर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि ऑटो और एआई से जुड़ी चीज़ों का मज़बूत निर्यात वैश्विक मांग और रेगुलेटरी बाधाओं पर निर्भर करेगा। यूरोपीय संघ और लैटिन अमेरिका को निर्यात में क्रमशः 18% और 28% से ज़्यादा की बढ़ोतरी हुई।

# महंगे स्मार्टफोन-टीवी ने दूरी बना रहे ग्राहक

### 10 साल में पहली बार बिक्री में गिरावट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार बढ़ती कीमतों ने बजट स्मार्टफोन और टीवी की मांग पर बड़ा असर डाला है। उद्योग के आंकड़ों के मुताबिक, एक दशक से अधिक समय में पहली बार एंट्री-लेवल स्मार्टफोन और टीवी की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई है। मेमोरी चिप की कीमतों में तेज उछाल और रुपए की कमजोरी से उत्पादन लागत बढ़ने के कारण कंपनियों ने कीमतें बढ़ाई हैं, जिससे पहली बार खरीदारी करने वाले ग्राहक खरीद टाल रहे हैं।

मार्केट रिसर्च फर्म काउंटरपॉइंट के अनुसार, जनवरी से मई के दौरान 12,000 से कम कीमत वाले स्मार्टफोन की बिक्री 54% घट गई, जबकि 12,000-30,000 वाले फोन की बिक्री 17% और 30,000 से ऊपर के प्रीमियम स्मार्टफोन की बिक्री 6% बढ़ी। इसके चलते कुल स्मार्टफोन बिक्री में एंट्री-लेवल सेगमेंट की हिस्सेदारी घटकर 14% रह गई। टीवी बाजार में भी यही रुझान देखने को मिला। जनवरी-जून के दौरान 32 इंच टीवी की बिक्री 35% से अधिक घटी, जबकि 43 इंच और उससे बड़े टीवी की मांग 8-15% बढ़ी। कंपनियों का कहना है कि बड़े टीवी में मेमोरी चिप की लागत का हिस्सा कम होने से उनकी कीमतों में अपेक्षाकृत कम बढ़ोतरी हुई है, जिससे मांग बनी हुई है।

उद्योग के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों में 32 इंच टीवी की कीमत औसतन 3,000-3,500 और 43 इंच मॉडल की कीमत 3,000-5,000 तक बढ़ी है। वहीं, मेमोरी चिप की कीमतें पिछले साल के अंत से दो से तीन गुना तक बढ़ चुकी हैं, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की लागत लगातार बढ़ रही है।

# सेंसेक्स 550 अंक से अधिक गिरा, निफ्टी 24,100 से नीचे




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के कारण मंगलवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 553 अंक और निफ्टी 160 अंक से अधिक गिर गया। विदेशी निवेशकों ने 3,062.27 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

मंगलवार को शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। पश्चिम एशिया में नए सिरे से तनाव बढ़ने के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि हुई। विदेशी कोषों की निकासी और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख ने भी घरेलू बाजारों पर दबाव डाला। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 552.99 अंक गिरकर 77,063.41 पर आ गया। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 160.45 अंक की गिरावट के साथ 24,050.55 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में इंटरग्लोब एविएशन, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट और लार्सन एंड टुब्रो सबसे बड़े नुकसान में रहे। वहीं, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अडानी पोर्ट्स और टाटा स्टील लाभ में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल 1.63 फीसदी बढ़कर 84.60 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि कुछ विपरीत परिस्थितियां फिर से बन रही हैं। ये निकट भविष्य में भारतीय बाजार को प्रभावित कर सकती हैं। अमेरिका-ईरान संघर्ष बढ़ने से ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 84 अमेरिकी डॉलर हो गई है। यदि यह वृद्धि जारी रहती है तो यह भारत के वृहद आर्थिक कारकों को फिर से प्रभावित करना शुरू कर देगा। कोस्पी 3.71 फीसदी नीचे कारोबार कर रहा था। जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक भी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

# एमएचए ने आंध्र प्रदेश के भोगपुरम एयरपोर्ट को अधिकृत इमिग्रेशन चेक पोस्ट घोषित किया

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश के भोगपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट को 'इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट, 2025' के दायरे में लाकर इसे महत्वपूर्ण मान्यता दी है।

मंत्रालय ने एयरपोर्ट को अधिकृत इमिग्रेशन चेक पोस्ट घोषित किया है, जिससे इस नए इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन क्लीयरेंस की सुविधा का रास्ता साफ हो गया है। गृह मंत्रालय ने 1 सितंबर, 2025 की अपनी पिछली अधिसूचना में संशोधन करते हुए एक नई अधिसूचना जारी की है, जिसमें देश भर के अधिकृत इमिग्रेशन चेक पोस्ट की सूची दी गई है। यह संशोधन 'इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट, 2025' की धारा 4(1) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए किया गया है। पिछले हफ्ते जारी अधिसूचना के अनुसार, भोगपुरम एयरपोर्ट को अधिकृत इमिग्रेशन चेक पोस्ट की तालिका में श्रेणी द्व




(एयरपोर्ट) के तहत क्रम संख्या 39 पर शामिल किया गया है।

इस नए बदलाव से भोगपुरम एयरपोर्ट को आधिकारिक तौर पर इमिग्रेशन चेकपॉइंट के तौर पर मान्यता मिल गई है, जिससे इंटरनेशनल फ्लाइट ऑपरेशन शुरू होने पर इमिग्रेशन अधिकारी विदेश से आने वाले और विदेश जाने वाले यात्रियों की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे।

'इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट, 2025' के तहत, केंद्र सरकार के पास एयरपोर्ट, सीपोर्ट, ज़मीनी सीमा क्रॉसिंग और अन्य जगहों को अधिकृत इमिग्रेशन चेक पोस्ट के तौर पर घोषित करने का अधिकार है, ताकि विदेशी नागरिकों और विदेश यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों के भारत में प्रवेश और निकास को नियंत्रित किया जा सके।

किसी एयरपोर्ट पर शेड्यूल के अनुसार इंटरनेशनल पैसेंजर सर्विस शुरू करने से पहले इमिग्रेशन चेकपॉइंट का दर्जा मिलना एक ज़रूरी कानूनी आवश्यकता है। इससे इमिग्रेशन अधिकारियों को पासपोर्ट वेरिफिकेशन, वीज़ा जांच और देश के इमिग्रेशन कानूनों के तहत तय अन्य प्रक्रियाओं को पूरा करने की अनुमति मिलती है। आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम के पास बन रहे भोगपुरम एयरपोर्ट से इस इलाके में हवाई कनेक्टिविटी बेहतर होने और घरेलू व अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की बढ़ती संख्या को संभालने में मदद मिलने की उम्मीद है। इस एयरपोर्ट को उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश के लिए एक बड़े एविएशन हब के तौर पर तैयार किया जा रहा है और उम्मीद है कि यह विशाखापत्तनम के मौजूदा एयरपोर्ट के साथ मिलकर काम करेगा।

भोगपुरम एयरपोर्ट को अधिकृत इमिग्रेशन चेक पोस्ट की लिस्ट में शामिल करके, केंद्र सरकार ने एयरपोर्ट पर भविष्य में अंतरराष्ट्रीय ऑपरेशन शुरू करने के लिए ज़रूरी एक अहम रेगुलेटरी कदम पूरा कर लिया है। यह नोटिफिकेशन ऐसे समय में आया है जब ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट पर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का काम तेज़ी से चल रहा है और आने वाले सालों में कमर्शियल फ्लाइट ऑपरेशन शुरू करने की तैयारियां जारी हैं।

हर साल लगभग 4 करोड़ यात्रियों को संभालने के लिए डिज़ाइन किए गए भोगपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट में 78,000 वर्ग मीटर की टर्मिनल बिल्डिंग है, जिसे 'फ्लाइंग फिश' के आकार में बनाया गया है।

# भारत टैक्स 2026 ग्लोबल स्टेज पर भारत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री की ताकत दिखाएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत, मंगलवार से नई दिल्ली में शुरू होने वाले अपने सबसे बड़े ग्लोबल टेक्सटाइल एग्ज़िबिशन 'भारत टैक्स 2026' के तीसरे एडिशन में दुनिया के सामने अपनी टेक्सटाइल और अपैरल इंडस्ट्री की ताकत दिखाने के लिए तैयार है।

14 से 17 जुलाई तक चलने वाले इस चार दिन के इवेंट में दुनिया भर से मैन्युफैक्चरर, एक्सपोर्टर, खरीदार, इन्वेस्टर, पॉलिसी बनाने वाले और इंडस्ट्री लीडर्स के शामिल होने की उम्मीद है, जिससे एक प्रमुख ग्लोबल टेक्सटाइल हब के तौर पर उभरने के भारत के मकसद को मजबूती मिलेगी। जो टेक्सटाइल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल और इंडस्ट्री बॉडीज़ का एक ग्रुप है और इसे टेक्सटाइल मिनिस्ट्री का सपोर्ट हासिल है। चेयरमैन नरेन गोयनका ने कहा, 'इस पहल का मकसद भारत की टेक्सटाइल वैल्यू चेन को मजबूत करना और साथ ही इंटरनेशनल मार्केट में इसकी मौजूदगी को बढ़ाना है।' उन्होंने कहा कि भारत टैक्स 2026 में 1,600 से ज़्यादा एग्ज़िबिटर, 7,000 से ज़्यादा खरीदार और लगभग 1.3 लाख ट्रेड विज़िटर शामिल होंगे। उन्होंने कहा, '1.6 मिलियन स्क्वायर फ़ीट की एग्ज़िबिशन जगह में 20,000 से




ज़्यादा टेक्सटाइल प्रोडक्ट दिखाए जाएंगे, जिनमें फ़ाइबर, यार्न, फ़ैब्रिक, अपैरल, होम टेक्सटाइल, टेक्निकल टेक्सटाइल और मशीनरी समेत पूरा टेक्सटाइल इकोसिस्टम शामिल होगा।' इंटरनेशनल भागीदारी में भी काफी बढ़ोतरी हुई है, जिसमें अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, जापान, पुर्तगाल, स्पेन, दक्षिण कोरिया और न्यूज़ीलैंड समेत 14 देशों के एग्ज़िबिटर शामिल हैं। भारत के टेक्सटाइल सेक्टर में बढ़ती ग्लोबल दिलचस्पी को देखते हुए, 20 से ज़्यादा देशों के डेलिगेशन के इसमें शामिल होने की उम्मीद है। इस साल के इवेंट का मुख्य फोकस इन्वेस्टमेंट और इंटरनेशनल बिज़नेस पार्टनरशिप को बढ़ावा देना होगा। ऑर्गनाइज़र्स को उम्मीद है कि 4,000 से ज़्यादा बिज़नेस-टू-बिज़नेस मीटिंग्स, 100 से ज़्यादा बिज़नेस-टू-गवर्नमेंट मीटिंग्स होंगी और ट्रेड, टेक्नोलॉजी, सस्टेनेबिलिटी और मार्केट एक्सेस से जुड़े 30 से ज़्यादा मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग साइन किए जाएंगे। गोयनका के अनुसार, सरकार की भागीदारी भी बड़े पैमाने पर होगी। उन्होंने कहा, 'गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश समेत आठ राज्य पार्टनर राज्य होंगे, जबकि असम, मणिपुर, जम्मू-कश्मीर और पश्चिम बंगाल समेत नौ अन्य राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने टेक्सटाइल उद्योगों और इन्वेस्टमेंट की संभावनाओं को दिखाने के लिए एग्ज़िबिटर के तौर पर हिस्सा लेंगे।'

# भारत-ईयू एफटीए अंतिम चरण में, पीयूष गोयल बोले-समझौते से व्यापार और निवेश को मिलेगी नई रफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत-यूरोपियन यूनियन मुक्त व्यापार समझौता अगले कुछ महीनों में लागू हो जाएगा। यह समझौता भारत और स्पेन के बीच व्यापार, निवेश, तकनीक और रक्षा के क्षेत्रों में आर्थिक सहयोग के नए युग की शुरुआत करेगा।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को स्पेन के मैड्रिड में भारत-स्पेन बिजनेस फोरम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच मुक्त व्यापार समझौता अगले कुछ महीनों में लागू होने की उम्मीद है। यह समझौता भारत और स्पेन के बीच आर्थिक सहयोग के एक नए युग की शुरुआत करेगा। उन्होंने द्विपक्षीय साझेदारी को एक ऐसी सफलता की कहानी बताया जिसे लिखा जाना बाकी है। पीयूष गोयल ने बताया कि इस साल जनवरी में भारत-ईयू एफटीए को अंतिम रूप दिया गया था। अब इसके कानूनी दस्तावेजों की जांच (लीगल



स्क्रबिंग) आखिरी चरण में है, जो अगले एक या दो हफ्तों में पूरी हो जाएगी। यह समझौता भारत-यूके एफटीए के लागू होने के कुछ महीनों बाद चालू हो जाएगा। भारत-यूके एफटीए परसों से लागू होने जा रहा है। उम्मीद है कि साल 2026 की पहली तिमाही में यह समझौता पूरी तरह लागू हो जाएगा, जो यूरोपियन यूनियन में सबसे तेजी से स्वीकृत होने वाला समझौता होगा।

वाणिज्य मंत्री ने इस समझौते के राजनीतिक महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यूरोपियन यूनियन के सभी 27 सदस्य देशों ने बिना किसी विरोध के इसका समर्थन किया है। इसी तरह भारत में भी इस समझौते को लेकर कोई असंतोष नहीं है। यह समझौता दुनिया के दो सबसे बड़े आर्थिक ब्लॉकों को एक साथ लाएगा, जो वैश्विक व्यापार और वैश्विक अर्थव्यवस्था का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा हैं। इससे व्यापार, निवेश, संस्कृति, शिक्षा, पर्यटन, तकनीक, अंतरिक्ष और रक्षा जैसे क्षेत्रों में बड़े अवसर पैदा होंगे।

# बंधक बनाकर चार नाबालिगों के साथ सामूहिक दुष्कर्म

## चंगुल से एक बंधक के भागने से हुआ खुलासा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के तुपुदाना थाना क्षेत्र से एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, चार नाबालिग लड़कियों को कथित तौर पर एक कमरे में बंधक बनाकर उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। इस मामले का खुलासा तब हुआ, जब पीड़िताओं में से एक किसी तरह आरोपियों के चंगुल से निकलकर पुलिस तक पहुंची और पूरी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और तुरंत छापेमारी कर तीन अन्य लड़कियों को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

तुपुदाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो नाबालिग भी शामिल हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ संबंधित धाराओं में

### छह आरोपित गिरफ्तार, दो नाबालिग भी शामिल

मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया है।

सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि शुरूआती जांच में सामने आया है कि दो नाबालिग लड़कियों की पहचान पहले से गिरफ्तार दो आरोपियों से थी।

आरोप है कि लड़कियों को स्मार्ट सिटी घुमाने के बहाने बुलाया गया और फिर उन्हें एक मकान में ले जाया गया। वहां उनके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की गई। इसी दौरान एक लड़की वहां से भाग निकली और पुलिस को सूचना दे दी।

पीड़िता की सूचना के आधार पर पुलिस ने बताए गए ठिकाने पर छापा मारा और तीन अन्य नाबालिग लड़कियों को वहां से सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस ने मौके से सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। अधिकारियों के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों से मामले से जुड़ी अहम जानकारी मिली है।

पुलिस ने सभी पीड़ित लड़कियों का मेडिकल परीक्षण कराया है। सिटी एसपी ने बताया कि दो नाबालिग आरोपियों को किशोर न्याय कानून के तहत प्रक्रिया में रखा गया है।

मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि घटना में किसी और की भी भूमिका थी या नहीं। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## छापेमारी में कई को कराया मुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** भोजपुर जिले में बाल श्रम और बाल शोषण के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन नया सवेरा 3.0 के तहत प्रशासन और भोजपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। उदवंतनगर और गड़हनी थाना क्षेत्र में चलाए गए अभियान के दौरान डांस ग्रुप में शामिल तीन नाबालिग लड़कियों समेत चार बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। इस संयुक्त अभियान में प्रशासन, पुलिस और सामाजिक संस्था ₹दिशा एक प्रयास₹ की टीम भी शामिल रही। अधिकारियों ने इसे बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कार्रवाई बताया है। उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दुलारपुर इलाके में संयुक्त टीम ने छापेमारी कर एक डांस ग्रुप में शामिल तीन नाबालिग लड़कियों को सुरक्षित मुक्त कराया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तीनों लड़कियां छत्तीसगढ़ राज्य की रहने वाली बताई जा रही हैं। पुलिस उनकी पहचान और स्वजन के संबंध में जानकारी जुटाने में लगी है। लड़कियों को सुरक्षित स्थान पर रखकर आगे की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में आरक्षी की मौत, चार घायल

## छापेमारी कर लौट रहा था पुलिस दल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरवाअड्डा।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जीटी रोड जोड़ापीपल के समीप मंगलवार की अहले सुबह एक सड़क दुर्घटना में हजारीबाग जिले के चलकुशा थाना में पदस्थापित आरक्षी राम लखन यादव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पुलिस वैन के चालक समेत चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए धनबाद के असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार, हजारीबाग जिले के चलकुशा थाना की पुलिस टीम एक वैन से धनबाद के मैथन थाना क्षेत्र में छापेमारी करने आई थी। छापेमारी की कार्रवाई पूरी करने के बाद टीम वापस हजारीबाग लौट रही थी।

इसी दौरान मंगलवार सुबह लगभग 3:30 बजे, जोड़ापीपल के समीप कोलकाता-दिल्ली लेन पर सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर से पुलिस वैन की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पुलिस वैन के परखच्चे उड़ गए। वैन की अगली सीट पर बैठे आरक्षी राम लखन यादव ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में वैन में सवार अन्य चार लोग आरक्षी नरेश कुमार, आरक्षी ग्रीन पासवान, वैन का चालक एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही बरवाअड्डा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को वैन से बाहर निकाला और तुरंत असर्फी अस्पताल भिजवाया। वहीं, मृतक आरक्षी के शव को कब्जे को पोस्टमार्टम के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल धनबाद भेज दिया । पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# चढ़ावा चोरी को ले हस्ताक्षर अभियान चलायेगी आम आदमी पार्टी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता भास्कर सुमन ने कहा है कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आह्वान पर देशभर में एक राष्ट्रीय स्तर का सिग्नेचर अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य भगवान राम के मंदिर से जुड़े चंदे के कथित दुरुपयोग के आरोपों की निष्पक्ष जांच कराकर, यदि कोई दोषी पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग करना है। यह अभियान पूरे झारखंड में भी चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता सिग्नेचर फॉर्म लेकर रामभक्तों एवं आम नागरिकों के बीच जाएंगे तथा उनसे प्रधानमंत्री के नाम लिखी खुली चिट्ठी के समर्थन में हस्ताक्षर करने का आग्रह करेंगे। इस अभियान के माध्यम से यह मांग की जाएगी कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों को कानून के अनुसार दंडित किया जाए।




भास्कर सुमन ने कहा कि झारखंड में भी पार्टी प्रदेश प्रभारी शिवचरण गोयल एवं प्रदेश सह प्रभारी श्री सुशील सिंह के निदेर्शानुसार पूरे राज्य में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएगी। विभिन्न जिलों, प्रखंडों और नगर क्षेत्रों में कार्यकर्ता लोगों से संपर्क कर इस अभियान में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान राम करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं और उनके नाम पर एकत्र किए गए धन के संबंध में यदि किसी प्रकार की अनियमितता के आरोप हैं, तो उनकी निष्पक्ष जांच होना तथा दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई होना आवश्यक है। उन्होंने राज्य के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा रामभक्तों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अधिक से अधिक लोगों का समर्थन जुटाने की अपील की।

## आशा कार्यकर्ता की खुली पोल

**जमुई।** सरकारी व्यवस्था की नाक के नीचे दोहरा लाभ और वित्तीय अनियमितता का एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने प्रशासनिक हलके में हड़कंप मचा दिया है। मामला झाझा प्रखंड का है, जहां एक ही महिला दो अलग-अलग सरकारी व अर्धसरकारी विभागों में पूर्णकालिक पदों पर तैनात रहकर न केवल नियमों की धज्जियां उड़ा रही थी, बल्कि सरकारी खजाने को भी चूना लगा रही थी।

## एक गिरफ्तार

**कोढा।** कोढ़ा पुलिस ने पाकिस्तान आधारित गैंगस्टर के नेटवर्क से कथित रूप से जुड़े होने और सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार संपर्क बनाए रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में कोढ़ा थाना कांड संख्या 229/26 दिनांक 13 जुलाई 2026 दर्ज किया गया है। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 66(एफ) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार गोपनीय सूचना के आधार पर पता चला कि मूसापुर निवासी मोहम्मद अहद पिता मोहम्मद आलम विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से पाकिस्तान आधारित गैंगस्टर राना हुनैन उर्फ राना हुसैन के नेटवर्क से कथित रूप से जुड़ा हुआ था। आरोप है कि वह गैंगस्टर के विभिन्न सोशल मीडिया आईडी के संपर्क में रहकर संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त था तथा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहा था।सूचना की गंभीरता को देखते हुए कोढ़ा थाना पुलिस ने त्वरित एवं विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान उसकी तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ।

# एनएसयूआई के 'छात्रों की गूंज अभियान' में बड़ी संख्या में शामिल हुए छात्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** कतरास कॉलेज में अध्यक्ष शाहबाज खान के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) द्वारा छात्रों की गूंज अभियान के तहत व्यापक छात्र संपर्क एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य देशभर के छात्रों की समस्याओं, सुझावों एवं आवाज को एक सशक्त मंच प्रदान करना है, ताकि शिक्षा व्यवस्था में सुधार, पेपर लीक पर रोक, पारदर्शी परीक्षा प्रणाली, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार के अवसर तथा छात्रों के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके।

अभियान के दौरान कॉलेज परिसर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों से संवाद स्थापित किया गया। छात्रों को अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि देश के लाखों विद्यार्थियों की आवाज को एकजुट करने का राष्ट्रीय प्रयास है। विद्यार्थियों से क्यू आर कोड स्कैन करवाकर उन्हें अभियान से जोड़ा गया तथा व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल कर छात्र हित से जुड़े मुद्दों पर निरंतर संवाद बनाए रखने का आग्रह किया गया।



इस दौरान छात्रों ने शिक्षा व्यवस्था, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं, पेपर लीक, छात्रवृत्ति, रोजगार तथा अन्य छात्र हित से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखी। सभी विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ें और अपने साथियों को भी जोड़कर छात्र हित की इस मुहिम को मजबूत बनाएं।

# अब 500 रुपये में होगा बाबा का शीघ्र दर्शनम्

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बासुकीनाथ** । सावन के महीने में देवघर में विश्व प्रसिद्ध एक माह का श्रावणी मेला आयोजित होता है। देवघर में बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करने के बाद भोलेनाथ के भक्त बाबा बासुकीनाथ मंदिर पहुंचते हैं। बाबा बासुकीनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं के जलाभिषेक तथा भोलेनाथ के शीघ्र दर्शन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बहाल की जाएगी।

श्रद्धालु शीघ्र दर्शनम की व्यवस्था के तहत 500 रुपये तक कूपन कटवा कर लंबी कतार में लगने की बजाए भोलेनाथ का शीघ्र दर्शन कर सकते हैं। जबकि साल के अन्य महीनों में शीघ्र दर्शनम के लिए 300 रुपए का टोकन राशि तय है। यह निर्णय बासुकीनाथ धाम मंदिर परिसर स्थित प्रशासनिक भवन सभागार में पंडा पुरोहितों के साथ हुए बैठक के दौरान एसडीओ कौशल कुमार की मौजूदगी में लिया गया है।



शीघ्र दर्शनम के कूपन वाले श्रद्धालुओं को सुगमता पूर्वक जलाभिषेक कराने के लिए मंदिर प्रबंधन के द्वारा सीधे विशेष मार्ग के रास्ते से गर्भगृह में प्रवेश कराया जाता है। वहीं बैठक में एसडीपीओ नवल किशोर सिंह ने मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई अहम जानकारियों को साझा किया। उन्होंने पंडा पुरोहितों से आग्रह किया कि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखे इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

## अपहरण का पुलिस ने किया उद्भेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** कतरीसराय थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित खंधा से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुए 13 वर्षीय बालक के कथित अपहरण मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जांच में अपहरण की पूरी कहानी फर्जी निकली। पुलिस ने मामले में साजिश रचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में आरोपित ने अपने संबंधियों के साथ मिलकर घटना की साजिश रचने की बात स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार, 23 मई 2026 को उक्त थाना क्षेत्र गांव निवासी कारु 13 वर्षीय बालक खेत में पटवन के दौरान लापता हो गया था। स्वजन की शिकायत पर कतरीसराय थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। इसी बीच 12 जुलाई को बालक रजौली थाना पहुंच गया। उसने पुलिस को बताया कि उसका अपहरण कर लिया गया था। रजौली थाना पुलिस ने इसकी सूचना कतरीसराय थाना को दी, जिसके बाद बालक को सकुशल बरामद कर लिया गया।

# जंगली मशरूम खाने से एक ही परिवार के दस बीमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह में जंगली (देशी) मशरूम खाने से एक ही परिवार के 10 लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए। बीमारों में तीन बच्चे और सात वयस्क शामिल हैं। मशरूम और रोटी खाने के कुछ ही देर बाद सभी को उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी और उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने सभी को गिरिडीह सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां आयुष्मान वार्ड में उनका इलाज चल रहा है।

जमुआ थाना अंतर्गत नवडीहा गांव में मंगलवार की सुबह जंगली खुखड़ी खाने से एक ही परिवार के आठ लोग बीमार हो गए। बीमार हुए लोगों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां सभी मरीजों का इलाज किया जा रहा है। जंगली खुखड़ी खाने से नवडीहा निवासी करीब 55 वर्षीय शांति देवी, 13 वर्षीय शिवम कुमार, 12 वर्षीय कृष्णा कुमार, 10 वर्षीय पीयूष कुमार, 22 वर्षीय अभिलाषा



कुमारी, 59 वर्षीय सहदेव प्रसाद वर्मा, 27 वर्षीय सिकंदर कुमार वर्मा, 25 वर्षीय नीलम कुमारी बीमार हुए हैं।

बताया गया कि मां शांति देवी मंगलवार की सुबह जंगल तरफ खेत गई थी। वहां उसने जमीन में उगी खुखड़ी को उखाड़ कर घर ले आई। घर में खुखड़ी को पका कर सभी सदस्यों ने खाया। थोड़ी देर के बाद एक एक कर सभी को उल्टी होने लगी और तबीयत खराब होने लगी। यह देख स्वजनों ने बीमार हुए सभी लोगों को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल ले आए।

# मजदूरों से भरा ट्रैक्टर पलटा, तीन की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** दो वक्त की रोटी के लिए धान की रोपनी करने निकली तीन महिलाओं को शायद यह अंदाजा भी नहीं था कि मंगलवार की सुबह उनकी जिंदगी की आखिरी सुबह साबित होगी। खेतों में हरियाली उगाने निकले मजदूरों का सफर कुछ हीं पलों में मौत की दर्दनाक दास्तान बन गया। भरगामा थाना क्षेत्र में मजदूरों से भरा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर किनारे गहरे गड्ढे में पलट गया। हादसे में तीन महिला मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। इस घटना ने घटनास्थल से लेकर मृतकों के गांव तक शोक की लहर दौड़ा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सिरसियाकला पंचायत के करीब 25 से 27 महिला-पुरुष मजदूर महिंद्रा ट्रैक्टर पर सवार होकर धान की रोपनी के लिए खेत जा रहे थे। ट्रैक्टर सिरसिया हनुमानगंज पंचायत के वार्ड संख्या-14 एवं रघुनाथपुर उत्तर पंचायत के वार्ड संख्या-13 की सीमा पर स्थित परिहारी-वैतरणी नहर के समीप पहुंचा हीं था कि नाबालिग ट्रैक्टर चालक का संतुलन बिगड़ गया। देखते हीं देखते ट्रैक्टर नहर किनारे गहरे गड्ढे में पलट गया और उस पर सवार मजदूर उसके नीचे दब गए। हादसा इतना भीषण था कि नैया देवी पति कारी मंडल और मीरा देवी पति बबलू मंडल ने घटनास्थल पर हीं दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल रंजू देवी पति किशोर मंडल ने भरगामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। तीनों मृतक महिलाएं सिरसियाकला पंचायत के वार्ड संख्या-4 की निवासी थीं। दुर्घटना में लालो देवी, सुनीता देवी,सरिता देवी,शांति देवी,रिंकू देवी,रीता देवी,मंजू देवी तथा पूजा कुमारी समेत कई अन्य मजदूर घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को तत्काल भरगामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। इस बीच नरपतगंज विधायक देवयंती यादव भी मौके पर पहुंची और अपनी गाड़ी से कई घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे की सूचना मिलते हीं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर के नीचे दबे मजदूरों को बाहर निकाला और राहत कार्य में जुट गए। उधर, जैसे हीं हादसे की खबर सिरसियाकला गांव पहुंची, तीनों परिवारों में कोहराम मच गया। जिन घरों से सुबह महिलाएं मजदूरी के लिए निकली थी, वहीं दोपहर तक उनके शव पहुंचने की खबर ने पूरे गांव को गम में डुबो दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। सूचना मिलते हीं भरगामा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की तथा पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, अररिया भेज दिया।

## शैक्षणिक सुविधाओं व छात्र हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का बीबीएमकेयू में धरना-प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धनबाद महानगर के नेतृत्व में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक समस्याओं एवं छात्रहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय भ्रमण पर पधारे झारखंड सरकार के माननीय उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के उच्च शिक्षा सचिव से अभाविप के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट कर उन्हें 12 सूत्री मांग-पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने उच्च शिक्षा सचिव को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय एवं इसके अंतर्गत संचालित महाविद्यालयों में अनेक शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अनियमितताएँ व्याप्त हैं, जिससे हजारों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। परिषद ने मांग की कि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। ज्ञापन के माध्यम से परिषद ने प्रमुख रूप से स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में मनमानी शुल्क वसूली पर रोक लगाकर पारदर्शी शुल्क व्यवस्था लागू करने एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों को समाप्त करने, विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में सीटों का समान वितरण सुनिश्चित करने, धनबाद एवं बोकारो के सभी सरकारी महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय के पुस्तकालयों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप आधुनिक एवं समृद्ध बनाने, तथा बोकारो जिले के सभी सरकारी महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर स्तर पर सभी विषयों की पढ़ाई प्रारंभ करने की मांग की।

इसके अतिरिक्त परिषद ने सभी सरकारी महाविद्यालयों में स्थायी




स्टूडेंट हेल्थ डेक्स की स्थापना, पीके राय मेमोरियल कॉलेज के भवन का जीर्णोद्धार एवं पुस्तकालय सुदृढ़ीकरण, एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय के पुस्तकालय में सुधार एवं हेल्प डेस्क की व्यवस्था, लॉ कॉलेज में एलएलएम की पढ़ाई प्रारंभ करने तथा बस सुविधा उपलब्ध कराने, बी.एस.एस. कॉलेज में नियमित प्राचार्य की नियुक्ति, कतरास कॉलेज में कुलाधिपति पोर्टल पर ओड़िया विषय को तत्काल जोड़ने, महुदा कॉलेज परिसर में अवैध रूप से संचालित डिग्री कॉलेज की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने, तथा विश्वविद्यालय के अंतर्गत सभी महाविद्यालयों में स्थायी आयोग से चयनित नियमित प्राचार्यों की नियुक्ति की भी मांग की।सभी मांगों को लेकर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंशु तिवारी ने कहा कि सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन मिली भगत से सरकार उच्च शिक्षा का राजनीतिक कारण तथा व्यवसायीकरण करने का काम जोरों से हो रहा हैं ।

विश्वविद्यालय मंत्री सचिन चंद्र ने कहा कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत जितने भी महाविद्यालय आते हैं किसी भी महाविद्यालय में स्थाई कमीशन प्रिंसिपल नियुक्त नहीं है जिससे महाविद्यालय के विकास एवं बच्चों के शैक्षिक कार्य के विकास में बहुत ही गहरा प्रभाव पड़ रहा है।

पीके राय महाविद्यालय की अभाविप मंत्री श्यामली आनंद ने कहा कि महाविद्यालयों में क्लस्टर सिस्टम एवं सेल्फ फाइनेंस कोर्स के प्रति बच्चों में अनेक प्रकार की भ्रांतियां हैं और बच्चों को इसमें दूर-दूर से आने जाने की समस्या एवं अत्यधिक मूल्य देने देकर पढने जैसी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

बताया गया कि जो कोर्स को पहले 5000 में पूरा किया जाता था आज इस कोर्स को पूरा करने के लिए 50000 से लेकर डेढ़ लाख तक की फीस वसूलने का काम विश्वविद्यालय प्रशासन कर रही है। उच्च शिक्षा सचिव ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विषयों पर आवश्यक कार्रवाई एवं समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

मौके पर प्रादेशिक विश्वविद्यालय सहसंयोजक शुभम हजारी, धनबाद ग्रामीण जिला संयोजक अनुभव शर्मा, पूर्व विभाग संयोजक सुधांशु गुप्ता, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विक्की ठाकुर, प्रियंका गोराई , आर्यन कुमार, धनबाद महानगर सह मंत्री जयेश राठौर, कार्यालय मंत्री अमित तिवारी पीके रॉक महाविद्यालय अध्यक्ष करीना कुमारी, हरगोविंद पाठक, सुनीता कुमारी, दिव्या श्रेष्ठ , संगीता कुमारी अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लॉर्ड्स में बेटियों का जलवा

## इंग्लैंड में अजेय अभियान जारी: अब महिलाओं के WTC का समय

**नई दिल्ली।** होम ऑफ क्रिकेट पर भारत की बेटियों ने कमाल कर दिया। महिला क्रिकेट की शुरुआत 1934 में हुई थी। 92 साल लग गए क्रिकेट के मक्का यानी लॉर्ड्स में पहले महिला टेस्ट मैच को देखने के लिए। इस ऐतिहासिक मैच में आमने-सामने थीं भारत और इंग्लैंड की महिला टीमें। भारतीय टीम ने इतिहास रचते हुए मेजबान इंग्लैंड टीम को 270 रन से हराया। इस जीत के साथ भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड में अपना टेस्ट क्रिकेट का अजेय क्रम भी जारी रखा है। अब उसके बाद यही सवाल है कि क्या अब महिलाओं के ङ्खञ्जष्ट (विश्व टेस्ट चैंपियनशिप) का समय आ चुका है? लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर पहला टेस्ट मैच 1884 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीमों के बीच हुआ था। 142 साल के इंतजार के बाद अब महिला क्रिकेट टीमों ने भी इस मैदान पर ऐतिहासिक टेस्ट मैच खेला। भारतीय महिला टीम ने नवंबर 2025 में वनडे वर्ल्ड कप जीतते हुए इतिहास रचा था। अब इस टीम ने टेस्ट क्रिकेट की दुनिया में भी इतिहास रच दिया है।

भारतीय टीम ने लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए ऐतिहासिक टेस्ट मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस शानदार जीत के बाद अब आवाज उठने लगी हैं, महिलाओं के ङ्खञ्जष्ट को लेकर। मगर एक चौंकाने वाली बात यह है कि महिला क्रिकेट में सिर्फ तीन देशों ने ही टेस्ट क्रिकेट खेला है। न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका जैसी शानदार टीमों ने अब तक एक भी टेस्ट मैच नहीं खेला है। भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के अलावा किसी भी देश की महिला टीम टेस्ट मैच नहीं खेली है।




### इंग्लैंड में एक भी टेस्ट मैच नहीं हारी भारतीय महिला टीम

भारतीय महिला क्रिकेट टीम का रेड बॉल क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन पिछले कुछ समय से लगातार जारी है। लॉर्ड्स में मिली इस ऐतिहासिक जीत का यह पल पिछले कुछ दिनों में भारत के शानदार प्रदर्शन को दर्शाता है। पिछले 11 टेस्ट मैचों में इंग्लैंड की सरजमीं पर भारतीय टीम ने सात जीत हासिल की हैं, जबकि तीन मैच ड्रॉ रहे हैं और सिर्फ एक में उसे हार मिली है। इंग्लैंड में भारतीय महिला टीम का यह 11वां टेस्ट मैच था। वह इंग्लैंड में इस फॉर्मेट में अब भी अजेय है।

### अब महिलाओं के WTC का समय...

ऐसे में सवाल यही है कि क्या यह महिलाओं के ङ्खञ्जष्ट का सही समय है? या फिर अब उससे पहले महिलाओं के टेस्ट क्रिकेट को आगे बढ़ाने का वक्त आ चुका है। एक तरफ वनडे, टी20 में महिला क्रिकेट पुरुष क्रिकेट की बराबरी कर रहा है। यहां तक की दुनियाभर की कई टी20 लीग में महिलाओं के भी संस्करण होने लगे हैं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के विश्व चैंपियन कोच और अपने समय में 11 हजार से ज्यादा फर्स्ट क्लास रन बनाने वाले अमोल मजूमदार ने भी इस पर प्रकाश डाला है। भारत की ऐतिहासिक जीत के बाद अमोल से महिलाओं से ङ्खञ्जष्ट को लेकर एक खास प्रश्न किया गया। उन्होंने इस जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफतौर पर कहा कि अगर महिलाओं का ङ्खञ्जष्ट होता है तो इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता। 'बिल्कुल हमें खुशी होगी अगर ऐसा हुआ मैंने हमेशा टेस्ट क्रिकेट को क्रिकेट का अल्टीमेट फॉर्मेट माना है। सिर्फ लीडरशिप ग्रुप ही नहीं जो नई खिलाड़ी भी आ रही हैं, सभी ने टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता दी है। इस साल हम तीन टेस्ट मैच खेल रहे हैं। एक हमने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था और अब इंग्लैंड से खेला। इसी साल एक टेस्ट दिसंबर में हम साउथ अफ्रीका में उनके खिलाफ खेलेंगे। तो एक साल में तीन टेस्ट मैच हम खेल रहे हैं तो क्यों नहीं? लेकिन मैं इस पर प्रकाश डालने वाला या निर्णय देने के लिए कोई नहीं हूं। हां, मुझे लगता है कि अगर ऐसा हुआ तो शानदार होगा।'

## 'गौतम गंभीर के कुछ पसंदीदा खिलाड़ी, उन्हें ही वह खिलाना चाहते'

### भारतीय क्रिकेटर का हेड कोच पर निशाना, वैभव के लिए भी कही यह बात

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम का प्रदर्शन टी20 क्रिकेट में पिछले 15 दिनों में बेहद शर्मनाक रहा है। आयरलैंड में 2-0 से हार और फिर इंग्लैंड दौरे पर 4-0 से सीरीज हारने के बाद हेड कोच गौतम गंभीर और टीम मैनेजमेंट पर कई सवाल उठ रहे हैं। इसी कड़ी में भारत के टेस्ट क्रिकेटर हनुमा विहारी ने कोच गंभीर पर निशाना साधा है। उन्होंने साफतौर पर कहा है कि गौतम गंभीर के कुछ पसंदीदा खिलाड़ी टीम में हैं जिन्हें टीम में जरूर लिया जाता है और खिलाया जाता है। कुछ महीनों पहले हर्षित राणा के नाम पर बहुत विवाद हुआ था लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से छाप छोड़ी है। वहीं अब वाशिंगटन सुंदर, शिवम दुबे और सूर्यांश शेडगे व रवि बिश्नोई का सेलेक्शन सवालों के घेरे में है। यह सवाल उठाए हैं विहारी ने अपने यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए। उन्होंने जमकर भारतीय हेड कोच को लताड़ा है और कई बातें बोली हैं। उन्होंने यह तक कहा है कि जो गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ी हैं वह टीम के लिए किसी काम के नहीं हैं।




### हनुमा विहारी का गंभीर पर हमला

हनुमान विहारी ने हेड कोच पर हमला करते हुए कहा, 'गौतम गंभीर के कुछ पसंदीदा खिलाड़ी हैं और वह (गंभीर) उन्हें ही टीम में लेना चाहते हैं और उन्हें ही खिलाना चाहते हैं। मुझे नहीं दिखता है कि यह खिलाड़ी टीम के किसी काम आ रहे हैं। मुझे नहीं समझ आ रहा है कि कुछ खिलाड़ी क्यों हैं टीम में। दुबे (शिवम) गेंदबाजी नहीं करते, फील्डिंग कर नहीं पाते और बैटिंग में भी अच्छा फॉर्म नहीं है।

## क्रांति-यास्तिका के नाम ऑनर बोर्ड पर दर्ज

**नई दिल्ली।** आखिरकार वह हो ही गया! एक बहुत ही खास मौके पर भारत की एक शानदार जीत! लॉर्ड्स को अपना पहला महिला टेस्ट मैच होस्ट करने में 142 साल लग गए और भारतीय महिला टीम ने इस ऐतिहासिक मैदान पर इंग्लैंड की महिला टीम को 270 रनों से हराकर इस मौके को यादगार बना दिया। हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम हर मामले में इंग्लैंड से बेहतर साबित हुई। चाहे वह बल्लेबाजी हो, गेंदबाजी हो या क्षेत्ररक्षण। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर इतिहास रच दिया



है। होम ऑफ क्रिकेट पर खेले गए पहले महिला टेस्ट मैच में भारतीय महिलाओं ने इतिहास रचा और मेजबान इंग्लैंड को करारी शिकस्त दी। भारत के लिए इस मैच में यास्तिका भाटिया ने शतक लगाया और क्रांति गौड़ ने पांच विकेट लेकर अपना नाम ऑनर बोर्ड पर दर्ज करवाया। दोनों महिला क्रिकेट में यहां ऑनर बोर्ड पर नाम दर्ज करवाने वाली पहली महिला क्रिकेटर्स हैं। लॉर्ड्स में खेले गए पहले महिला टेस्ट मैच में भारत का दबदबा ऐसा रहा मानो वह हमेशा से यहीं खेलते आया हो। भारतीय महिला टीम ने इस ऐतिहासिक टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 270 रनों से हराकर अपना नाम इतिहास के पन्नों पर अमर कर दिया है। इस मैच में यास्तिका भाटिया दूसरी पारी में 113 रन बनाकर स्टार बनीं, लेकिन स्मृति मंधाना 153 रन (83,70) बनाकर इस मैच की टॉप स्कोरर रहीं।

### रेड बॉल क्रिकेट में महिलाओं का दबदबा

रेड-बॉल क्रिकेट में भारत का दबदबा कायम है। जीत का यह पल पिछले कुछ दिनों में भारत के शानदार प्रदर्शन को दर्शाता है। पिछले 11 टेस्ट मैचों में टीम ने सात जीत हासिल की हैं, तीन मैच ड्रॉ रहे हैं और सिर्फ एक में हार मिली है। इंग्लैंड में भारतीय महिला टीम का यह 11वां टेस्ट मैच था। वह इंग्लैंड में इस फॉर्मेट में अब भी अजेय है।

## चेन्नई सुपर किंग्स और स्टीफेन फ्लेमिंग की राहें हुई जुदा

### 17 साल तक रहे कोच

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग की सबसे सफल फ्रेंचाइजियों में से एक चेन्नई सुपर किंग्स ने कोच बदलने का ऐलान कर दिया है। स्टीफेन फ्लेमिंग की हेड कोच पद से सोमवार (13 जुलाई) को छुट्टी हो गई। वह 17 साल तक पद पर रहे। स्टीफेन फ्लेमिंग 2008 में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ बतौर खिलाड़ी जुड़े थे। 2009 में कोच बन गए थे। इस दौरान फ्रेंचाइजी ने 5 खिताब जीते हैं। उसने 2 चैंपियंस लीग के खिताब भी जीते। फ्रेंचाइजी ने बयान में कहा, 'सुपर किंग्स और स्टीफेन फ्लेमिंग ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है, जिससे इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास की सबसे सफल और लंबे समय तक चलने वाली पार्टनरशिप खत्म हो गई है। फ्लेमिंग और सुपर किंग्स मैनेजमेंट के बीच खुली और ईमानदारी बातचीत के बाद सम्मान और आभार के साथ यह फैसला लिया गया।'



फ्लेमिंग ने क्या कहा? फ्लेमिंग ने कहा, '18 साल खेल में जीवन खपाना होता है और मैं शुक्रगुजार हूं। चेन्नई सुपर किंग्स के साथ मेरा सफर मेरे कोचिंग करियर का सबसे बड़ा पल रहा है। हमने जो कुछ भी हासिल किया है उस पर मुझे गर्व है। साथ मिलकर हमने यादगार जीत का जश्न मनाया। मुश्किल पलों से गुजरे और ऐसी यादें बनाईं जो हमेशा मेरे साथ रहेंगी।

### चेन्नई का खराब प्रदर्शन

फ्लेमिंग के कोच रहते हुए चेन्नई ने शानदार पल देखे। फ्रेंचाइजी ने उनके कोच रहते हुए 11 एडिशन में नॉकआउट और प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया। 2023 में खिताब जीतने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स ने पिछले तीन एडिशन में काफी खराब प्रदर्शन किया है।

## किलियन एम्बाप्पे और मेसी में कांटे की टक्कर



### हैरी केन 5वें पर, फीफा वर्ल्ड कप 'गोल्डन बूट' की रेस में बने हैं 5 खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप 2026 में सर्वाधिक गोल करने वाले छह खिलाड़ियों में से पांच खिलाड़ी अब भी मैदान में बने हुए हैं। इससे 'गोल्डन बूट' हासिल करने की दौड़ रोचक हो गई है। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनल मेसी और फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर किलियन एम्बाप्पे ने 8-8 गोल किए हैं। किलियन एम्बाप्पे ने तीन असिस्ट किये हैं, जबकि लियोनल मेसी ने दो असिस्ट किये हैं। यही वजह है कि किलियन एम्बाप्पे 'गोल्डन बूट' हासिल करने की दौड़ में सबसे आगे हैं। किलियन एम्बाप्पे और लियोनल मेसी दोनों खिलाड़ियों के बीच विश्व कप करियर में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड बनाने के लिए भी रोचक जंग चल रही है। लियोनल मेसी ने अब तक सभी विश्व कप में कुल मिलाकर 21 गोल किए हैं, जबकि किलियन एम्बाप्पे के नाम पर 20 गोल दर्ज हैं। मौजूदा टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में इन दोनों के बाद



नॉर्वे के एर्लिंग हॉलैंड का नंबर आता है। एर्लिंग हॉलैंड ने सात गोल किए हैं। हालांकि, अब उनके गोलों की संख्या बढ़ नहीं पाएगी, क्योंकि उनकी टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। इसके अलावा इंग्लैंड के जूड बेलिंगहम और हैरी केन भी दौड़ में हैं। हालांकि, हैरी केन एक स्थान खिसक गए हैं।

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के क्वार्टर फाइनल मुकाबले होने के बाद हैरी केन अब पांचवें नंबर पर हैं। जूड बेलिंगहम अप्रत्याशित रूप से चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। पहले वह नौवें स्थान पर थे। इंग्लैंड के मिडफील्डर जूड बेलिंगहम ने फुटबॉल विश्व कप 2026 में अब तक छह गोल किये हैं, जबकि एक असिस्ट भी किया है। इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन ने भी छह गोल किये हैं। उन्होंने भी एक असिस्ट किया है, लेकिन फीफा की गोल्डन बूट रेस टैली में वह पांचवें स्थान पर हैं।

### IPL 2027 से पहले RCB से होगी दिग्गज की विदाई?

## मैं बहुत हैरान...: कार्तिक

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की टेस्ट टीम में खलबली का असर अब आईपीएल तक पहुंचता दिख रहा है। ब्रेंडन मैकुल्लम के टेस्ट टीम से कोचिंग पद छोड़ने के बाद कई दिग्गजों के नाम लिस्ट में सामने आ रहे हैं। इसमें भारतीय दिग्गज राहुल द्रविड़ से लेकर जिम्बाब्वे के दिग्गज एंडी फ्लॉवर का भी नाम शामिल है। अब अटकलें ऐसी हैं कि अगर फ्लॉवर ने यह जिम्मेदारी संभाली तो आईपीएल 2027 से पहले वह आरसीबी से विदाई ले सकते हैं। इसको लेकर टीम के मौजूदा मेंटोर दिनेश




कार्तिक ने खास प्रतिक्रिया दी है।

टीम के बल्लेबाजी कोच और मेंटोर दिनेश कार्तिक ने इस बात को स्वीकारा है कि ब्रेंडन मैकुल्लम के बाद एंडी फ्लॉवर इंग्लैंड के टेस्ट हेड कोच के प्रबल दावेदार बन सकते हैं। मगर उन्होंने यह भी कहा है कि उसके लिए अगर वह आरसीबी का साथ छोड़ते हैं तो उन्हें हैरानी होगी। एंडी फ्लॉवर इससे पहले इंग्लैंड की टीम को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में टॉप पर और ऑस्ट्रेलिया में आखिरी एशेज जीत तक पहुंचा चुके हैं। ऐसे में उनका नाम अब दोबारा से इस पद के लिए प्रबल दावेदार के तौर पर सामने आ रहा है।

### क्या बोले दिनेश कार्तिक?




इसको लेकर दिनेश कार्तिक ने स्काई स्पोर्ट्स के साथ क्रिकेड पॉडकास्ट में बात करते हुए कहा, 'अगर गंभीरता से देखा जाए तो वह (एंडी फ्लॉवर) अच्छे विकल्प हो सकते हैं। वह बिल्कुल इस पद के लिए एक नाम हो सकते हैं लेकिन मैं बहुत हैरान हो जाऊंगा अगर वह इसे स्वीकार करते हैं, यह जानते हुए कि इंग्लैंड का शेड्यूल बहुत व्यस्त रहता है। वह अभी बहुत सारी लीग का हिस्सा हैं और मुझे पक्का पता है कि उनके पास वक्त नहीं है। उनके पास अभी आरसीबी के साथ साइन किया हुआ करार है इसलिए मुझे लगता है कि अगर वह ऐसा करेंगे तो वह कई टेस्ट मिस कर सकते हैं।' कार्तिक ने यह भी कहा, 'हालांकि, इंग्लैंड की तरफ से आईपीएल और टेस्ट क्रिकेट के बीच सामंजस्य बनाने की बात एक आर्टिकल में लिखी गई थी। लेकिन क्या यह इंग्लैंड के लिए ठीक होगा कि एशेज की तैयारी के बीच उनके हेड कोच कुछ मैचों के लिए मौजूद नहीं रहेंगे? मैंने सुना है कि अगले साल मई में इंग्लैंड को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच खेलना है और उस वक्त फ्लॉवर आरसीबी के साथ होंगे, जो एक बड़ी चुनौती हो सकता है। मुझे भरोसा है कि वह एक अच्छे कोच हैं लेकिन सवाल यह है कि उनके पास वक्त है या नहीं। अगर हां है वक्त तो मैं बहुत हैरान हो जाऊंगा।' एंडी फ्लॉवर ने आईपीएल 2024 से पहले तीन साल का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था।



## काला सूट, टाई और ब्लैक चश्मा

- **बॉस बेबी ने बताया किसने दिलाए कपड़े?**

**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी ने महज 15 साल की उम्र में अपना कद इतना ऊंचा बना लिया है कि वह जहां भी जाते हैं सुर्खियां बटोरते हैं। हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर 15 साल 99 दिन की उम्र में डेब्यू करके इतिहास रचने वाले बॉस बेबी का आगाज जहां खास नहीं रहा। वहीं उसके बाद वह विंबलडन फाइनल में पहुंचकर चर्चा में आ गए। वैभव सूर्यवंशी का लुक बेहद खास था और अभिषेक शर्मा व युवराज सिंह के साथ वह काफी बातें करते दिखे। इस दौरान उन्होंने अपने कपड़ों और लुक के पीछे का राज भी बताया। विंबलडन फाइनल देखने पहुंचे वैभव सूर्यवंशी ने इस दौरान काल सूट, टाई और ब्लैक चश्मा लगा रखा था। उनका लुक बेहतरीन था और वह एक मैच्योर पर्सन लग रहे थे। उनसे इस दौरान उनके

## विंबलडन फाइनल में छाए वैभव सूर्यवंशी

### किसने वैभव के लिए मंगवाए कपड़े?

वैभव सूर्यवंशी से जब उनके फैशन डिजाइन को लेकर पूछा गया तो उन्होंने बताया, 'नहीं नहीं मैंने कुछ किया नहीं। जल्दी-जल्दी में जो मिला मुझे, मैं डालकर (पहनकर) आ गया। मैंने अभिषेक भैया (अभिषेक शर्मा) से अरेंज करवाया।' इसके बाद वैभव ने अपने पसंदीदा टेनिस प्लेयर की बात करते हुए राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच का नाम लिया। इसके अलावा वैभव ने यानिक सिनर की तारीफ की। उन्होंने मैच से पहले ही सिनर का नाम विनर के लिए प्रेडिक्ट कर दिया था।



- **युवराज सिंह को बताया अपना आइडियल**- वैभव सूर्यवंशी ने इस दौरान दिग्गज युवराज सिंह से मुलाकात भी की। उन्होंने युवी को अपना आइडियल बताते हुए कहा, 'युवी पाजी भी मेरे आइडल हैं। उनसे पहली बार मिलना एक खास पल था। मुझे उनके साथ समय बिताने का मौका मिला और उन्होंने खेल के बारे में बहुत सारी बातें बताईं। उन्होंने खेल के मेंटल साइड, प्रेशर को कैसे हैंडल करें और खुद पर विश्वास करने के महत्व के बारे में बात की। उनके जैसे किसी से इतना कुछ सीखना बहुत अच्छा लगता है। मुझे यकीन है कि यह मेरे आगे के करियर में मेरी बहुत मदद करेगा।'
- **जिम्बाब्वे सीरीज में नजर आएंगे वैभव सूर्यवंशी**- अब वैभव सूर्यवंशी 23 जुलाई से 26 जुलाई तक जिम्बाब्वे दौरे पर होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए चर्चा में रहेंगे। इन तीनों मैच में वैभव को अभिषेक शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करने का मौका मिलेगा। इस दौरे के लिए संजू सैमसन टीम का हिस्सा नहीं हैं। इंग्लैंड में तीन मैचों में फ्लाप होने के बाद वैभव के पास इंटरनेशनल स्टेज पर चमक बिखेरने का मौका होगा।

# छापेमारी से लौट रही पुलिस टीम की ट्रेलर से भिड़ंत, एक जवान की मौत, तीन घायल

## पुलिस महकमे में शोक की लहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** धनबाद जिले के मैथन थाना क्षेत्र में छापेमारी कर लौट रही हजारीबाग जिले के चलकुसा थाना की पुलिस टीम मंगलवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई। इस दुर्घटना में एक पुलिस जवान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज धनबाद के बरामुड़ी स्थित अशर्फी अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार चलकुसा थाना की पुलिस टीम मैथन थाना क्षेत्र में छापेमारी की कार्रवाई पूरी कर सरकारी वाहन से वापस लौट रही थी। इसी दौरान सुबह करीब चार बजे बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत जोड़ा पीपल के समीप जीटी रोड पर पुलिस वाहन अनियंत्रित होकर पहले से सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में पुलिस जवान राम लखन यादव की मौत हो गई। वहीं नरेश कुमार, ग्रीन पासवान और गौरव कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को तत्काल बाहर निकालकर धनबाद के बरामुड़ी स्थित अशर्फी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों की निगरानी में घायलों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार हादसे का मुख्य कारण वाहन की तेज रफ्तार मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस वाहन काफी गति से चल रहा था, जिसके कारण चालक सड़क पर पहले से खड़े ट्रेलर को समय रहते नहीं देख सका और वाहन सीधे पीछे से ट्रेलर में जा घुसा। हादसे की भीषणता से वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बरवाअड्डा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटाकर यातायात सामान्य कराया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि ट्रेलर सड़क पर किस परिस्थिति में खड़ा था और सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं। इस हादसे में चलकुसा थाना के जवान राम लखन यादव की मौत की खबर से पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की जा रही है। घटना ने एक बार फिर हाईवे पर तेज रफ्तार और सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों से होने वाले हादसों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।




# इडी की कार्रवाई में 3.87 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रांची जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए लातेहार नक्सली हमले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में करीब 3.87 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया है। ईडी के अनुसार, यह कार्रवाई एम/एस संतोष कंस्ट्रक्शन तथा उससे जुड़े संतोष कुमार सिंह, मृत्युंजय कुमार उर्फ सोनू सिंह, मनीष कुमार, बैजनाथ गंझू, राजेश कुमार गंझू और रवींद्र गंझू की संपत्तियों पर की गई है। बताया गया कि यह कार्रवाई 22 नवंबर 2019 को झारखंड के लातेहार जिले में एनएच-75 के लुकुइया मोड़ पर हुए माओवादी हमले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के क्रम में की गई है। इस हमले में झारखंड पुलिस के चार जवान शहीद हो गए थे, जबकि माओवादियों ने पुलिस के हथियार और गोला-बारूद भी लूट लिए थे। ईडी का कहना है कि मामले की जांच धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जारी है और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर संबंधित संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया गया है।

# उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं, त्वरित समाधान के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव ने सोमवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जनता दरबार में भूमि विवाद, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल, सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न जनसुविधाओं से जुड़ी शिकायतें और आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई कर आवेदकों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा उन्होंने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है, जहां नागरिक बिना किसी मध्यस्थ के अपनी समस्याएं रख सकते हैं। जिला प्रशासन जनसरोकार से जुड़े मामलों के त्वरित और पारदर्शी समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# रेलवे इंजन के केबिन में लगेंगे एयर कंडीशनिंग सिस्टम

## भारतीय रेल के लोको पायलटों को गर्मी से मिलेगी राहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** भारतीय रेल ने लोको पायलट और सहायक लोको पायलट के कार्यस्थल को अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। रेल मंत्रालय के निर्देश के बाद देशभर के विद्युत और डीजल चालित लोको (इंजन) के चालक केबिन में चरणबद्ध तरीके से एयर कंडीशनिंग प्रणाली स्थापित की जा रही है। पूर्व रेलवे के जमालपुर लोको शेड में भी इस अभियान के तहत कार्य शुरू हो गया है और एक विद्युत लोको में एयर कंडीशनिंग प्रणाली लगाकर उसे परिचालन के लिए रवाना कर दिया गया है। जमालपुर लोको शेड के वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता कृष्ण कुमार दास ने बताया कि शेड में कुल 41 विद्युत और डीजल लोको में एयर कंडीशनिंग प्रणाली लगाने की योजना पर काम चल रहा है। इनमें से एक विद्युत लोको में प्रणाली स्थापित कर उसका सफल परीक्षण किया जा चुका है, जबकि शेष 40 लोको में भी चरणबद्ध तरीके से यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था के बाद बाहर का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक होने पर भी लोको पायलट और सहायक लोको पायलट केबिन के भीतर लगभग 25 डिग्री तापमान में कार्य कर सकेंगे। वहीं सर्दियों में केबिन हीटर की व्यवस्था के माध्यम से भी चालक दल को लगभग 25 डिग्री तापमान उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे भीषण शीतलहर के दौरान भी कार्य करना आसान होगा।,कृष्ण कुमार दास ने कहा कि अत्यधिक गर्मी और ठंड दोनों ही परिस्थितियों में लंबे समय तक इंजन संचालन करना चुनौतीपूर्ण होता है। चालक केबिन में नियंत्रित तापमान मिलने से लोको पायलट और सहायक लोको पायलट की कार्यक्षमता बढ़ेगी, थकान कम होगी और रेल संचालन की सुरक्षा एवं दक्षता में भी सकारात्मक सुधार आएगा। जमालपुर लोको शेड के कनीय अभियंता शेख जमालुद्दीन ने बताया कि विद्युत चालित लोको के चालक केबिन में एयर कंडीशनिंग प्रणाली स्थापित करने की पूरी प्रक्रिया तकनीकी मानकों के अनुरूप पूरी की गई है। उन्होंने बताया कि प्रणाली इस प्रकार विकसित की गई है कि इंजन के संचालन के दौरान भी यह प्रभावी ढंग से कार्य करती रहे। रेल अधिकारियों का मानना है कि चालक दल के लिए बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराने की यह पहल भारतीय रेल के आधुनिकीकरण अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे न केवल कर्मचारियों की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि सुरक्षित, दक्ष और निर्बाध रेल परिचालन को भी मजबूती मिलेगी।



# मतदाता सूची की शत-प्रतिशत शुद्धता पर दिया गया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर - 2026) अभियान के तहत मंगलवार को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएल ए-2 की दूसरी बैठक तथा चुनाव पाठशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह अद्यतन, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देश पर जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों, ईआरओ (इरो) एवं एईआरओ (ऐरो) ने अपने-अपने क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ और बी एलए -2 के साथ बैठक कर गणना प्रपत्रों की शत-प्रतिशत शुद्धता, समयबद्ध निष्पादन तथा त्रुटिरहित संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए बैठक में एएसडीडी (एब्सेंट , शिफ्टेड, डेड एवं डुप्लीकेट) मतदाताओं के सत्यापन, मतदाता सूची में नाम जोड़ने और विलोपन की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही बीएलओ और बीएलए2 के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर मतदाता सूची को पूरी तरह अद्यतन एवं विश्वसनीय बनाने पर विशेष जोर दिया गया। उपायुक्त रामनिवास यादव ने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण एवं अभियान की सतत मॉनिटरिंग करने का निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव की आधारशिला है। उन्होंने प्रत्येक गणना प्रपत्र का सावधानीपूर्वक सत्यापन कर निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों और समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा प्रत्येक मतदान केंद्र पर आयोजित बैठक में बीएलओ, बीएलए-2, जनप्रतिनिधियों एवं मतदाताओं से सुझाव और फीडबैक भी एकत्र करने के निर्देश दिए गए, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को और अधिक प्रभावी, सहभागी एवं पारदर्शी बनाया जा सके।जिला प्रशासन ने बताया कि एसआईआर-2026 अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्य पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ किए जा रहे हैं, जिससे मतदाता सूची को पूर्णतः अद्यतन और त्रुटिरहित बनाया जा सके।



# सभी मतदान केंद्रों पर द्वितीय बीएलओ एवं बीएलए 2 की बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण केवल पात्र भारतीय नागरिकों के लिए है, गैर भारतीय इस प्रक्रिया में भाग न लें यह दंडनीय अपराध है। गैर भारतीय को यदि इन्यूमरेशन फॉर्म प्राप्त होता है तो वो इसे बिना भरे एवं हस्ताक्षर किए उचित कारण बताकर बीएलओ को लौटा दें। श्री के. रवि कुमार मंगलवार को लोहरदगा में मतदान केंद्रों पर आयोजित बीएलओ एवं बीएलए 2 की बैठक एवं चुनाव पाठशाला में उपस्थित मतदाताओं को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित सभी बीएलओ, बीएलए, चुनाव पाठशाल के मेंबर्स के साथ मिलकर एसआईआर संबंधी उनके जानकारियों को जाना एवं बीएलओ को उनके कार्यों के लिए प्रोत्साहित भी किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राज्य के प्रत्येक मतदान केंद्रों पर बीएलए 2 की बैठक एवं चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया था, जिसमें बीएलओ द्वारा अपने मतदान केंद्र के एएसडीडी सूची को पढ़कर सुनाई गई। 22 जुलाई को बीएलओ एवं बीएलए 2 की तृतीय एवं अंतिम बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की कार्यवाही एवं फोटो भी बीएलओ ऐप के माध्यम से अपलोड किया जाएगा। 22 जुलाई की बैठक में एएसडीडी सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा जिसक 5 अगस्त को मतदाता सूची के ड्राफ्ट पब्लिकेशन के साथ साथ एएसडीडी सूची का भी प्रकाशन किया जाएगा। श्री के. रवि कुमार ने कहा कि वर्तमान मतदाता सूची के एक भी पात्र भारतीय नागरिक का नाम एसआईआर के ड्राफ्ट मतदाता सूची में न छुटे, एएसडीडी सूची को मूर्त रूप देते समय सभी बीएलओ एवं बीएलए 2 विशेष ध्यान रखकर कार्य करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रारूप मतदाता सूची से बाहर रहने वाली 5 श्रेणियां जिन्हें एएसडीडी सूची में डाला गया है एवं इन्हें प्रारूप मतदाता सूची से बाहर रखा जाएगा निम्न प्रकार हैः- ऐसे मतदाता जिनका नाम एक से अधिक जगह दर्ज है। वे जहाँ सामान्य रूप से रहते हैं, वहाँ के फॉर्म पर हस्ताक्षर करेंगे और बाकी जगहों के फॉर्म को बिना हस्ताक्षर किए कारण लिखकर बीएलओ को लौटा देंगे। मृत मतदाताओं के परिवार के सदस्य फॉर्म पर हस्ताक्षर किए बिना, कारण लिखकर बीएलओ को वापस करेंगे । जो मतदाता रोजगार, शादी या अन्य कारणों से स्थायी रूप से चले गए हैं। यदि पूरा परिवार शिफ्ट हो गया है, तो बीएलओ फील्ड वेरिफिकेशन के आधार पर फॉर्म पर कारण दर्ज करेंगें। ऐसे मतदाता जिनके बारे में स्थानीय लोगों या बीएलओ को कोई जानकारी नहीं है। बीएलओ जांच के बाद इनके फॉर्म पर कारण दर्ज कर बीएलओ ऐप पर अपलोड करेंगें। गैर भारतीय (चाहे कानूनी या अवैध रूप से रह रहे हों) भारत की मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सकते। उनसे उम्मीद की जाती है कि वे फॉर्म पर हस्ताक्षर न करें। फॉर्म पर हस्ताक्षर कर झूठी घोषणा देना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के धारा 31 के तहत दंडनीय अपराध है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के लोहरदगा भ्रमण के दौरान उन्होने मतदान केंद्र संख्या 259, 260,261, 272, 273 एवं 274 पर आयोजित बीएलओ एवं बीएलए 2 की बैठक एवं चुनाव पाठशाला में शामिल हुए। इस अवसर पर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा, निदेशक आईटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अमित कुमार, अतिरिक्त एईआरओ मुक्ति किंडो सहित सभी संबंधित बूथों के बीएलओ, बीएलए-2, बीएलओ सुपरवाइजर, वालंटियर एवं स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद थे।

# अज्ञात युवक का शव बरामद

**बेगूसराय।** थाना क्षेत्र के बरियाही कर नदी पुल के नीचे मंगलवार को लगभग 22 वर्षीय एक अज्ञात युवक का शव नदी में बहता हुआ दिखाई देने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों के अनुसार शव नग्न अवस्था में था और पश्चिम दिशा से तेज बहाव के साथ पूर्व दिशा की ओर बह रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने तत्काल शिवाजीनगर थाना को सूचना दी सूचना मिलते ही शिवाजीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और नदी से शव को बाहर निकालने का प्रयास किया। हालांकि नदी में जलस्तर अधिक होने तथा तेज बहाव के कारण पुलिस को सफलता नहीं मिल सकी। देखते ही देखते शव तेज धारा के साथ आगे पूर्व दिशा की ओर बह गया।

# प्रभारी बीइओ मेघा वर्मा ने संभाला पदभार, शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने को बताया प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** नावकोठी प्रखंड के प्रखंड संसाधन केंद्र भवन में मंगलवार को प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) के रूप में मेघा वर्मा ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। पूर्व प्रभारी बीईओ सह बीडीओ राहुल रंजन ने उन्हें विभागीय अभिलेख एवं कार्यभार सौंपा।पदभार ग्रहण के बाद बीआरसी परिसर में उपस्थित प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षा विभाग के कर्मियों ने मेघा वर्मा का पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। शिक्षकों एवं शिक्षण संस्थानों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा तथा शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुख बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि विद्यालय से छीजित एवं ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सभी प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों के सहयोग से कार्य किया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों से नियमित पठन-पाठन, समय पालन एवं विभागीय निर्देशों के अनुपालन पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उल्लेखनीय है कि मेघा वर्मा अपने मूल विभागीय दायित्वों के साथ-साथ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगी।

# औरंगाबाद चैंबर ऑफ कॉमर्स की मासिक बैठक में व्यापारियों के हितों पर मंथन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद चैंबर ऑफ कॉमर्स की मासिक बैठक सर्किट हाउस सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिले के व्यापारियों की समस्याओं, व्यापारिक विकास और संगठन को मजबूत बनाने सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बड़ी संख्या में चैंबर के पदाधिकारी एवं सदस्य बैठक में शामिल हुए। बैठक में व्यापारियों की सुरक्षा, व्यापार को बढ़ावा देने, जिले में नए उद्योगों की स्थापना, निवेश आकर्षित करने तथा स्थानीय व्यापारियों को उद्योग एवं निवेश योजनाओं से जोड़ने पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही मुख्य बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा विशेष रूप से ज्वेलर्स व्यवसायियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर व्यापारियों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने, जिले की आर्थिक गतिविधियों को गति देने तथा राज्य सरकार के समक्ष व्यापारियों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने पर भी चर्चा हुई। चैंबर ने संगठन के विस्तार के लिए जिलेभर में व्यापक सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया, ताकि अधिक से अधिक व्यापारियों को संगठन से जोड़कर उसकी मजबूती और प्रभावशीलता बढ़ाई जा सके। इस अवसर पर हाल ही में चैंबर से जुड़े नए सदस्यों का पुष्पगुच्छ एवं सम्मान-पत्र देकर स्वागत किया गया तथा उनसे व्यापारियों के हितों की रक्षा और संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। बैठक के अंत में चैंबर ऑफ कॉमर्स ने विश्वास व्यक्त किया कि व्यापारियों की एकजुटता और सहयोग से औरंगाबाद में व्यापार, उद्योग और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। अध्यक्षता अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने की।



# जिला शिक्षा पदाधिकारी का शिक्षक संघ ने किया अभिनंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार राज्य अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ, जिला इकाई औरंगाबाद की ओर से भाकपा कार्यालय, टिकरी रोड स्थित शिक्षक संघ कार्यालय में नवागंतुक जिला शिक्षा पदाधिकारी दया शंकर के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रकांत प्रसाद ने की, जबकि जिला मंत्री पुरुषोत्तम शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। स्वागत भाषण संयुक्त सचिव कौशल किशोर ने दिया। समारोह में शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी दया शंकर का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह से पूर्व जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए प्रखंड अध्यक्षों ने शिक्षकों की लंबित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इनमें नियोजित शिक्षकों की प्रोन्नति, एरियर भुगतान, आवास भत्ता, पीएम श्री विद्यालयों को उच्च विद्यालयों से जोड़ने सहित प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय अध्यापकों से संबंधित विभिन्न समस्याएं शामिल थीं। इन सभी मांगों का समेकित प्रतिवेदन जिला मंत्री पुरुषोत्तम शर्मा ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष चंद्रकांत प्रसाद ने कहा कि नए जिला शिक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में जिले के शिक्षकों की लंबित समस्याओं का समयबद्ध समाधान होगा तथा शिक्षा विभाग और शिक्षक संगठन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। अपने संबोधन में जिला शिक्षा पदाधिकारी दया शंकर ने कहा कि उनकी प्राथमिकता शिक्षकों एवं विद्यालयों की समस्याओं का त्वरित और सकारात्मक समाधान करना है। उन्होंने औरंगाबाद जिले के शिक्षकों की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें यहां सदैव सम्मान, सहयोग और स्नेह मिला है। उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। प्रोन्नति के मुद्दे पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि टीईटी उत्तीर्ण किए बिना प्रोन्नति का कोई प्रावधान नहीं है। कार्यक्रम में परिमल कुमार, राम निवास राम, राजेश कुमार, डॉ. जावेद आलम, देव प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष सिंह, उपाध्यक्ष चित्तरंजन कुमार गुप्ता, कमलेश यादव, मीडिया प्रभारी संजीत कुमार, राजेंद्र राम, उमा शंकर बैठा, श्रीमती शमशी सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।




# पीएचसी के समीप नवजात का शव बरामद

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पूरब स्थित एक खेत से मंगलवार को नवजात का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। काफी प्रयास के बावजूद नवजात की पहचान नहीं हो सकी।स्थानीय लोगों के अनुसार, आशंका जताई जा रही है कि किसी स्थान पर जन्म के बाद मृत नवजात को रात के अंधेरे में लाकर खेत में फेंक दिया गया। घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि सोमवार रात से मंगलवार दिन तक अस्पताल में किसी भी मृत शिशु का जन्म नहीं हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बरामद नवजात का पीएचसी से कोई संबंध नहीं है।घटना की सूचना मिलने पर नावकोठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बेगूसराय भेज दिया।

# दरभंगा में नई शाखा के साथ आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस ने बिहार में किया विस्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने दरभंगा और पटना में दो नई शाखाओं का उद्घाटन कर बिहार में अपने नेटवर्क का विस्तार किया है। कंपनी का कहना है कि दरभंगा शाखा के माध्यम से क्षेत्र के ग्राहकों को हाउसिंग फाइनेंस सेवाओं तक बेहतर पहुंच उपलब्ध होगी और घर खरीदने की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। नई शाखा के जरिए एबीएचएफएल किफायती गृह ऋण, प्रीमियम गृह ऋण, निर्माण वित्त तथा संपत्ति के बदले ऋण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। कंपनी के अनुसार, उसकी डिजिटल ऋण प्रक्रिया ग्राहकों को तेज, पारदर्शी और सुविधाजनक सेवा अनुभव प्रदान करेगी। शाखा के शुभारंभ के अवसर पर कंपनी 14 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक विशेष ऑफर के तहत शून्य लॉगिन फीस और 50 लाख रुपये तक के गृह ऋण की मौके पर मंजूरी की सुविधा दे रही है।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर जनसंख्या स्थिरता अभियान का शुभारंभ

## उपयुक्त ने किया परिवार नियोजन को जन-आंदोलन बनाने, मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं संतुलित जनसंख्या के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर मंगलवार को सदर अस्पताल स्थित सभागार में जनसंख्या स्थिरता अभियान-2026 के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त अजय नाथ झा,उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, सिविल सर्जन डॉ ए बी प्रसाद, डीएस डॉ. एन पी सिंह, डीआरसीएचओ डॉ सेलीना टूडू आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर परिवार नियोजन जन-जागरूकता रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।



अपने संबोधन में उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक परिवार नियोजन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा संतुलित जनसंख्या का संदेश पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मां और स्वस्थ शिशु समाज की सबसे महत्वपूर्ण मानव संसाधन हैं। प्रत्येक बच्चे को बेहतर पोषण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित वातावरण तथा माता-पिता का पर्याप्त समय और स्नेह मिलना चाहिए। छोटा एवं सुनियोजित परिवार बच्चों के समुचित पालन-पोषण एवं उनके सर्वांगीण विकास का आधार है। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूंजी है। परिवार नियोजन से जुड़ी भ्रांतियों एवं सामाजिक वर्जनाओं को दूर करना तथा अधिक जन्मदर वाले क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन केवल महिलाओं की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पुरुषों की भी समान भागीदारी आवश्यक है। साथ ही बेटियों की शिक्षा, सम्मान और समान अवसर सुनिश्चित करने पर बल देते हुए चिकित्सकों, सहिया, एएनएम एवं स्वास्थ्यकर्मियों से गांव-गांव और मोहल्लों तक जागरूकता का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस जनसंख्या संतुलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव बढ़ाती है, वहीं अत्यधिक कम जन्मदर भी सामाजिक एवं आर्थिक चुनौतियां उत्पन्न करती है। इसलिए संतुलित जनसंख्या विकास समय की आवश्यकता है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, महिला शिक्षा, परिवार नियोजन, परिवार परामर्श तथा बच्चों के बीच उचित अंतराल बनाए रखने के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में विश्व जनसंख्या दिवस-2026 की थीम युवा पीढ़ी की आशाएं और आकांक्षाएं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर कार्यक्रम में डॉ. अरविंद राधाकृष्णन ने कहा कि परिवार नियोजन का उद्देश्य केवल जनसंख्या नियंत्रण नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने जनसंख्या स्थिरीकरण में स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका की सराहना करते हुए अभियान को और प्रभावी बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर परिवार नियोजन एवं जनसंख्या स्थिरता अभियान के सफल क्रियान्वयन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों तथा परिवार नियोजन अपनाकर समाज में प्रेरक भूमिका निभाने वाले सफल दंपतियों को प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम में सुनी लोगों की समस्याएं

## प्राप्त कुल 28 आवेदनों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का दिया निर्देश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय सभागार में मंगलवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। कार्यक्रम के दौरान प्राप्त कुल 28 आवेदनों पर क्रमवार सुनवाई करते हुए उन्होंने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को सभी मामलों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि आम नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। सभी मामलों का समयबद्ध एवं संवेदनशील तरीके से निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत हेमलता बून, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सुचिता किरण, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह, संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्मियों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है सिन्टर प्लांट में उड़ने वाली धूल : बीएकेएस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ के सिन्टर विभाग की बैठक मंगलवार को इलेक्ट्रिकल रेस्ट रूम में संपन्न हुई । जिसमें विभाग के नियमित कर्मचारी भारी संख्या में उपस्थित हुए ।



बैठक में उपस्थित कर्मचारियों ने 2027 वेज रिवीजन, नई श्रम संहिता के अनुसार संयंत्र स्तर में कार्यसमिति निर्माण,2017 से लंबित वेज रिवीजन, एरियर, बोनस फॉमुर्ला में सुधार , इंसेंटीव फॉमुर्ला में सुधार , नए श्रम कानून को लागू करने से जुड़े मुद्दे पर चर्चा की। वही सिन्टर विभाग की एस्प्रेटर मशीन की परिचालन में भारी लीकेज होने कारण पूरे आयरन जोन तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी भारी मात्रा में उड़ने वाली धूल पर विशेष रूप से चर्चा हुई। सभी ने एक स्वर में कहा कि प्रबंधन रोज रोज जहर दे रही है जो कि हमारे सांसों के माध्यम से हमारे शरीर तक पहुंच प्रतिदिन हमें बीमार कर रहा है। वही प्रबंधन का ध्यान मात्र उत्पादन,उत्पादन और सिर्फ उत्पादन तक सीमित है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने यूनियन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर तानाशाह प्रबंधन के विरुद्ध संघर्ष में भागीदार बनने हेतु सहमति दी। बैठक अध्यक्ष दिलीप कुमार, महासचिव हरिओम , कोषाध्यक्ष राहुल प्रसाद साव , विभागिय प्रतिनिधि मो तनवीर आलम ने सभी सदस्यों को संबोधित किया ।

### कसमार में सात वर्षीय मासूम के साथ अप्राकृतिक यौनाचार, मामला दर्ज

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कसमार थाना से महज एक किलोमीटर की दूरी पर मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक गांव में सात वर्षीय मासूम बालक के साथ दो लड़कों द्वारा अप्राकृतिक यौनाचार (कुकर्म) किए जाने की लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। पीड़ित बच्चे की मां द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, करीब एक सप्ताह पहले उसका बेटा गांव में आम चुनने गया था। इसी दौरान गांव के ही दो लड़कों ने उसे पकड़ लिया और एक सुनसान जगह पर ले जाकर रस्सी से बांध दिया। इसके बाद आरोपियों ने मासूम के साथ क्रूरतापूर्वक अप्राकृतिक यौनाचार किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद से मासूम बुरी तरह डरा हुआ था और उसके गुप्तांग में तेज दर्द था, जिसके कारण उसने लोक-लाज और खौफ से घर में कुछ नहीं बताया। जब उसने स्थानीय मकतब (स्कूल) जाने से साफ मना कर दिया तो माँ ने कड़ाई से पूछताछ की। तब सहमे हुए बच्चे ने रोते हुए अपनी माँ को पूरी आपबीती सुनाई। पीड़िता की माँ का आरोप है कि घटना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने मकतब (स्कूल) के शिक्षकों से भी इसकी शिकायत की थी, लेकिन स्कूल प्रबंधन या शिक्षकों की ओर से इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया और न ही कोई कार्रवाई की गई।




### पेटरवार में सड़क हादसे में युवक घायल

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल स्थित पेटरवार थाना क्षेत्र के तेनुघाटझ्रपेटरवार मुख्य मार्ग में आई हॉस्पिटल के समीप सड़क हादसे में पवन मुण्डा (25) गंभीर रूप से घायल हो गए। वह पेटरवार के खत्री मोहल्ला निवासी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पवन मुण्डा खुटा बाबा से लौट रहे थे। इसी दौरान आई हॉस्पिटल के पास उनका संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर (माथे) में गंभीर चोट लग गई। स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेटरवार में भर्ती किया गया। जहां चिकित्सा पदाधिकारी कुंदन राज ने प्राथमिक उपचार

# 'बोकारो एक्शन प्लान' के अंतर्गत आदर्श पंचायतों को विकसित करने हेतु मंथन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सारथी नेटवर्क द्वारा चयनित ग्राम पंचायतों को 'बोकारो एक्शन प्लान' के अंतर्गत आदर्श, समावेशी एवं सतत विकास आधारित पंचायत के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से 'सारथी' झारखंड जस्ट ट्रांजिशन नेटवर्क, बोकारो तथा जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में स्वांग दक्षिणी पंचायत भवन के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य सतत विकास लक्ष्य को आधार बनाते हुए गोमिया क्लस्टर की 12 चयनित ग्राम पंचायतों के लिए स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप समग्र एवं सहभागी विकास योजना तैयार करना था। बैठक में चयनित पंचायतों के मुखिया, वार्ड सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता तथा पंचायत प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सारथी की ओर से सहयोगिनी के गौतम सागर, प्रदान की पीयूषमयी, गुलाब चंद्र, सफरोज खान एवं श्याम कुमार भारती ने बैठक में भाग लिया, जबकि पंच सूत्र फाउंडेशन की ओर से विनोद कुमार यादव ने बैठक का संचालन एवं समन्वय किया। बैठक में कृषि एवं पशुपालन विभाग सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं को पंचायत स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने तथा ग्राम पंचायत विकास योजना को स्थानीय संसाधनों एवं आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को प्रेरित करने के लिए लोहरदगा जिले की एक आदर्श ग्राम पंचायत के विकास पर आधारित प्रेरणादायक फिल्म भी प्रदर्शित की गई। कारी खुद पंचायत के मुखिया सोनाराम मुर्मू ने कहा कि बोकारो एक्शन प्लान के तहत उनके पंचायत में सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करते हुए जल, जंगल, जमीन, जैव विविधता एवं आजीविका के संरक्षण और विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सारथी के सहयोग से पंचायत के बौद्धिक एवं संस्थागत विकास को भी गति दी जाएगी। सियारी पंचायत के मुखिया रामवृक्ष मुर्मू ने कहा कि बिना योजनाबद्ध विकास के पंचायत को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। उन्होंने बताया कि 'कॉन्फ्रेंस ऑफ पंचायत' से प्राप्त अनुभवों के आधार पर अब बोकारो एक्शन प्लान के अंतर्गत पंचायत विकास की ठोस कार्ययोजना तैयार कर उसे धरातल पर लागू किया जाएगा। हजारी पंचायत की मुखिया तारामणि भोक्ता ने कहा कि उनके पंचायत में सतत विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन के संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए विकास योजनाएँ तैयार की जाएंगी। साथ ही पंचायत क्षेत्र में स्थित ओएनजीसी के गैस प्लांट को ध्यान में रखते हुए समावेशी एवं पर्यावरण-अनुकूल विकास मॉडल विकसित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। बेरमो से श्याम कुमार भारती ने कहा कि क्षेत्र में लगातार गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए जल संरक्षण की दिशा में विशेष प्रयास किए जाएंगे तथा पंचायतों में जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन को प्राथमिकता दी जाएगी। महुआटांड़ क्षेत्र से आए अजय कुमार महतो ने पंचायतों में कृषि एवं पशुपालन आधारित आजीविका को सशक्त बनाने पर बल देते हुए कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए इन क्षेत्रों में योजनाबद्ध निवेश और सामुदायिक पहल आवश्यक है।



# एसआइआर : डीईओ सह डीसी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, कहा कोई भी पात्र मतदाता सूची से नहीं छूटे

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत मंगलवार को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ एवं बीएलए-2 की बैठक एवं चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाना, बीएलओ एवं बीएलए 2 के बीच समन्वय स्थापित करना तथा त्रुटिरहित एएसडीडी ड्राफ्ट सूची तैयार करना था। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने मतदान केंद्र संख्या-328 से 331 (दीक्षा) का निरीक्षण किया तथा वहां आयोजित बीएलओ एवं बीएलए 2 की बैठक एवं चुनाव पाठशाला में शामिल हुए। उन्होंने बीएलओ एवं बीएलए-2 से अभियान की प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीईओ सह डीसी ने कहा कि एसआईआर-2026 लोकतंत्र को और अधिक सशक्त एवं विश्वसनीय बनाने की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यह लोकतंत्र की नींव है। चुनौती बड़ी अवश्य है, लेकिन सभी के सामूहिक प्रयास से निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्य पूरे किए जाएंगे। उन्होंने बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अभी काफी कार्य शेष है और सभी को पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ अभियान को आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना तथा यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से वंचित नहीं रहे। बीएलओ एवं बीएलए-2 आपसी समन्वय के साथ एएसडीडी ड्राफ्ट सूची तैयार करने का कार्य समयबद्ध सुनिश्चित करें। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बून, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह कार्यपालक दंडाधिकारी सत्यबाला सिन्हा, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



### आगरा की घटना के विरोध में धनबाद रेल मंडल के स्टेशन मास्टरों ने किया प्रदर्शन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय धनबाद के समक्ष ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन के बैनर तले धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में लगभग पचास स्टेशन मास्टरों ने भाग लिया। जिसमें धनबाद मंडल के रमेश महतो, केन्द्रीय उपाध्यक्ष, गौरी शंकर सिंह जोनल अध्यक्ष, एस के राय मंडल अध्यक्ष धनबाद एवं विकास कुमार मंडल सचिव मोहम्मद इ आलम मंडल वित्त सचिव धनबाद की अध्यक्षता में संपन्न सफल हुआ।आगरा कैंट के आर पी एफ द्वारा अमानवीय एवं कटुपूर्ण व्यवहार एवं बर्बरता पूर्वक स्टेशन मास्टर नरेन्द्र सिंह चाहर को घसीट कर ले जाने के विरोध में धनबाद के सभी स्टेशन मास्टरों ने एकजुट होकर एवं काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम को सफल करने में ईस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार साव, मंडल सचिव सुनील कुमार सिंह,संगठन मंत्री बी.आर सिंह, एआइजीसी के सभी सदस्यों एवं अन्य पदाधिकारीओं ने उपस्थित होकर भरपूर सहयोग एवं सर्मथन देकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक का रांची में निधन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड के पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मन्नान मल्लिक का मंगलवार को रांची के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह न्यायिक हिरासत में थे और इलाज के लिए रिम्स में भर्ती थे। अधिवक्ता अभय कुमार भट्ट ने उनके निधन की पुष्टि की है। मन्नान मल्लिक का पार्थिव शरीर पहले रांची कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में दर्शनार्थ रखा जाएगा। इसके बाद इसे विधानसभा ले जाया जाएगा। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार देर रात तक उनका पार्थिव शरीर धनबाद लाया जा सकता है। उनके निधन की खबर से जिले में शोक की लहर है।

**मटकुरिया गोलीकांड में हुई थी सजा**

दरअसल धनबाद का चर्चित मटकुरिया गोलीकांड मामले में शुक्रवार को अदालत ने मन्नान मल्लिक, उनके पुत्र और अन्य कई लोगों को दोषी करार दिया था। अदालत ने सभी को 3-3 साल की सजा सुनाई थी। लेकिन सजा सुनाए जाने के समय मन्नान मल्लिक रांची के अस्पताल में इलाजरत थे। बीमारी के कारण वह कोर्ट में उपस्थित नहीं हो सके थे और उनकी ओर से जमानत याचिका भी दाखिल नहीं की जा सकी। इसी वजह से वह न्यायिक हिरासत में थे और रांची में ही इलाज चल रहा था। मन्नान मल्लिक झारखंड की राजनीति में एक जाना-पहचाना नाम थे। वे कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री रहे। धनबाद में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती थी। वे हमेशा मजदूरों और आम लोगों के मुद्दों को उठाते रहे। उनके निधन से कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। उनके निधन की खबर मिलते ही कांग्रेस कार्यकताओं और समर्थकों की भीड़ रांची और धनबाद में जुटने लगी है। पार्टी नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार मन्नान मल्लिक का पार्थिव शरीर बुधवार को रांची प्रदेश कांग्रेस कार्यालय लाया जाएगा, जहां पार्टी कार्यकर्ता और आम लोग अंतिम दर्शन कर सकेंगे। इसके बाद पार्थिव शरीर को विधानसभा ले जाया जाएगा। वहां श्रद्धांजलि देने के बाद शव को धनबाद लाने की तैयारी है। धनबाद पहुंचने पर भी पार्टी कार्यालय और उनके आवास पर अंतिम दर्शन की व्यवस्था की जाएगी। अंतिम संस्कार उनके पैतृक स्थान पर किया जाएगा। मन्नान मल्लिक के निधन पर जिले के राजनीतिक, सामाजिक और व्यापारिक संगठनों ने भी शोक व्यक्त किया है।

# एसआइआर अभियान : प्रेमलता देवी एवं नीलम जायसवाल बनीं बीएलओ ऑफ द डे

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसआईआर-2026 अभियान के तहत सोमवार (13 जुलाई) को उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो बीएलओ को बीएलओ ऑफ द डे के रूप में चिन्हित किया गया है। चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या-83 की बीएलओ श्रीमती प्रेमलता देवी ने एक ही दिन में 706 गणना प्रपत्रों का वितरण कर सर्वाधिक प्रपत्र वितरित करने का उल्लेखनीय कार्य किया। उनके सुपरवाइजर श्री अशोक कुमार दास हैं। वहीं, गोमिया विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या-324 की बीएलओ श्रीमती नीलम जायसवाल ने एक ही दिन में 452 गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन कर सर्वाधिक डिजिटाइजेशन का रिकॉर्ड बनाया। उनके कार्य में सुपरवाइजर श्री विमल कुमार राय ने सक्रिय सहयोग किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त अजय नाथ झा ने दोनों बीएलओ एवं उनके सुपरवाइजर की सराहना करते हुए कहा कि एसआईआर-2026 अभियान की सफलता में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी बीएलओ से इसी समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।



# बीआईटी सिंदरी को रिसर्च संस्थान बनाने की तैयारी

## उच्च शिक्षा के इकोसिस्टम को मजबूत करेगी सरकार

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार मंगलवार को धनबाद पहुंचे। इस दौरान उन्होंने उपायुक्त आदित्य रंजन, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, बीआईटी सिंदरी के फैकल्टी और बीबीएमकेयू प्रबंधन के साथ बैठक की। बैठक में राज्य के उच्च शिक्षा तंत्र को मजबूत बनाने, बीआईटी सिंदरी को रिसर्च संस्थान के रूप में विकसित करने और शिक्षकों की कमी को दूर करने पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार ने कहा कि बीआईटी सिंदरी राज्य का एक प्रतिष्ठित और पुराना तकनीकी संस्थान है, जबकि बीबीएमकेयू एक नई यूनिवर्सिटी है। ऐसे में धनबाद के उच्च शिक्षा इकोसिस्टम को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह दौरा किया गया है। उन्होंने बताया कि बीआईटी सिंदरी को रिसर्च आधारित संस्थान के रूप में विकसित करने की दिशा में आवश्यक संसाधनों और कमियों की समीक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के सामने सबसे बड़ी चुनौती फैकल्टी की कमी है। राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम लागू होने के बाद अब यूनिवर्सिटी सर्विस कमीशन का गठन किया जाएगा, जिससे शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया तेज होगी। उम्मीद है कि अगले एक वर्ष के भीतर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। प्रधान सचिव ने कहा कि सरकार शिक्षण संस्थानों में नियमित शैक्षणिक सत्र, समय पर नामांकन और बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नए सिस्टम लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी और निजी संस्थानों की तुलना करने के बजाय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माहौल तैयार करना सरकार की प्राथमिकता है। धनबाद से सरकार की इस पहल का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों को आधुनिक और शोध आधारित बनाना है। यदि फैकल्टी की कमी दूर होती है और शैक्षणिक सत्र नियमित होते हैं, तो इसका सीधा लाभ राज्य के हजारों विद्यार्थियों को मिलेगा।



# बीएसएल में जीरो टॉलरेंस रूल्स के अनुपालन हेतु विशेष अभियान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कार्यस्थल पर सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सेल ने अपने सभी संयंत्रों एवं इकाइयों में ह्यजीरो टॉलरेंस रूल्सह्ल लागू कर दिए हैं। इन नियमों का उद्देश्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना, कार्यस्थल को सुरक्षित बनाना तथा प्रत्येक कर्मचारी और ठेका कर्मी के बीच सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। सेल जीरो टॉलरेंस रूल्स के तहत व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) जैसे सुरक्षा हेलमेट, सुरक्षा जूते, दस्ताने और सुरक्षा चश्मे का सही उपयोग, उपकरणों की मरम्मत या रखरखाव से पहले उचित आइसोलेशन, लॉक और वेरिफिकेशन, चलती मशीनरी के पास उचित गार्डिंग सुनिश्चित करने इत्यादि के नियमों की विस्तृत जानकारी एवं अनुपालन पर फोकस किया जा रहा है । गैस-संभावित क्षेत्रों में कार्य से पूर्व और कार्य के दौरान निरंतर गैस निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करना, ऊँचाई पर कार्य के दौरान सुरक्षा पहलुओं का समुचित पालन एवं आवश्यकतानुसार वैध हाइट-पास के साथ कार्य करने, तथा संकुचित स्थानों में अधिकृत परमिट एवं स्टैंडबाय व्यक्ति की उपस्थिति में ही प्रवेश करने से संबंधित नियमों के अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है । सड़क सुरक्षा के अंतर्गत, संयंत्र परिसर के भीतर वाहनों के लिए निर्धारित गति सीमा का कड़ाई से पालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने, सीट बेल्ट एवं चिन स्ट्रैप युक्त क्रैश हेलमेट का अनिवार्य उपयोग करने जैसी गाइडलाइंस को रेखांकित किया गया । जीरो टॉलरेंस रूल्स का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु नियमों के उल्लंघन की स्थिति में निर्धारित अनुशासनात्मक प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी । ऐसा देखा गया है कि सुरक्षित कार्य-व्यवहार अपनाकर ही कार्यस्थल को सुरक्षित बनाया जा सकता है। बीएसएल में भी इसी सोच के साथ 'जीरो टॉलरेंस' की अवधारणा को अपनाते हुए कार्यस्थल पर सुरक्षा संस्कृति विकसित करने का अभियान जारी है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति स्वयं और अपने सहकर्मियों की सुरक्षा के प्रति भी सजग रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK